RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 200 | ग्वालियर शनिवार 1 मार्च 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## किसान कल्याण मिशन बनेगा खेती को लाभ का धंधा बनाने का माध्यम: कृषि मंत्री श्री कंषाना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
रविन्द्र सिंह पवैया



मप्र के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसान कल्याण मिशन अंतर्गत किसानों की आय में वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह मिशन कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने का प्रमुख माध्यम बनेगा।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्राकृतिक कृषि के प्रसार एवं किसानों को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास बोर्ड का गठन किया गया है। प्राकृतिक खेती कर रहे एवं प्राकृतिक खेती के इच्छुक राज्य के किसानों के पंजीयन के लिए पोर्टल प्रारंभ किया गया है। पोर्टल पर प्राकृतिक खेती करने के इच्छुक कुल 72 हजार 967 किसानों ने पंजीयन करवाया है। प्रत्येक पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केन्द्र की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 81 लाख से अधिक किसानों को गत वर्ष चार हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का अंतरण किया गया है। रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों को एक हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 3 हजार 900 रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता दी जा रही है। शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन फसल ऋण के लिए इस वर्ष 600 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। विगत वर्ष में किसानों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं पर प्रति क्विंटल 125 रुपये का बोनस प्रदान किया गया।

देश में पहली बार राज्य सरकार ने सोयाबीन का 4 हजार 892 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने का निर्णय लिया। लगभग 2 लाख किसानों से प्रदेश में पहली बार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन का उपार्जन कर 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान किया गया। खरीफ-2024 में 1.23 लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणित बीज का वितरण किया गया। किसानों को उर्वरक प्रदाय करने के लिए केन्द्रों की संख्या बढ़ाने के साथ ही अमानक उर्वरक बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने और उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की भूमिका को सक्रिय बनाकर किसान हित सुनिश्चित किया गया।

मध्यप्रदेश को कृषि उत्पादन में निरंतर अग्रणी स्थान मिला है। सात बार कृषि कर्मण अवॉर्ड भी प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री सोलर पम्प योजना अब प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के नाम से लागू है। कृषकों को सौर ऊर्जा के लाभ से लाभान्वित करने के लिए प्रदेश में अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेने वाले लगभग सवा लाख किसानों को सौर ऊर्जा के पंप प्रदाय किये जाएँगे। अगले चार वर्ष में सौर ऊर्जा पम्प प्रदाय कर किसानों को विद्युत आपूर्ति में आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। किसानों को अधिक दाम प्रदान करने वाली फसलों को लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रदेश के सिंचित क्षेत्र का रकबा अगले पाँच वर्ष में 50 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक करोड़ लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य है। मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों का रकबा 26 लाख हेक्टेयर से अधिक है। संतरा, टमाटर, धनिया, लहसुन और मसाला उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है। प्रदेश में 50 हाइटेक नर्सरी बनाई जा रही हैं। नर्सरियों के कुशल प्रबंधन के लिए ई-नर्सरी पोर्टल भी तैयार किया गया है।

## शहर की मेघा को ताज महोत्सव में मिला सम्मान

कपिल गोयल
( केसरिया हिंदुस्तान )



**ग्वालियर** -= स्त्री और पुरुष को एक-दूसरे का पूरक समझा जाता है, लेकिन सिर्फ वे पूरक ही नहीं हैं बल्कि एक-दूसरे के प्रेरक भी हैं। यही वजह है कि यह सृष्टि चल रही है। आदि-शिव जिन्हें इस सृष्टि का मूल माना जाता है, वे - अर्धनारीश्वर हैं। शक्ति शिव में - विलीन है। शक्ति के बगैर शिव शव के समान हैं और शक्ति की उपस्थिति में शिव चैतन्य होकर सृष्टि के प्रेरक हो - जाते हैं। भगवान शिव के इस चरित्र को आगरा के ताज महोत्सव के मंच पर शहर की कथक नृत्यांगना मेघा सोनी ने शिव स्तुति %शिव ओम% के जरिए प्रस्तुत किया।

ग्वालियर की कथक नृत्यांगना मेघा सोनी ने ताज महोत्सव आगरा सूर सदन के मंच पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसमें उन्होनें नृत्य में सर्वप्रथम उठान एवं शिव स्तुति प्रस्तुत की। इसके पश्चात तीन ताल में रायगढ़ घराने की कुछ बोल बंदिशें प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। उप्र प्रदेश के सबसे बड़े सांस्कृतिक मंच पर जब 15 मिनट तक यह प्रस्तुति हुई तो दर्शक जगह से हिले भी नहीं। अंत में रायगढ़ घराने के महाराजा चक्रधर सिंह जी द्वारा रचित कृष्ण भजन से कार्यक्रम का समापन किया। सुश्री मेघा को संस्कार भारती के अखिल भारती के संयोजक श्री बांके लाल जी एवं ताज महोत्सव समिति संयोजक श्री मधुकर चतुर्वेदी ने सम्मानित

## उपनगर ग्वालियर में विकास की श्रृंखला लगातार जारी रहेगी : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 13 में लगभग 1.42 करोड के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

केसरीया हिंदुस्तान



ग्वालियर 28 फरवरी 2025/ ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार जारी रहेगी। यहां की बस्तियों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल व सीवर जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। श्री तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड 13 में लगभग एक करोड 42 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों के भूमि पूजन अवसर पर यह बात कही। उन्होंने आमजन से शहर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग देने की भी अपील की।

मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 13 में 01 करोड 41 लाख 50 हजार रूपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। जिसमें समुदायिक भवन कोटा वाला मौहल्ला लागत राशि 10 लाख रूपये, सी.सी. रोड तानसेन नगर ई. ब्लॉक में लागत राशि 12 लाख 50 हजार रूपये, सी.सी. रोड लोहामण्डी एवं तानसेन नगर बी. ब्लॉक राशि 5 लाख रूपये, नाली एवं सी.सी. मरम्मत कार्य विभिन्न गलियों में लागत राशि 10 लाख रूपये, सी.सी. रोड लोहामण्डी ग्यासी आटा चक्की कोटा वाला मौहल्ला, पवन उपाध्याय की गली, फोर्ट रोड, दयाल स्टूडियो वाली गली, मायाचन्द धर्मशाला के पीछे, हजीरा अलीगढ़ मिष्ठान भण्डार के बगल वाली गली लागत राशि राशि 33 लाख रूपये, तानसेन नगर, सी.सी. रोड लागत राशि राशि 20 लाख रूपये, सी.सी. रोड तानसेन नगर, डॉ. सोनकर की गली लागत राशि 9 लाख रूपये, सी.सी. रोड तानसेन नगर, आजाद त्रिपाठी वाली गली लागत राशि राशि 22 लाख रूपये एवं सी.सी. रोड तानसेन नगर राजीव कुशवाह वाली गली में 20 लाख रूपये की राशि से निर्माण कार्य शामिल हैं। भूमि पूजन के अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिधि श्री दिनेश सिकरवार, श्री महेश उमरैया, श्री प्रदीप, श्री ओमप्रकाश नामदेव, श्री गुड्डू रत्नाकर, श्री सुरेश सिकरवार, श्री आजाद त्रिपाटी, श्री हरिनारायण श्रीवास्तव सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

## जन समस्या समाधान पदयात्रा को मिल रहा है आम जन का समर्थन

### आमजन की समस्या को लेकर निकाली जा रही है समाधान पदयात्रा : भूपेंद्र कराना

अशोक सोनी केसरिया
हिंदुस्तान




**भिंड**-/- जन समाधान पदयात्रा चंबल पुल से भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुई समाजसेवी भूपेंद्र करना के नेतृत्व में यह पदयात्रा जन समस्याओं को लेकर निकाली जा रही है समाधान पदयात्रा में आम जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है समाधान पदयात्रा के संयोजक भूपेंद्र कराना के द्वारा गया बताया गया कि यह पदयात्रा भिंड राजमार्ग को सिक्स लेन करने के साथही अन्य समस्याओं के लिए निकाली जा रही है जो आमजन के लिए हितेषी हैं देखने में आ रहा है कि भिंड हाईवे पर आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं जिससे कई परिवार बिखर गए हैं जिसके घर से व्यक्ति कमाने के लिए निकलता है और शाम को पता पड़ता है कि उसका एक्सीडेंट हो गया है इस भिंड रोड पर आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं इस समस्या को देखते हुए यह समाधान पदयात्रा चंबल पुल से प्रारंभ होकर ग ग्वालियर मुरैना आगरा मार्ग से होते हुए दिल्ली पर इसका समापन होगा हमारी समाधान पदयात्रा भिंड पहुंची है यहां पर आम जनता का बहुत-बहुत सहयोग मिल रहा है भूपेंद्र कराना के द्वारा आमजन से अपील है कि हमारी इस कोशिश में आप सभी सहयोग करें और इस पदयात्रा को सफल बनावे जिससे आमजन को भला होवे

## नगर पालिका चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से करवाने के लिए शराब की दुकानें रहेंगी बंद

### जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने आदेश पारित कर नगर पालिका तावडू व साथ लगते क्षेत्र में प्रभावी किए आदेश





**नूंहनीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।** जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने नगर पालिका तावडू चुनाव के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत रविवार 2 मार्च को होने वाले आम चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान से 48 घंटे पूर्व यानी 28 फरवरी को सायं 6 बजे से दो मार्च सायं 6 बजे तक तथा मतगणना के दिन से 12 मार्च नगर पालिका तावडू व साथ लगते क्षेत्र में आदेश प्रभावी कर सभी शराब की दुकानें बंद रखने के आदेश पारित किए हैं।

जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि जिला प्रशासन नूंह नगर पालिका चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 सी के बारे में बताया कि मतदान की समाप्ति के 48 घंटों की अवधि के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में शराब खाने, दुकानों या अन्य किसी स्थान, सार्वजनिक या निजी होटल पर शराब बेचना या परोसना प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने या परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को उपरोक्त दिनों में किसी को भी शराब बेचने/परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैर-मालिकाना क्लब, स्टार होटल, रेस्तरां आदि और होटल शराब रखने और आपूर्ति के लिए लाइसेंस की विभिन्न श्रेणियों के तहत काम करने वालों को भी उक्त दिनों में शराब परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## श्री दादाजी धाम में निःशुल्क आदर्श सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

केसरिया हिन्दुस्तान



श्री दादा जी धाम सत्संग सेवा समिति द्वारा आयोजित निशुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में कल 1 मार्च फुलेरा दूज पर श्री दादाजी धाम सत्संग सेवा समिति द्वारा निशुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए समिति के सचिव श्री दयाल दास ने बताया प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री दादा जी धाम सत्संग सेवा समिति द्वारा परम् पूज्य संत जगद्गुरु स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में निशुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 1 मार्च फुलेरा दूज पर महाराज बाड़े पर श्री धर्मपुरी मंदिर दादाजी धाम परिसर में किया जा रहा है। इस अवसर पर 15 जोड़ों का विवाह पूर्ण सनातन पद्धति से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न होगा। *श्री श्री 1008 रावतपुरा सरकार पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज एवं जगद्गुरु स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज नवदम्पत्ति को शुभाशीर्वाद देंगे।नवविवाहित युगल को सुहाग का सामान, मंगलसूत्र , चांदी के बिछिए,लौंग,पायल,वर वधू को वस्त्र आभूषण, 21 बर्तन,पलंग, बिस्तर सेट, श्रृंगार का सामान, एल ई डी टीवी, अलमारी,कूलर, घड़ी व अन्य सामान उपहार स्वरुप भेंट दिए जाएंगे।जो भी अपने विवाह योग्य बेटे बेटियों का विवाह करना चाहते हों वह श्री दादाजी धाम धर्मपुरी मंदिर में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## पुवारका ब्लॉक के माहेश्वरी खुर्द में सरकार द्वारा सभी योजनाओं का मिल रहा है लाभ

### सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं को अपने गांव में लाने का करूंगा हर संभव प्रयास-- इरसाद अली प्रधान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम



पुवरका ब्लॉक के ग्राम माहेश्वरी खुर्द में जल जीवन मिशन पूरी तरह फैल- जल जीवन मिशन के तहत बनने वाली पानी की टंकी हर घर जल योजना ग्राम माहेश्वरी खुर्द में पूरी तरह फैल सड़के जर्जर हालत में ग्राम प्रधान इरशाद अली ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं लिया गया कोई संज्ञान आपको बता दे की विधानसभा सत्र के दौरान भी देहात विधानसभा सहारनपुर से विधायक आशु मलिक ने भी यह मुद्दा उठाया था ग्राम प्रधान ने बताया गांव के विकास में जल जीवन मिशन की इस योजना से रुकावट आ रही है अधिकारी कोई संज्ञान नहीं लेते अब सवाल यह है करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली जल जीवन मिशन के तहत यह टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई। तालाब को लेकर ग्राम प्रधान ने कहा सरकार के द्वारा चलाई जा रही अमृत सरोवर योजना में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा गया लेकिन प्रस्ताव पास नहीं हुआ प्राथमिक विद्यालय माहेश्वरी खुर्द में ग्राम प्रधान इरशाद अली ने कराया रिकॉर्ड तोड़ कराया विकास जिसकी आम जनता भी कर रही है सराहना ग्राम प्रधान ने कहा करोना जैसे महामारी में भी जनता की हर तरह से मदद की ओर अपने गांव में सरकार के द्वारा चलाई सभी योजना जायदा से जायदा लाने का प्रयास करूगा

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शनिवार 1 मार्च 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# " देश के नाम संदेश मेरे प्यारे देशवासियों "



मुझे पता है कि बिना पैसे किसी का भी घर नहीं चलता, लेकिन सिर्फ मुफ्त की चीजों से भी घर नहीं चल सकता। यह एक अटल सत्य है। इतिहास उठाकर देखें तो जिन लोगों को मुफ्त में बहुत कुछ मिला, वे बाद में कंगाल हो गए। इसका कारण यह था कि उन्होंने मेहनत करना बंद कर दिया और इसी वजह से कई परिवार टूट गए। आज के समय में 70त्न परिवारों में तलाक के मामले बढ़ रहे हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों हो रहा है?

हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहाँ हर नागरिक को अपने अधिकार प्राप्त करने का हक है। लेकिन आज हमारी राजनीतिक पार्टियाँ लोगों को फ्रीबीज़ (मुफ्त सुविधाओं) का लालच देकर वोट मांगने की परंपरा अपना चुकी हैं। इसका नतीजा यह है कि देश की आर्थिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लोग सोचने लगे हैं कि जब सब कुछ मुफ्त में मिल रहा है, तो मेहनत क्यों करें?

लेकिन यह भूलना नहीं चाहिए कि लालच से मिली चीजें कभी भी आपके लिए लाभकारी नहीं हो सकतीं। इससे न केवल आपकी कार्यक्षमता पर असर पड़ता है, बल्कि आपके परिवारिक जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब किसी को मुफ्त का खाना और सुविधाएँ मिलती रहती हैं, तो वे धीरे-धीरे परिश्रम करना छोड़ देते हैं। इससे उनका परिवार उनसे दूर होने लगता है, और नतीजा तलाक के बढ़ते मामलों के रूप में दिखता है। अगर आपको सबूत चाहिए, तो किसी भी फैमिली कोर्ट में जाकर देख सकते हैं। वहाँ आपको समझ में आ जाएगा कि कैसे लोग अपनी ज़मीन और परिवार दोनों को खो रहे हैं। और इसका मुख्य कारण वही लालच है, जो चुनाव के दौरान दिया जाता है। इसके चलते न तो आप एक अच्छे नेता का चयन कर पाते हैं, और न ही आपके क्षेत्र का विकास हो पाता है। इसलिए, जागरूक बनिए और स्वच्छ व ईमानदार सरकार चुनने में अपनी भूमिका निभाइए, ताकि देश की प्रगति के साथ-साथ आपका भी विकास हो सके। यह मेरे व्यक्तिगत विचार हैं, हो सकता है कि आप मुझसे सहमत न हों, लेकिन मुझे लगा कि आपको इस सच्चाई से अवगत कराना जरूरी है।

**आपका शुभचिंतक**
**समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया**
**संस्थापक, जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी, ग्वालियर, मध्य प्रदेश**

# शहर की पिछड़ी बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिये सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री कुशवाह

## मंत्री कुशवाह ने ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की बस्तियों में कन्याओं से कराया दो सड़कों का भूमिपूजन

**ग्वालिय।** शहरी क्षेत्र की पिछड़ी बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के लिये कायाकल्प योजना चलाई जा रही है। यह बात उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह शुक्रवार को ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड-37 में कायाकल्प योजना के तहत बनने जा रहीं दो सड़कों का भूमिपूजन करने पहुँचे थे। उन्होंने स्थानीय कन्याओं से इन सड़कों का भूमिपूजन कराया। मंत्री श्री कुशवाह ने वार्ड-37 के अंतर्गत मुलादास की खो फुलझड़ी कारखाने के पीछे लक्ष्मीगंज में एक करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से बनने जा रही सड़क का भूमिपूजन कन्याओं से कराया।



इसी तरह उन्होंने निम्माजी की खो जीवाजीगंज की विभिन्न गलियों में 45 लाख रूपए की लागत की सड़क का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती अनीता मुकेश धाकड़ तथा सर्वश्री सत्यपाल जादौन, मुकेश परिहार व श्रीमती ज्योति इमले सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

## भगवत सहाय महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेंगे ऊर्जा मंत्री

**केसरीया हिंदुस्तान**

ग्वालियर 28 फरवरी 2025 । ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शनिवार 1 मार्च को भगवत सहाय महाविद्यालय में दोपहर 12 बजे आयोजित वार्षिकोत्सव एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों के पुरस्कार वितरण समारोह में शिरकत करेंगे।

# शिवरात्रि पर्व पर गोस्वामी समाज विकास संगठन के द्वारा निकाला गया भव्य चल समारोह

**दतिया।** शिवरात्रि के महापर्व पर इंदरगढ़ में गोस्वामी समाज विकास संगठन की तरफ से भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया इस चल समारोह में मुख्य रूप से मनमोहक झांकियां रही जो सनातन धर्म की ओर आकर्षित कर रही थी इस चल समारोह में मुख्य रूप से बोरेश्वर धाम के महंत श्री सतीश महाराज जी पधारे चल समारोह का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया इस चल



समारोह में राष्ट्रीय संस्थापक नंदकिशोर गोस्वामी रामस्वरूप गोस्वामी इंदरगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी मनोज गोस्वामी राष्ट्रीय संगठन मंत्री संतोष गोस्वामी वरिष्ठ समाजसेवी संजय गोस्वामी सोनू गोस्वामी नीरज गोस्वामी भरत गोस्वामी बृजमोहन गोस्वामी सचिन गोस्वामी समाज विकास संगठन ग्वालियर एवं सभी धार्मिक धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे अन्य भक्तों के द्वारा द्वारा जगह-जगह चल समारोह का स्वागत किया गया।

# कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं संचालित

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं संचालित पाई गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने श्योपुर स्थित अशासकीय अल्फा इंग्लिश स्कूल तथा अशासकीय सरस्वती विद्या मंदिर में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई। अशासकीय अल्फा इंग्लिश स्कूल स्थित परीक्षा केन्द्र पर 441 विद्यार्थी परीक्षार्थी के रूप में दर्ज थे, जिनमें से 440 उपस्थित रहें तथा एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। इस अवसर पर परीक्षा केन्द्र के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्ष श्री हसीर खान ने बताया कि 12वी बोर्ड की परीक्षा अंतर्गत अंग्रेजी विषय तथा 10वी बोर्ड की परीक्षा अंतर्गत उर्दू विषय की परीक्षा संचालित है। 10वी बोर्ड



की उर्दू विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 14 परीक्षार्थियों में से 13 उपस्थित रहें है तथा एक परीक्षार्थी अनपुस्थित है। इसी प्रकार सरस्वती विद्या मंदिर स्थित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष श्री जेपी जाटव ने बताया कि 12वी बोर्ड की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में सभी 138 परीक्षार्थी उपस्थित रहें। 10वी बोर्ड के लिए आयोजित उर्दू विषय की परीक्षा में भी सभी 34 परीक्षार्थी उपस्थित रहे है। परीक्षा केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री मनोज गढवाल, सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर भी उपस्थित रहें।

उल्लेखनीय है कि 12वी बोर्ड की परीक्षा के लिए जिले में 32 तथा 10वी बोर्ड परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, सभी परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारियों को भी नियुक्त किया गया है। 12वी बोर्ड के अंग्रेजी विषय के पेपर के लिए 31 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई परीक्षा में कुल 4 हजार 59 परीक्षार्थियों में से 3 हजार 995 परीक्षार्थी शामिल हुए। 64 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। इसी प्रकार 10वी बोर्ड के लिए आयोजित उर्दू विषय की परीक्षा में कुल 114 परीक्षार्थियों में से 112 परीक्षार्थी शामिल हुए।

# अधिकारियों ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार जिले में संचालित बोर्ड परीक्षाओं अंतर्गत अधिकारियों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। परीवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर (प्रभारी तहसीलदार कराहल) श्री विजय शाक्य द्वारा मॉडल स्कूल कराहल स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा द्वारा शासकीय उत्कृष्ट हायर



सैकेण्डरी विद्यालय कराहल तथा शासकीय मॉडल स्कूल कराहल तथा सीईओ जनपद विजयपुर श्री आफिसर सिंह गुर्जर द्वारा इकलौद एवं अगरा में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

# सीएम हेल्पलाइन का समय सीमा में निराकरण करने हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के समय सीमा में सकारात्मक निराकरण किये जाने के संबंध में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए उन्मुखीकरण हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान लोकसेवा प्रबंधक श्री योगेश पुरोहित द्वारा सीएम हेल्पलाइन के पोर्टल को रन करने के संबंध में अवगत कराते हुए जानकारी दी कि पोर्टल पर 181, जनसुनवाई, समाधान आदि माध्यम से शिकायते प्राप्त होती है, इसके निराकरण के लिए विभिन्न स्तर निर्धारित है तथा एल-1 से लेकर एल-4 तक के स्तर के लिए समय सीमा निर्धारित है। इसलिए एल-1 के अधिकारी ध्यान रखे



कि बगैर नोट अटेन्ड शिकायते अगले स्तर पर न जायें। उन्होने बताया कि शासन की मंशानुरूप गंभीरता के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जायें। इस दौरान अधिकारियों को शिकायते पोर्टल पर प्राप्त करने, अटेन्ड करने, समय सीमा में उत्तर भरने तथा एक जैसी शिकायतों को मर्ज करने आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला योजना अधिकारी डॉ सुनील चौहान, सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार, सीईओ जनपद श्योपुर श्री एसएस भटनागर, कराहल श्री राकेश शर्मा, सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री रिशु सुमन, डीपीएम एनआरएलएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल, बीईओ श्योपुर श्रीमती मधु शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर द्वारा शनि मंदिर पहुँचकर चल रहे निर्माण कार्यो अवलोकन किया गया

**मुरैना।** शनिश्चरी अमावस्या 29 मार्च, 2025 को है, जिसे ध्यान में रखते हुये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने शुक्रवार को शनि मंदिर पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्यो का अवलोकन किया। अवलोकन के पश्चात् उन्होंने निर्माण एजेन्सी को निर्देश दिये कि शनि मेले को ध्यान में रखते हुये निर्माण कार्यो में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को निर्माण कार्यो से असुविधा न हो, इसलिये निर्माण एजेन्सी प्राथमिकता से कार्यो को पूरा करें। इस अवसर पर डीएफओ श्री सुरजीत जे. पाटिल, एसडीएम मुरैना श्री बीएस कुशवाह, ईआरईएस श्री सुमन, तहसीलदार बानमोर श्री भरत कुशवाह सहित अन्य निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# समृद्धि योजना अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**अनुपपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा समृद्धि योजनान्तर्गत स्वैच्छिक संगठनों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद समाजसेवा के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में सहायता कर रहा है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र मे जिला समन्वयक श्री उमेश पांडेय द्वारा प्रशिक्षण का उद्देश्य परिषद का परिचय, साथ ही परिषद द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में जी.एस हितकारिणी संस्था कोतमा के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह ने स्वैच्छिक संगठनों की संरचना




एवं महत्वपूर्ण पंजीयन, दस्तावेजीकरण, तृतीय सत्र में हार्ड संस्था कोतमा के अध्यक्ष श्री सुशील शर्मा ने स्वैच्छिक संगठनों के महत्वपूर्ण अधिनियमों में पंजीयन के बारे में, चतुर्थ सत्र में प्रणाम नर्मदा युवा संघ अमरकंटक के अध्यक्ष श्री विकास सिंह चंदेल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई। इसी तरह पांचवें सत्र में श्री भारत राठौर ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदर्श ग्राम की परिकल्पना को वास्तविकता में बदलने के लिए सरकार, सामाजिक संगठनों और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग की आवश्यकता है। छठे सत्र में जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण जिला पंचायत अनूपपुर श्री संदीप शुक्ला ने सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रभाव का आकलन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रभाव का आकलन एक प्रक्रिया है जिसमें किसी संगठन या परियोजना के सामाजिक प्रभाव का मूल्यांकन किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल तथा अपर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार पांडेय ने भारत मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री पुष्पेन्द्र नामदेव ने किया। आभार प्रदर्शन जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक सरीमन साकेत द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष श्री सुनील चौरसिया, श्रीमती रश्मि खरे, नगर परिषद बरगवां के उपाध्यक्ष श्री राज तिवारी, श्री सत्यनारायण सोनी सहित प्रस्फुटन समिति सदस्य, नवांकुर समिति सदस्य, सहित अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे ।

# परिवार को स्वस्थ्य और सुखी बनाने के लिये परिवार नियोजन अवश्य अपनायें

**मुरैना।** जिला चिकित्सालय मुरैना में शासकीय अवकाश को छोड़कर शेष दिनों में महिला व पुरूष नसबंदी की जाती है। सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर के निर्देशानुसार डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर ने चिकित्सालय के एएनसी वार्ड में गर्भवती महिलाओं को बच्चों के बीच अंतर रखने के लिये परिवार नियोजन के अस्थाई व स्थाई



साधनों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अस्थाई साधन सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क उपलब्ध कराये जाते है। इसी तरह सभी संस्थाओं में महिला व पुरूष नसबंदी कैम्प दिन के हिसाब से लगाये जाते है। यह जानकारी अपने क्षेत्र की आशा, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ आदि से प्राप्त कर सकते है। आरएमओ डॉ. डीएस यादव ने आमजन से अपील की है कि परिवार को स्वस्थ्य और सुखी बनाने के लिये परिवार नियोजन अवश्य अपनायें।

# 10 किमी तक पीछा कर पकड़ी रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मुरैना में वन विभाग ने दो ड्राइवरों को भी गिरफ्तार किया

**मुरैना।** मुरैना में वन विभाग ने अवैध रेत खनन और परिवहन पर कार्रवाई कर चंबल नदी से अवैध रूप से लाई जा रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह डीएफओ सुजीत जे. पाटिल के निर्देश पर की गई। इस दौरान दो ड्राइवरों को भी गिरफ्तार किया गया। वन विभाग की टीम ने रातभर गश्त कर अवैध खनन पर लगाम लगाने का प्रयास किया। यह अभियान गेम रेंज अंबाह, गेम रेंज देवरी और वन परिक्षेत्र मुरैना के स्टाफ के सहयोग से संचालित किया गया। पहला



ट्रैक्टर-ट्रॉली गुरुवार रात सबलगढ़ के पास हाईवे पर पकड़ा गया, जिसे जब्त कर सबलगढ़ थाने में खड़ा करवाया गया। दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को सुबह जौरा-रूनीपुर रोड पर पकड़ा गया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने लगभग 10 किलोमीटर तक ट्रैक्टर का पीछा कर उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए से अधिक है। वन विभाग और प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध रेत खनन या परिवहन की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग को दें।

# आजीविका मिशन के मैदानी कार्यों का जिपं सीईओ ने लिया जायजा

## महिलाओं के नेतृत्व क्षमता एवं प्रबंधन कार्यो को सराहा

**अनुपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत पुष्पराजगढ़ विकासखंड के ग्राम बेनीबारी में संचालित पवित्र सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान प्रशिक्षण केंद्र में संचालित प्रशिक्षण सत्र में शामिल होकर दिये जा रहे प्रशिक्षण की विषयवस्तु के साथ साथ प्रशिक्षण की अवधि, भोजन एवं आवास व्यवस्था आदि के बारे में प्रतिभागियों से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। विदित हो कि बेनीबारी में संचालित प्रशिक्षण केंद्र समूह की दीदियों द्वारा 2017 से संचालित किया जा रहा है, ,जिसका समस्त प्रबंधन पवित्र संकुल संगठन बेनिबारी द्वारा किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत श्री वशिष्ठ द्वारा दीदियों के द्वारा प्रबंधन एवं संचालन क्षमता की प्रशंसा करते हुये ,मिशन द्वारा




महिलाओं के लिये किये जा रहे विभिन्न प्रयासों का परिणाम बताया। श्री वशिष्ठ ने प्रशिक्षण में उपस्थित लखपति दीदियों से भी संवाद कर, उनके जीवन मे आये परिवर्तनों को जाना।

प्रशिक्षण केंद्र के भ्रमण एवं अवलोकन के उपरांत जिपं सीईओ द्वारा ग्राम करनपठार में स्व सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों से मुलाकात कर उनके द्वारा की जा रही आजीविका गतिविधियों का अवलोकन करते हुए समूह से वंचित समस्त पात्र परिवारों , विशेष रुप से बैगा परिवारों को स्व सहायता समूह से जोड़ने, विशेष अभियान संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पंचायत सीईओ द्वारा आजीविका भवन कोहका पूर्व में स्थापित किये जा रहे अत्याधुनिक सिलाई सेंटर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक , आजीविका मिशन शशांक प्रताप सिंह, सहायक जिला प्रबंधक प्रशिक्षण, दीपक मोदनवाल, ब्लॉक प्रबंधक पुष्पराजगढ़ सुरेश कारपेंटर, सहायक ब्लॉक प्रबंधक संदीप शर्मा, विकास सिंह चंदेल के साथ साथ पवित्र संकुल संगठन की पदाधिकरियों के साथ समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

# नपा की सराहनीय पहल - मिनी स्मार्ट सिटी के अवैध अतिक्रमण पर चला जेसीबी

## अतिक्रमण कारियों के विरूद्ध मुहिम के तहत कार्रवाई रहेगी जारी - मिनी अग्रवाल सीएमओ






**सीधी।** जिला मुख्यालय में लम्बे समय से विधिक कार्रवाई के अभाव में जिसका जहाँ मन पड़ता था वो वहीं अवैध अतिक्रमण कर लेता था, जिससे आमजनो को आए दिन परेशान होना पड़ता था। जिसको देखते हुए नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा सराहनीय कदम उठाते हुए शहर को अतिक्रमण की चपेट से मुक्त कराने का सार्थक प्रयास प्रांरभ कर दिया गया। नगर पालिका परिषद के 24 वार्डो में बने घरो के रैंप 'यादातर सड़क में आकर समाप्त होते हैं, साथ ही आगे और पीछे की भूमि पर भी अतिक्रमण करने में इन्हे जरा भी हिचक महसूस नही होती है। बाजार व मोहल्लो के अतिक्रमकारियों के विरूद्ध नगर पालिका का जेसीबी चलना प्रांरभ हो गया है। मिनी स्मार्ट सिटी सीधी में कहीं दुकानदार तो कहीं भू एवम भवन स्वामी द्वारा अवैध अतिक्रमण करने की घटना इन दिनो आम हो चली है। जिसको देखते हुए कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशन एवम मिनी अग्रवाल सीएमओ नगर पालिका परिषद सीधी के मार्गदर्शन में नपा अमला अतिक्रमण हटाओ मुहिम को गति दे रहा है। शुक्रवार 28 फरवरी 25 को नगर पालिका परिषद सीधी के द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही की गई जिसके तहत लगभग 100 गुमटियों द्वारा सार्वजनिक मार्ग को वाधित करते हुए मनमानी ढंग से अपने व्यापार को संचालित कर रहे थें, उन्हे व्यवस्थित किया गया। इसके साथ ही शहर के मुख्य मार्गो को वाधित करने वाले फुटकर व्यापारियों को भी व्यवस्थित कर शहर की व्यवस्था को दुरूस्त किया गया। कार्यवाही के दौरान सम्राट चौक, मानस भवन के बाहर, पूजा पार्क के बाहर, मुखर्जी कंपलेक्स, गयात्री कंपलेक्स सहित अन्य स्थलो पर वर्षो के अतिक्रमण को मुक्त कराया गया। नपा प्रशासन द्वारा सभी अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी गई कि यदि एक निश्चित सीमा के बाहर ठेले गुमटी, सामान आदि लगाया जाता है तो कठोर कार्यवाही नगर पालिका के द्वारा की जाएगी।

**इनका कहना है :-**

शुक्रवार को नपा अमले द्वारा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण हटाओ मुहिम को गति दी गयी, जो कि आगे भी लगातार जारी रहेगी। मिनी स्मार्ट सिटी को साफ स्व'छ एवम सुंदर बनाने हेतु आम नागरिक का सहयोग सादर अपेक्षित है। इसके साथ ही सार्वजनिक मार्ग को वाधित करने वालों के विरूद्ध जल्द ही नपा द्वारा विधिक कार्रवाई की जायेगी।

**मिनी अग्रवाल**
**सीएमओ नपा सीधी**

# कक्षा 12 वी अंग्रेजी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक किया जा रहा है। आज हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के 65 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित हुई जिसमें से 10048 दर्ज छात्रों में से 90921 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 127 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नही हुये। परीक्षा में कानून व्यवस्था एवं परीक्षा की पवित्रता बनाये रखने एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा 16 पैनल गठित किये गये है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा द्वारा परीक्षा केन्द्र ताला, पथरौला एवं मडवास का निरीक्षण किया गया। प्रवीण शुक्ला ए.डी.पी.सी. द्वारा बरमबाबा, टिकरी, मडवास का निरीक्षण किया गया। नागेन्द्र सिंह जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा पनवार, कन्या चुरहट, बालक चुरहट, मॉडल सर्रा का निरीक्षण किया गया। सहायक पंजियक सहकारी संस्था द्वारा कुचवाही रजडिहा, सपही, उपनी का निरीक्षण किया गया। डॉ सुजीत कुमार मिश्र ए.पी.सी. द्वारा हडवडो, पोखरा, तरका का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सीधी द्वारा कमर्जी, लकोडा, धुम्मा का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मझौली द्वारा गिजवार, पथरौला का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सिहावल द्वारा अमिलिया, बालक हिनौती, उत्कृष्ट विद्यालय सिहावल का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर नैकिन द्वारा कंधवार का निरीक्षण किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने किया जनरल परेड का निरीक्षण, किया पुरस्कृत



**सीधी।** पुलिस विभाग में परेड को अनुशासन की नींव माना जाता है। परेड से न केवल पुलिस बल का अनुशासन सुदृढ़ होता है, बल्कि टीम वर्क की भावना विकसित होने के साथ.साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी पुलिसकर्मी सशक्त रहते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रात: पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा ने परेड की सलामी लेने के उपरांत प्लाटून वार परेड का निरीक्षण किया तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्नआउट की समीक्षा की। उत्कृष्ट टर्नआउट प्रदर्शित करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गयाए जबकि टर्नआउट में सुधार की आवश्यकता वाले कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण उपरांत प्लाटून कमांडरों द्वारा अपने.अपने प्लाटून को एकल रूप से परेड अभ्यास कराया गया। परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक सीधी विरेंद्र कुमरे द्वारा किया गया। अंत में प्रभावशाली मार्चपास्ट के साथ परेड का समापन हुआ। परेड मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे, थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ 94 की संख्या मे पुलिस बाल मौजूद रहा। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में दरबार आयोजित कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को सुना तथा उनके उचित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# तेज रफ्तार का कहर - पिकअप बैन ने ई रिक्शा को रौंदा





**सीधी।** जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। आए दिन दर्जनो लोग चोंटिल एवम घायल हो रहे हैं। यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए जहॉ 20 किमी प्रति घंटा की स्पीड निर्धारित हैं वहॉ पर भी 80/100 की स्पीड से वाहन चलाना इन दिनो आम बात हो चली है। जिसका परिणाम शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे देखने को मिला जहॉ तेज रफ्तार पिकअप बैन ने ई रिक्शा को रौंदते हुए सड़क के किनारे तक पहुॅचा दिया। 28 फरवरी 25 को कन्या स्थानीय महाविद्यालय मार्ग में विजय फिलिंग स्टेशन के समीप तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, गनीमत ये रही कि दोनो वाहनो के वाहन चालक एवम सवारियों को सामान्य चोंट आई हैं। बताया गया कि ई रिक्शा नवीन बस स्टैंड से सवारी लेकर अस्पताल चौक की ओर जा रहा था और जैसे ही विजय फिलिंग स्टेशन उत्तर करौंदिया पहुॅचता है तभी एक पिकअप बैन गलत दिशा से आकर तीव्र गति से ठोकर मारते ई रिक्शा के ऊपर चढ़ गया। इस दौरान पिकअप बैन में लोड़ पेयजल सड़क में फैल गया। वहीं दूसरी घटना की बात करें तो शुक्रवार की दोपहर अंधियारखोह जमोड़ी तोरड़ द्वार के पूर्व सड़क पर प्रतिदिन स्थानीयजनो द्वारा नाली का पानी बहाया जाता है। जिसके चलते स्कूटी चालक का संतुलन बिगड़ गया और मरीज को पहुॅचा कर खाली जा रही एम्बूलेंस से भिडंत हो गयी। जबकि स्कूटी चालक का कहना था कि आगे जा रही एम्बूलेंस के चालक द्वारा मोड़ में अचानक ब्रेक मार दिया गया, जिसके चलते स्कूटी में सवार छात्र एवम छात्रा लहुलुहान हो गयें। आपको बताते चलें कि शुक्रवार को जिला मुख्यालय में लगभग आधा दर्जन से 'यादा सड़क हादसे घटित हुए, और सभी में तेज रफ्तार का कहर ही मूल वजह बन कर सामने आया है।

# जिले में दो दिवसीय पक्षी गणना का शुभारंभ हुआ

**सीधी।** क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व अमित कुमार दुबे ने जानकारी देकर बताया है कि संजय टाइगर रिजर्व सीधी में दिनांक 27.02.2025 को परिक्षेत्र दुबरी अन्तर्गत बडकाडोल इन्फरमेशन सेन्टर में दो दिवसीय पक्षी गणना का शुभारंभ हुआ। पक्षी गणना का आयोजन संजय दुबरी टाईगर रिजर्व एवं वाईल्ड लाईफ एण्ड नेचर कन्जरवेन्सी के तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसके तहत संजय टाईगर रिजर्व, सोन घडियाल अभ्यारण्य एवं बगदरा अभ्यारण्य की सभी परिक्षेत्र में पक्षी गणना की जावेगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में धौहनी विधायक कुवर सिंह टेकाम उपस्थित रहे एवं उनके साथ प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र संचालक सं.टा.रि. अमित कुमार दुबे एवं जिला वाईल्ड लाईफवॉर्डन डॉ. कैलाश तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त समारोह में टाईगर रिजर्व के सभी सहायक संचालक एवं परिक्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेशो से आये 70 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है जो कि टाईगर रिजर्व के स्टाफ के साथ मिलकर दिनांक 28.02.2025 एवं 01.0×.2025 को पक्षी गणना करेंगे। यह टाईगर रिजर्व की पक्षी गणना का तृतीय संस्करण है जिसमें प्रतिभागियों द्वारा जंगल में मौजूद विभिन्न कैम्प एवं वन चौकियों में रहकर पक्षी गणना के कार्य को सम्पादित किया जायेगा। पक्षी गणना के लिए विभिन्न प्रदेशों से आये प्रतिभागी में से मध्यप्रदेश के 14, महाराष्ट्र के 15, तेलंगाना के 05, छत्तीसगढ़ के 08, नई दिल्ली के 04, प. बंगाल के 06, उत्तर प्रदेश के 04, गुजरात के 09 एवं राजस्थान के 04 प्रतिभागी सम्मिलित हैं।

# विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु पंजीयन प्रारंभ - उप संचालक कृषि सीधी



**सीधी।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सीधी संजय कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य किया जाना है। भारत सरकार द्वारा औसत अ'छी गुणवत्ता के चना, मसूर एवं राई-सरसों का समर्थन मूल्य क्रमश: 5650 रूपये प्रति क्विटल, 6700 रूपये प्रति क्विटल तथा 5950 रूपये प्रति क्विटल घोषित किया गया है। उपार्जन का कार्य राष्ट्रीय उपार्जन एजेन्सी नाफेड के द्वारा किया जाएगा। उपार्जन के लिए शासन द्वारा पंजीयन अवधि 10 मार्च 2025 तक प्रस्तावित है। पंजीयन के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिले की सेवा सहकारी समितियों को, विपणन समितियों को एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों का निर्धारण किया गया है। उक्त सभी समितियां जिले में ×1 पंजीयन केन्द्रों में गेहूँ उपार्जन के लिए पंजीयन का कार्य कर रही है। इन्हीं ×1 पंजीयन केन्द्रों में गेहूँ के साथ-साथ चना, मसूर एवं राई-सरसों का पंजीयन भी किया जाना है। इन पंजीयन केन्द्रों के अलावा कृषक भाई ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, एम.पी. किसान एप के माध्यम से भी नि:शुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा एम.पी. ऑन लाईन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेन्टर पर, लोक सेवा केन्द्र पर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर भी शुल्क के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते है। उपसंचालक कृषि श्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने कृषको से समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं राई सरसों के उपार्जन हेतु निर्धारित तिथि के पूर्व अपना पंजीयन कराने की अपील की है।

# पुलिस नें जम्मू कश्मीर, गुजरात एवं दमन से गुमशुदा किशोरियों को खोज कर सौंपा परिजनो को

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सीधी पुलिस नें लापता हुई तीन किशोरियों को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। बताया गया कि थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राकेश बैस के नेतृव में बहरी पुलिस नें दो अलग अलग मामलों की गुमशुदा किशोरियों को गुजरात के सूरत एवं दमन से ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बैस, सउनि अवनीश चौधरीए, प्रआर.रामसुन्दर साकेत, आरक्षक रजनीश द्विवेदी, मआरक्षक पिंकी दुबे, प्रदीप मिश्रा सायबर सेल शाखा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसी क्रम में मड़वास पुलिस नें उप निरीक्षक केदार परौहा के नेतृत्व में उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं टीम नें गुमशुदा को चौकी लाम थाना नौशेरा जिला राजौरी जम्मू कश्मीर से ढूंढकर चौकी लाई। समस्त कार्रवाई मे उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं प्रधान आरक्षक तकराज सिंह तथा साइबर सेल सीधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



# बुंदेलखंड वीरों की धरती, वीरों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता

## किसानों के लिए सौगात-2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदेगी सरकार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-
पुरषोत्तम साहू

**सागर/गढ़ाकोटा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर के गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय रहस मेले में आयोजित किसान सम्मेलन में कहा कि बुन्देलखण्ड वीरों की धरती है। वीरों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता।उन्होंने किसानों के लिए बड़ी सौगात देते हुए कहा कि सरकार अब किसान भाईयों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल के मान से गेहूं खरीदेगी। उन्होंने घोषणा की कि सागर दमोह रोड को फोर लाइन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सीमा पर जवान और खेत पर किसान को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। किसान की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में बुंदेलखंड की जमीन सिंचित होगी। कोई भी किसान अपनी 1 इंच जमीन भी न बेचे, उन्हें उनकी जमीन का पूरा लाभ मिलेगा और उनकी कृषि समृद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव के काम बोलते हैं और काम के बल पर ही आज वो लगातार 9 बार से अपराजेय राजनेता बने हुए हैं। मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में बहनों को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जहां सरकार बहनों को आगे बढ़ने का कार्य कर रही है वहीं श्री गोपाल भार्गव के द्वारा 21000 से अधिक बेटियों की शादी कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक मैंने नौ रस ही देखे थे आज मैंने 10वां रस भी देख लिया। इस रहस मेला के आनंद में जो 10वां रस मिला है वह अद्भुद है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार इस वर्ष किसान भाइयों का गेहूं 2600 रुपए प्रति क्विंटल खरीदेगी और अगले वर्ष यह बढ़ाकर 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने का मैं वादा करता हूं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार चावल पर 2000रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस दिया जाएगा। इसी प्रकार दूध का उत्पादन करने वालों को भी बोनस प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई की योजना नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत केन बेतबा-लिंक परियोजना के माध्यम से बुंदेलखंड को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। अब शीघ्र ही बुंदेलखंड की सुनार नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार महाराष्ट्र सरकार से मिलकर भी नदी जोड़ो अभियान प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने फूड इंडस्ट्रीज लगाने



वालों को सरकार 40 प्रतिशत सब्सिडी देगी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवाओं का देश है जहां करोड़ों युवा निवास करते है। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाएं जारी रहेंगी। जिसमें लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि शामिल हैं। यह मेरा संकल्प है कि सागर का संपूर्ण विकास हो, इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। कृषि मंत्री श्री ऐंदल सिंह कंसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव किसानों के हित के लिए लगातार कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगनी करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। किसान खुशहाल होगा तो देश और प्रदेश खुशहाल होगा। किसानों को योजनाओं का लाभ देने के लिए किसान मेला एवं कार्यशालाओं का लगातार आयोजन किया जा रहा है।

दमोह सांसद श्री राहुल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार नवाचार कर रही है। देश एवं विदेश के उद्योगपतियों को आमंत्रित कर उद्योगों की नगरी बनाने के लिए बुंदेलखंड, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर में इन्वेस्टर मीट आयोजित कर क्षेत्र को आगे बढ़ने का कार्य किया जा रहा है। विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा यह रहस मेला 220 वर्ष पुराना मेंला है। 1990 में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री सुंदरलाल पटवा ने कहा था इस मेले को और आगे बढ़ाएं। हमने उन्हें मेले का पूरा इतिहास बताया, तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री पटवा ने मेले को और समृद्ध बनाने के लिए निर्देशित किया था। विधायक श्री गोपाल भार्गव ने कहा विलुप्त हो रहे मेलों को आगे बढ़ने का कार्य सरकारी कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने रहस मेला को भव्य और दिव्य बनाने के लिए लगातार कार्य किया है। विधायक श्री गोपाल भार्गव ने कहा कि मैं रहूँ या न रहूँ यह रहस मेला हमेशा चलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव के द्वारा जो मांग पत्र रखा गया उसे सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि सागर से दमोह तक फोर लाइन बनाई जाएगी इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए एवं इसे भविष्य में बढ़ाकर 2700 रुपए किया जाएगा साथ ही किसान भाइयों को धान पर प्रति हेक्टेयर 2000 रुपए बोनस भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से पांच हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ भी वितरित किया। इस अवसर पर मंत्री श्री धमेन्द्र सिंह लोधी, सांसद श्री राहुल सिंह लोधी, सांसद श्रीमति लता बानखेडे, श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री वीरेन्द्र लोधी, श्री बृजविहारी पटेरिया, श्री हीरा सिंह राजपूत, श्रीमति संगीता सुशील तिवारी, श्री श्याम तिवारी, श्रीमति रानी कुशवाहा, श्री श्याम शिवहरे , श्री गौरव सिरोठिया, श्री नारायण कविर पंथी, श्री जाहर सिंह, श्री अनिल तिवारी, श्री श्रीराम भार्गव सहित संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, आईजी श्री प्रमोद वर्मा, कलेक्टर श्री संदीप जी आर, एसपी श्री विकास शाहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक केवी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं जनसामान्य मौजूद था। मेला अध्यक्ष श्री अभिषेक दीपू भार्गव ने स्वागत भाषण देते हुए मेला के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विक्की जैन ने किया आभार श्री अभिषेक भार्गव दीपू ने माना।

# भैरुंदा पुलिस ने वेयरहाउस मे चोरी करने वाले गिरोह को किया गिरफ्तार

## वेयरहाउस में चोरी की 05 घटनाओं का किया खुलासा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान ,
दिनेश चौरसिया

फरियादी धरम सिहं पंवार ने थाने आकर रिपोर्ट किया कि इनके माँ दुर्गा एग्रो वेयर हाउस हाथीघाट में दिनांक 15/02/2025 के सुबह करीबन 09.15 बजे जाकर देखा कि वेयर हाउस के जाली वाले गेट का ताला टुटा हुआ था एवं जांच करने पर कोई अज्ञात चोर दिनांक 14-15/02/2025 की मध्य रात्री मे वेयर हाउस का ताला तोडकर वेयर हाउस मे रखी शासकीय उपज मूँग के 49 कट्टे चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना भैरुंदा में अपराध क्र 106/25धारा 331(4),305(डु) ब्हस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस कार्यवाही :-** सीहोर पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अपराध पंजीबद्ध होने के पश्चात मूँग चोरी करने वालो




अज्ञात आरोपियो के गिरोह की गिरफ्तारी कर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशो के पालन में अति.पुलिस अधीक्षक श्री गीतेश गर्ग व एसडीओपी श्री दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरूंदा घनश्याम दांगी द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई थी। गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए एवं घटना स्थल के आसपास एवं आने जाने वाले रास्ते सहित नगर भैरूंदा में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से गाड़ी की पहचान की गई एवं दिनांक 27.02.2025 को मुखबिर सुचना की सूचना पर चिन्हित की गई पिकअप बोलेरा गाड़ी को तिलाडिया नहर रोड के आगे राला चींच रोड पर सडक किनारे पेड़ के नीचे से मय 06 संदेहियों के घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं पूछताछ की गई । पकड़ी गई गाड़ी को चेक किया जिसमें पीछे तिरपाल से ढकी हुई बोरियां मिली। चेक किया तो उसमे मूंग भरा हुआ था। मूंग की बोरियों के संबंध में पूछताछ की गई जो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। मौके पर मिले सभी 06 संदेहियों अंकुर पिता मंशाराम इवने, रितिक पिता लच्छीराम उईके, संदीप पिता धरम सिहं इवने, रितेश पिता लच्छीराम उईके, विवेक पिता अर्जुन सिहं धुर्व, विजय सिहं पिता मदनलाल तेकाम सर्व निवासीगण ग्राम सतार थाना रेहटी सीहोर से पिकअप में रखी मूंग से भरी बोरियो के संबंध मे तकनीकी एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ पर सभी 06 संदेहियों ने हाथीघाट के पास के वेयरहाउस से मूंग की बोरियों चोरी करना स्वीकार किया। आरोपीगणो से चोरी किया गया मश्ररुका 44 बोरियां लगभग 22 क्विंटल मूँग की बोरियां सहित चोरी करने में इस्तेमाल की गई बोलेरा पिकअप क्रमांक स्क्87/त0533 कुल कीमती करीबन 10 लाख रुपए का जप्त किया गया।

नोट-आरोपीगणो से विस्तृत पूछताछ में उनके द्वारा थाना रेहटी क्षेत्र में 02 वेयरहाउस से लगभग 200 बोरियां गेहूं, थाना गोपालपुर क्षेत्र के एक वेयरहाउस से लगभग 46 बोरियां गेहूं एवं थाना टिमरनी जिला हरदा के एक वेयरहाउस से लगभग 46 बोरियां मूंग की चोरी करना स्वीकार किया है। गिरफ्तारशुदा आरोपीगण से संबंधित थानों के पुलिस स्टॉफ द्वारा विस्तृत पूछताछ कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**सराहनीय योगदान:-** उपनिरी लोकेश सोलंकी, प्रआर0 धर्मेन्द्र गुर्जर, प्रआर0 176 दिनेश जाट, आर0 राजीव मोरप्पो, आर0 आशीष बारेला, आर संजय थाना गोपालपुर

**विशेष भूमिका :-** आर0 आनंद गुर्जर, आर0 दीपक जाटव, साइबर सेल सीहोर की रही हैं।

# अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई



संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

**तेंदूखेड़ा।** अपनी अंतिम साँस तक महान देश निर्माण में अपने प्राणों की आहुति देने वाले माँ भारती के वीर पुत्र शहीद चंद्रशेखर आज़ाद जी को उनकी पुण्यतिथि स्वयंसेवकों के द्वारा नगर के हृदय स्थल श्री राम रसिया दादा दरबार हनुमान मंदिर परिसर में भारत माता की आरती के साथ शहीद चंद्रशेखर आजाद का पुण्य स्मरण किया गया। मध्य प्रदेश की माटी अलीराजपुर जिले मै 1906 में जन्मे आजाद बचपन से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में संलग्न रहे। शहीद भगत सिंह अशफाक उल्ला खान राजगुरु के साथ मिलकर अनेक क्रांतिकारी घटनाओं को अंजाम दिया जिनमें काकोरी कांड असेंबली पर बम से हमला शासकीय खजानों को लूटकर उनकी राशि से क्रांतिकारी घटनाओं को अंजाम देना ऐसे कार्य उनके द्वारा किए गए। जनजाति क्षेत्र में होने के कारण आपने धनुर्विद्या में महारत हासिल थी मात्र 25 वर्ष की आयु में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में कुछ जयचंदो के द्वारा दी गई गोपनीय जानकारी के कारण पुलिस से मुठभेड़ हुई एवं अपने स्वयं के शब्दों को चरितार्थ करते हुए स्वयं गोली मारकर प्राण न्यौछावर कर दिए। आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर भारत माता की आरती के स्वरूप में पुण्य स्मरण किया गया एवं देश के युवा आजादी का मूल्य समझे एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़कर भारत माता को परम वैभव पर ले जाने के लिए कार्य करने पर चर्चा की गई। इस उद्देश्य को लेकर आरती का समापन किया गया कार्यक्रम का संचालन नगर विकास जागरण मंच के अध्यक्ष मुकुल नामदेव के द्वारा किया गया। मिथिलेश कुमार त्रिपाठी इस अवसर पर मुख्य वक्ता रहे नगर में निवासरत प्रबुद्ध जन नागरिक युवा शक्ति उपस्थिति रही।

# हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने बनगॉव में नव निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया लोकार्पण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-
पुरषोत्तम साहू

**दमोह/हटा।** जिले के पटेरा विकासखंड के ग्राम बनगॉव में नव निर्मित 10 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी। विधायक श्रीमती खटीक ने फीता काटकर भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, पंचायतों के सरपंचगण, जनप्रतिनिधि सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन, सी.बी.एम.ओ. पटेरा डॉ अशोक बरौनिया तथा ग्रामीणजन मौजूद थे। विधायक उमादेवी खटीक ने कहा कि बनगांव पंचायत में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बन जाने से 50




गांव के आमजनों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्राप्त हो सकेगा। मरीजों को स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र पहुॅचने में सुविधा हो इसके लिए सड़क के डामलीकरण का कार्य भी कराया जायेगा। बारिश में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर भवन के आसपास का सौंर्दयीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में भगवान धनवंतरी की मूर्ति भी स्थापित की जायेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि जीवन का सुख निरोगी काया है। स्वास्थ्य को बेहतर बनाने सरकार प्रयास कर रही है। नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मानव संसाधन की पूर्ति की जायेगी। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हटा विधानसभा के बनगांव में 306. 80 लाख की लागत से भवन का निर्माण किया गया है।

# शंकर जी का प्रसाद समझकर गांजा, भांग, धतूरा खाना अज्ञानता है : बाबा उमाकान्त जी महाराज

## खान-पान और चरित्र ख़राब होने के कारण ही मानवता खत्म होती जा रही है

उज्जैन बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया कि पौराणिक कथाओं में मिलता है कि जब युग बदला मलिनता आ गई तो लोग शंकर जी को नहीं देख पा रहे थे, तब श्रद्धा भाव बनाए रखने के लिए आज (शिवरात्रि) के दिन शिव लिंग प्रकट हुआ था। लोग शिवलिंग पर भांग, धतूरा इत्यादि चढ़ाते हैं, अब क्यों चढ़ाते हैं और उससे क्या फायदा होता है, ये तो वो जाने, लेकिन हमको तो यह लगता है कि उससे कोई फायदा नहीं होता है। ये तो उस समय की बात है जब समुद्र मंथन हुआ था, उसमें देवता और दैत्य दोनों मौजूद थे। जो अच्छी चीज़ें थीं उनका बँटवारा तो उन लोगों ने कर लिया, लेकिन अमृत का कलश लेकर धन्वंतरि आख़िर में जब निकले तब दैत्य चाहने लगे कि



हम अमृत पी जाएँ और अमर हो जाएँ। देवता ऐसा नहीं चाहते थे, क्योंकि राक्षस अधिक शक्तिशाली पड़ते और देवता कमज़ोर पड़ जाते, तो धर्म खत्म हो जाता, श्रद्धा लोगों की खत्म हो जाती और व्यवस्था बिगड़ जाती। दैत्य अथवा राक्षस उनको कहते हैं, जिनका खान पान सही नहीं रहता, बुद्धि एवं चाल-चलन ख़राब हो जाता है। जैसे इस समय पर ज़्यादा राक्षसी प्रवृत्ति बढ़ रही है। खान-पान और चरित्र ख़राब होने के कारण ही मानवता खत्म होती जा रही है। तो देवताओं ने सोचा कि यह (दैत्य) हमारे ऊपर हमला कर देंगे और तमाम कथाओं में मिलता है कि ऐसा होता भी था।

**धतूरा और भांग का पौराणिक इतिहास :-**

समुद्र मंथन में विष (हलाहल) भी निकला था। उसको शंकर जी ने पिया था और ऊपर (गले में) ही रखा था लेकिन वह ऊपर असर करने लग गया था। तब देवताओं ने (धन्वंतरि इत्यादि) धतूरा और भांग को ऊपर से सिर पर रखा। दोनों ज़हरीले होते हैं और दोनों में नशा होता है। कोई ज़हरीली चीज़ आदमी खा लेता है तो हल्का नशा होता है और तेज जहर खा लेता है तो बेहोश/खत्म हो जाता है। तो उस समय की बात है। अब लोगों ने वही प्रणाली बना लिया, फिर उसी को लोग प्रसाद रूप में खाने लग गए। फिर भांग गांजा धतूरा को लोगों ने शंकर जी का प्रसाद मान कर, बूटी समझ कर पीने-खाने लग गए। इसको अज्ञानता कहा जाएगा, उनको ज्ञान नहीं हुआ, उनको कोई ज्ञान कराने वाला नहीं मिला। अब देखो एक आदमी भांग खाने लग गया, तो सब भांग खाने लग जाते हैं। कहते हैं हम शंकर जी के भक्त हैं, गांजा पियेंगे तभी भक्त कहलायेंगे, धतूरा खाएँगे तभी भक्त कहलायेंगे। तो यह अज्ञानता है, अज्ञानता में आप मत फंसना।

**बीमारी व तकलीफों में आराम देने वाला नाम जयगुरुदेव :-**

किसी भी बीमारी, दु:ख, तकलीफ, मानसिक टेंशन में शाकाहारी, सदाचारी, नशामुक्त रहते हुए जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव की ध्वनि रोज सुबह-शाम बोलिए व परिवार वालों को बोलवाइए और फायदा देखिए ।

# अपनी 24 सूत्रीय मांगों को लेकर सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा विगत दिवस चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच संघ के वेनर तले प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 24 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन कलेक्टर महोदय को सौंपा गया। जिसमें वृद्धावस्था पेंशन बिना बीपीएल के स्वीकृति का अधिकार सरपंच को देने ईएमबी के मूल्यांकन बंद करने उपयंत्रियों द्वारा समय पर मूल्यांकन नहीं करने मध्यप्रदेश पंचायती राज व्यवस्था से ग्राम पंचायतों के लिए जो कार्य स्वीकृति दी गई थी । उन्हें स्वीकृति दिलाई जाये। तथा किस्तें प्रदाय की जायें। नल जल योजना शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में चालू की गई थी वह 80 प्रतिशत फेल है। ठेकेदारों पर कार्यवाही करें या पूर्ण करा दें।

शासन द्वारा जो संबल योजना चलाई जा रही है मृतक परिवार को जो सहायता राशि दी जाती है वह भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी के कारण हितग्राही को लाभ नहीं मिल पा रहा है। जांच कर संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की जावे। सरकारी कर्मचारियों की तरह सरपंचों एवं पचों का 20 लाख रुपए तक के बीमा की व्यवस्था की जाये एवं न्यूनतम पेंशन 2000 रुपए की जावे। ग्राम पंचायत में कोई भी निर्माण कार्य चाहे विभागों के हों या जनप्रतिनिधियों की निधि के हो ग्राम पंचायत ही निर्माण एजेन्सी हो। वित्त राशि की डीपीआर बनाकर उपयंत्री सहायक यंत्री के हस्ताक्षर



होने पर इसे ही टी एस माना जावे बार बार टी एस के नाम पर कमीशन नहीं देना पड़े।

ग्राम पंचायत विकास कार्य के लिए भी राशि उपलब्ध होना चाहिए। ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 22 के अंतर्गत जनपद पंचायतों में बैठक रोस्टर के हिसाब से सरपंचों को नही बुलाया जाता है इसके लिए सभी जनपदों को आदेश करने की व्यवस्था की जाये रोजगार सहायक व सचिव की सीआर लिखने का अधिकार सरपंच को होना चाहिए उनका वेतन और अवकाश के अधिकार पूर्ण रूप से ग्राम पंचायत को दिये जाये। रोज़गार सहायक का स्थानांतरण नीति जल्द लागू की जाये। पंचायतों में अधिकतम कार्यों की सीमा 20 को हटाया जाये। तथा आदेश वापस लिये जाये। सी एम हेल्पलाईन181पर झूठी शिकायत पर शिकायतकर्ता पर एफ आई आर दर्ज होनी चाहिए। प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास प्रत्येक पंचायत में दिए जाये। शासन द्वारा हाजरी का एनएमएमएस को जो नियम प्रारम्भ किया गया है उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना चाहिए । मनरेगा को मूलरूप में लाया जावे केन्द्र सरकार समन्वय स्थापित करते हुए पंचायत को मांग आधारित असीमित कार्य की अनुमति दी जावे। निर्माण अनियमिता का जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी की लापरवाही की वजह से सरपंचों को धारा 40 में हटाने और वसूली ना की जावे एवं मनरेगा के कार्यों में धारा 40 के अंतर्गत सरपंच के विरूध कार्यवाही नहीं की जाये नोटिस देने का अधिकार कलेक्टर को होना चाहिए। पद से पृथक करने का अधिकार राज्यपाल महोदय के अनुमोदन से किया जाये। 2011 की जनगणना के अनुसार टाईड अनटाईड की राशि जारी दी जा रही है उसे वर्तमान जनसंख्या के अनुसार दी जावे । पंचायत विकास निधि गठित कर सरपंच निधि बनाई जावे जिससे जरूरत पड़ने पर अचानक कोई भी कार्य किये जा सकें। इसलिए इसका गठन किया जाये ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिये नई आर्थिक गतिविधियों के संचालन से जोड़ा जाये। तथा सरपंच उपसरपंच और पंचों का वेतन बढ़ाया जाये।

# सैलाना उपजेल के जेलर रावत सेवानिवृत्त हुए




**रतलाम सैलाना।** नौकरी में अपने पद की गरिमा, दायित्व का बोध होते हुए सेवा के प्रति समर्पण हो तो व्यक्ति को सफलता निश्चित मिलती है। यह विचार उपजेल सैलाना में उपजेलर भीमसिंह रावत की विदाई पर आयोजित समारोह में जज अभिषेक सोनी ने पेशकार की भूमिका निभाई। आपने रावत के नाम की भी सराहना की। जज एकाग्र चौधरी ने भी किया खुलासा। रिटायर जेल अधीक्षक महावीर सिंह रावत ने जेल की नौकरी का अनुभव साझा किया। जेल परिवार रावत परिवार जॉन्स ने उपजेल रावत का पुष्प मालाओं से सम्मानित किया। इस अवसर पर पूरा जेल परिवार, बबाज़िया, अभिभाषकगण, स्मारक अशोक चंडालिया, अरविंद मुरेरा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। समारोह का संचालन कांतिलाल कोटा ने किया और प्रदर्शन सेवानिवृत्त हो रहे उपजीलर भीमसिंह रावत ने माना।

# विधायक ने विद्यार्थियों की मांग पर महाविद्यालय में वाटर कूलर हेतु 1 लाख रु देने की घोषणा की

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा



**सनावद।** विद्यार्थियों के जीवन में अध्ययनकाल अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। विद्यार्थी जीवन ही भविष्य की आधारशिला होती है इसलिए परीक्षाओं में निश्चित सफलता के लिए विद्यार्थी लगन के साथ नियमित अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करें। ये विचार विधायक सचिन बिरला ने शासकीय महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव के समापन समारोह में व्यक्त किए। विधायक ने विद्यार्थियों की मांग पर महाविद्यालय में वाटर कूलर हेतु 1 लाख रु देने की घोषणा की। विधायक ने विद्यार्थियों आश्वस्त किया कि महाविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक की नियुक्ति और एनसीसी कोर्स शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। महाविद्यालय का नामकरण महान योद्धा बाजीराव पेशवा महाविद्यालय करने हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर दी गई है। महाविद्यालय में नवीन फर्नीचर और नवीन भवन के लोकार्पण हेतु जल्दी ही बैठक बुलाई जाएगी। विधायक ने कहा कि महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों को बाजीराव पेशवा की समाधि का दर्शन करवाया जाएगा। पूर्व विधायक हितेंद्रसिंह सोलंकी ने विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रभात उपाध्याय ने महाविद्यालय की कार्ययोजना और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की छात्रा वैशाली संवनेर ने महाविद्यालय में अंग्रेजी प्राध्यापक की नियुक्ति और वाटर कूलर की स्थापना की मांग रखी। अतिथियों ने वार्षिकोत्सव के दौरान आयोजित प्रतिस्पर्धाओं के विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर,नपा नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र उपाध्याय,पार्षद गंगाभारती शर्मा,दुर्गा माली,पूजा परिहार,राजेश पाल,अमिता मंत्री,सुरेश सोलंकी,श्याम ठाकुर, सुमित माहेश्वरी,सरोज इंगला,संजय वर्मा,सुदीश वर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मारपीट वाले आरोपीगणो को 06-06 माह का कारावास एवं 500-500 रूपये अर्थदण्ड


दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

**सिलवानी ( रायसेन )।** माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील सिलवानी जिला रायसेन म0प्र0 द्वारा आरोपीगण महेश पिता हरगोविंद सिंह ठाकुर उम्र 40 साल, कोमल पिता हरगोविंद सिंह ठाकुर उम्र 50 साल एवं फूलसिंह पिता हरगोविंद ठाकुर उम्र 50 साल तीनों नि. चंदपुरा सिलवानी को धारा 325/34 भादवि में छः-छः माह का सश्रम कारावास व 500-500/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इस मामले में शासन की ओर से श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, तहसील सिलवानी, जिला रायसेन ने पैरवी की।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** :- फरियादी रज्जू उर्फ राजकुमार ने आरक्षी केन्द्र सिलवानी में उपस्थित होकर इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख करायी कि दि. 23/11/2020 की शाम 08.00 बजे फरियादी और गांव का पंकज पटेल हनुमान जी के मंदिर पर बैठकर बात कर रहे थे तभी मोहल्ले का महेश ठाकुर आया और बोलने लगा कि जोर-जोर से बात क्यों कर रहे हो और मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा फरियादी ने गालियां देने से मना किया तो महेश ठाकुर ने उसके मुंह पर मुक्का मार दिया जिससे उसके नीचे वाले जबडे के दोनों दांत टूट गये इतने में पीछे से महेश ठाकुर का भाई कोमल ठाकुर व फूलसिंह ठाकुर आए और फूलसिंह ठाकुर ने फरियादी को पकड लिया व कोमल ठाकुर ने हाथ में रखे डंडे से फरियादी के सिर में दाहिनी तरफ मार दिया तभी वहां सुरेश पटेल व फरियादी का भाई हेमंत आ गये जिन्होंने बीच बचाव किया आरोपीगण जाते जाते बोले कि रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर आरक्षी केन्द्र सिलवानी में आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं विवेचना पश्चात अभियोग पत्र मान0 न्यायालय में पेश किया गया। विचारण उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन की समस्त दलीलों एवं साक्ष्यों को सुनते हुए आरोपीगणों को धारा 325/34 भादवि में दोषी पाते हुए 06-06 माह का सश्रम कारावास एवं 500-500/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# जेल परिसर से मोटरसाइकिल हुईं चोरी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान


श्रीमान थाना प्रभारी महोदय
थाना लहार जिला भिण्ड म0प्र0
विषय- प्रार्थी की एक मोटरसाईकिल लहार जेल गेट के सामने से चोरी होने के संबंध में कार्यवाही बाबत्।

लहार नगर के उप जेल में बन्द अपने भाई से मुलाकात करने गये ग्राम मसेरन के साकेत झा की एच,एफ डीलक्स हिरो मोटरसाइकिल चोरी हो गई साकेत झा ने बताया की वह जेल में बंद अपने भाई से मुलाकात करने गया था उसने अपनी मोटरसाइकिल जेल बाउंड्री के अंदर तैनात सुरक्षा प्रहरी से 100 फीट की दुरी पर खडी कर दी थी लगभग आधा घंटे बाद जब साकेत झा मुलाकात करके लोटे तो उनकी वाइक गायव थी साकेत झा ने जेल स्टाफ से पुछा तो उसे वताया गया की सीसीटीवी कैमरे बन्द होने की वजह से जानकारी नहीं मिल पा रही है इस मामले में लहार पुलिस थाने में आवेदन भी दिया गया है,अब सवाल यह उठता है की आखिर जेल के केमरे बन्द क्यों रहते हैं इस स्थिति में आपराधी कोई वडी घटना भी घटीत कर सकते हैं।

# दो मिनट परीक्षा केन्द्र में देरी से पहुंचे छात्र तो केन्द्र प्रभारी ने नहीं दिया प्रवेश

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन



**सिलवानी ।** माधमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में इन दिनों परीक्षा केन्द्र प्रभारी की मनमानी से छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। शुक्रवार को एक बार फिर हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में पुष्पा विद्यालय केंद्र में अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र परीक्षा में दो छात्र मात्र दो मिनट देरी से पहुंचे तो छात्रों को परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया। गुस्साए छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले स्टेट हाईवे 15 सिलवानी सागर मार्ग पर पुष्पा विद्यालय के सामने चक्काजाम शुरू कर दिया है। गौरतलब हो कि परीक्षा केन्द्र अध्यक्ष राजेश खरे द्वारा दो छात्रों के महज 2 मिनट लेट होने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जिससे वह प्रश्न पत्र में शामिल होने से वंचित हो गए । परीक्षा केन्द्र अध्यक्ष को तत्काल हटाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में छात्र सड़क पर उतर कर मुर्दाबाद के नारे लगा रहे है। एक दिन पूर्व भी हाईस्कूल परीक्षा में दो छात्र बाइक का टायर पंचर होने से पांच मिनट देरी से आने पर परीक्षा केन्द्र प्रवेश नहीं दिया गया था। जिस पर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसडीएम सिलवानी को ज्ञापन भी दिया था। क्या इस तरह के माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा यह आदेश का प्रचार प्रसार हुआ कि इतने बजे प्रवेश करना है इस तरह की क्या बच्चों को जानकारी दी गई अगर बच्चों को इस तरह की जानकारी दी गई होती तो इस तरह की घटना नहीं होती एक तरफ देश के प्रधानमंत्री भोपाल आते हैं परिक्षार्थियो के काफिले को देखकर खुद प्रधानमंत्री अपने काफिले को रोक देते हैं और कार्यक्रम में देर से पहुंचते हैं और दूसरी तरफ इस तरह की मनमानी चल रही है जिला शिक्षा अधिकारी जिला कलेक्टर को गुमराह कर रहे हैं हकीकत यह है की जिला शिक्षा अधिकारी भी इस मामले में फंसे हुए क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचारियों को हटाया नहीं और परीक्षा संपन्न करने की बात करने लगे इसलिए यह परेशानी सामने आई है।

# एनएसएस राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में मुरैना जिले के 10 स्वयंसेवक करेंगे भागीदारी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

**अंबाह।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मुरैना जिले के विभिन्न महाविद्यालयों और संस्थानों से 10 स्वयंसेवकों का चयन राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। यह शिविर 2 मार्च 2025 से 8 मार्च 2025 तक अवदेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की संगठन व्यवस्था में नगर पालिका परिसर (मेला ग्राउंड), अमरकंटक तहसील, विकासखंड पुष्पराजगढ़, जिला अनूपपुर (म.प्र.) में आयोजित होगा। इस शिविर का संचालन उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा किया जाएगा। रासेयो जिला संगठक डॉ. शशिवल्लभ शर्मा ने बताया कि यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल सिद्धांत मुझसे पहले आप (Not Me, But You) की भावना को साकार करते हुए समाज सेवा और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। इस शिविर में प्रतिभागी सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व कौशल, व्यक्तित्व विकास और सेवा भाव से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेंगे।

मुरैना जिले से चयनित स्वयंसेवक : शासकीय पीजी कॉलेज, मुरैना ङ्क अंकित त्रिपाठी, अजय मौर्य, कु. अंजली शासकीय महाविद्यालय, कैलारस कु. ललिता सिकरवार अंबाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, अंबाह ङ्क कु. कुसुम यादव, कु. दिव्या शर्मा, प्रभाकर गुप्ता, अंकित सिंह किला उमावि, अंबाह ङ्क कृष्णा शर्मा महात्मा लोचनदास उमावि, अंबाह ङ्क कु. किरण राठौर डॉ. शर्मा ने बताया कि चयनित स्वयंसेवक 28 फरवरी को जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर पहुंचेंगे, जहां से विश्वविद्यालय क्षेत्र के आठ जिलों के अन्य एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ प्रो. हरिशंकर कंसाना (कार्यक्रम समन्वयक, जीवाजी विश्वविद्यालय) के संरक्षण में बस द्वारा अमरकंटक के लिए प्रस्थान करेंगे। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं एनएसएस अधिकारियों ङ्क विजय शर्मा, डॉ. दिलीप कटारे, डॉ. आर.एल. सखवार, डॉ. रुचि गुप्ता, डॉ. रक्षा कमठान, डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल और शिवदत्त शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया और सभी चयनित स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह प्रशिक्षण शिविर युवा स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति प्रेरित करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

# दद्दा शिष्य परिवार ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर किया महारुद्राभिषेक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अंबाह।** ब्रह्मलीन संत देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी की प्रेरणा से प्रतिमाह की भांति अमावस्या के पावन पर्व पर दद्दा शिष्य परिवार अंबाह-बरेह एवं भक्त मंडल द्वारा पीएचई प्रांगण में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण बनाएं गए। शिवलिंग निर्माण उपरांत आचार्य द्वारा पार्थिव शिवलिंगों का विधि विधान से महारुद्राभिषेक कर विर्सजन किया गया। आचार्य मिश्रा बताते हैं कि पार्थिव शिवलिंग पूजा का बड़ा महत्व है। जो पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजन अर्चना करता है, वह दस हजार कल्प तक स्वर्ग में निवास करता है। शिवपुराण में लिखा है कि पार्थिव पूजन सभी दुःखों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है। यदि प्रति दिन पार्थिव पूजन किया जाए तो इस लोक तथा परलोक में भी अखण्ड शिव भक्ति मिलती है। दद्दा जी के हर हर महादेव, हर घर महादेव मुहिम उनके अनुयाई आगे बड़ा रहे हैं। इस दौरान महावीर शर्मा, गिरजा शंकर शर्मा, सुनील मिश्रा, लाखन शर्मा, अमित व्यास, कालू थापक, लबला पंडित, बीटू मिश्रा, दीपक शर्मा शिवा शर्मा, अमन मिश्रा, राधे शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मनीरामपुरा आश्रम पहुंचकर कांवड़ियों की टोली ने संत माखनदास से लिया आशीर्वाद

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अंबाह।** केदारनाथ की थीम पर बनी 125 किलो, 08 फीट ऊंची 06 फीट चौड़ी कावड़ का महाशिवरात्रि पर हर हर महादेव टीम द्वारा सिद्धक्षेत्र किशरोली में 108 हर हर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक के बाद कांवड़ियों की टोली मनीरामपुरा धाम संत माखनदास का आशीर्वाद लेने पहुंची। संत माखनदास ने कांवड़ियों की टोली को आशीर्वचन देते हुए कहां कि बच्चों को जन्म से संस्कार ऐसे दें कि बुढ़ापे में तकलीफ न हो। माखनदास महाराज ने कहा कि बच्चे को जन्म से ही ऐसे संस्कार दें कि बड़े होने के बाद बुजुर्गों की सेवा करें। बचपन में ही सेवा की घुट्टी पिला दें। उन्होंने युवाओं से कहा कि बुजुर्गों को अपनेपन का एहसास कराएं। मौके पर सरयूदास महाराज, विद्याराम दीक्षित, भूरा गुदेनिया, पिंकी मिश्रा , नीरज उपाध्याय, विजय उपाध्याय, मंटोली शर्मा, अमित व्यास, रोहित चौधरी, शिवा शर्मा, आकाश शुक्ला, बीटू मिश्रा, कालू थापक, बंटी शर्मा, आकाश दुबे, टुंडा तोमर, दिलवर प्रजापति, राहुल तोमर, अमित शर्मा, अंकित शर्मा, लवला पंडित, दीपक शर्मा, योगेश तिवारी, सचिन कटारे, विष्णु शर्मा, अमन शास्त्री, गौरव पाराशर, अजय शर्मा, हिमांशु त्रिपाठी, योगेश तिवारी, विक्की शर्मा, भूपेंद्र शुक्ला, पिल्ली श्रीवास, राजू पाराशर, राधे विधायक, रवि शर्मा, कुनाल थापक, शिवम शर्मा, भोला शर्मा, गगन शर्मा, हर्षू गुदेनिया सहित अन्य युवा शामिल रहे।

# पुलिस ने भूसा गाडी से मजदूर बनकर पकड़ा जुआ

ओमप्रकाश परमार,

देवास। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत द्वारा सामाजिक कुरूप जुआ/सटटा के विरूध्द सख्त कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एनएच बाथम तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आदित्य तिवारी को अपने अनुभाग में जुए / सटटे के विरूध्द को कार्यवाही हेतु बताया गया था जिसके पालन में थाना कन्नौद की टीम द्वारा क्षेत्र में मुखबीर एव ग्रामीणो को जुआ/सटटा के सबंध में जानकारी देने हेतु पाबंद किया गया था। पुलिस टीम कन्नौद को ग्राम कलवार में खेतो में जगह बदल-बदल कर जुआ खेलने की जानकारी मिली थी। शुक्रवार को कन्नौद पुलिस द्वारा चतुराईपूर्वक मजदूरो का वेश बनाकर भूसा गाडी में बैठकर ग्राम कलवार के खेत में दो स्थानों से फड लगाकर जुआ खेल रहे व्यक्तियों के लिये पुलिस टीम पुलिस द्वारा किमो पलेज पध्दत्ति का उपयोग कर घेराबन्दी की गई और दबिश देकर पर जुआ फड से आरिफ पिता जुम्मा निवासी ग्राम करनावद, राजेश पिता मोतीलाल निवासी ग्राम कलवार, रमेश चन्द्र पिता चम्पालाल निवासी ग्राम सुन्दरेल, दीपक पिता रामचन्द्र निवासी ग्राम कलवार, अर्जुन पिता मनोहर मीणा निवासी ग्राम कलवार, राजेश पिता रामचन्द्र निवासी ग्राम कलवार, राजेश पिता गंगाराम निवासी ग्राम सुन्दरेल, राकेश पिता जगनजान निवासी ग्राम महुडिया को हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से तास पत्ते व नगदी लगभग 4250/- रूपये जप्त किये गये है आरोपीगण को धारा 13 जुआ एक्ट अतर्गत गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में प्रआर दीपक अग्निहोत्री, आर. रविराज चौहान, आर योगेन्द्र, आ.बाबी वर्मा, व आर. राहुल, आर. बालकृष्ण छापे का योगदान रहा।

# नजीराबाद में धूमधाम से निकली बाबा महाकाल की बारात

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, प्रेम सिंह कुशवाहा



**नजीराबाद।** कस्बा नजीराबाद में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में गुरुवार दिनांक 27 फरवरी को नजीराबाद के राजीव गांधी बस स्टैंड के समस्त भक्तजनों द्वारा धूमधाम से बाबा महाकाल की बारात निकाली गई ,,शिव बारात नजीराबाद के विवेकानन्द विधालय से शाम 7 बजे प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई चित्रांश विधालय पहुंचने के पश्चात् श्री हनुमान मंदिर पर समापन हुई। बारात में बाबा महाकाल, माता पार्वती जी के पात्रों के सांथ नंदी महाराज घोड़ा गाड़ी पर विराजमान होकर निकले, जिन्होंने शिव बारात में चार चांद लगा दिए।

**भक्तों ने बारात का किया भव्य स्वागत :** बारात के दौरान भक्तों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर, महाप्रसादी (भांग) का वितरण कर बरातियों का भव्य स्वागत किया वहीं शिवजी, पार्वती जी तथा नंदी महाराज की आरती उतारकर पुष्प मालाओं से वंदन-अभिनंदन किया।

**माता-बहनें भी बनी बारात का हिस्सा :** भव्य शिव बारात में पूरे नजीराबाद सहित आसपास के धर्म प्रेमी भक्त भी हुए शामिल,भक्तों की भीड़ देखते ही बनती थी नजीराबाद में पहली बार भक्त युवाओं एंव सम्मानिय बंधुजनों के सांथ पूरे चल समारोह में बड़ी संख्या में माता बहने भी उपस्थित रहीं तथा डीजे की धुन पर थिरकतीं भी नजर आयीं।

## राशन वितरण में गड़बड़ी, लोगों ने कलेक्टर से की शिकायत: जांच टीम के पहुंचने से पहले भागा सेल्समैन, तहसीलदार ने दुकान की सील

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो/मनोज सिंह



टीकमगढ़ के मोहनगढ़ तहसील में राशन वितरण में गड़बड़ी सामने आई है। ग्राम पंचायत बहादुरपुर के लोगों ने कलेक्टर को राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत की थी। कलेक्टर के आदेश पर शुक्रवार को तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकर और खाद्य अधिकारी ललित मेहरा ने राशन दुकान का निरीक्षण किया। लेकिन जांच टीम के पहुंचने से पहले ही सेल्समैन दुकान में ताला लगाकर फरार हो गया।

**अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से की पूछताछ :** स्थानीय लोगों से अधिकारियों ने पूछताछ की। ग्रामीणों ने बताया कि सेल्समैन नियमित रूप से राशन वितरण नहीं कर रहा है। इसके बाद तहसीलदार और खाद्य अधिकारी ने पंचनामा बनाया और दुकान को सील कर दिया। तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि जांच रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी जाएगी। कलेक्टर के निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस तरह की शिकायतें लगातार मिल रही हैं।

## बेबस +सुनार नदी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से चिन्हित ग्रामों मेंनुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम वासियों को दी गई जानकारी

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह जिले कि नदी बेबस+ सुनार ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से चिन्हित ग्रामों में मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिसमें व्ही.डब्ल्यू.एस.सी. समिति अंशदान की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को दी गई। नुक्कड़ नाटक पथरिया ब्लॉक के ग्राम हरद्वानी, पिपरिया चंपत, रानगिर, इमलीजोग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जल निगम से ओम प्रकाश विश्वकर्मा, प्रदीप नामदेव सहित समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रहीं। ग्रामवासियों ने योजना का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया।

## कलेक्टर कोचर द्वारा 30 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि दी स्वीकृत

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



दमोह – कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के ग्राम समन्ना के पास सड़क दुर्घटना में आनंद अठ्या एवं शांति अठ्या की मृत्यु होने पर मृतकों के वारिसान साकिन छापरी करंजू तहसील दमोह निवासी कोमल अठ्या को 15-15 हजार रूपये के हिसाब से 30 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर बिल्लियों और पोल्ट्री में बर्ड फ्लू की रिपोर्ट निगेटिव-कलेक्टर श्री कोचर

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह – कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आमजन से कहा छिंदवाड़ा में बिल्लियों और खास तौर से पोल्ट्री में बर्ड फ्लू की बात सामने आई थी, तभी से जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है और हमारे यहाँ से भी बड़ी संख्या में सैंपल जबलपुर स्थित लेबोट्री भेजे गये हैं, वहाँ से किसी भी सैंपल के पॉज़िटिव होने की रिपोर्ट नहीं है। अभी तक सभी सैंपल निगेटिव आए हैं, इसलिए किसी प्रकार की चिंता का विषय अभी तत्काल नहीं है। उन्होंने बताया पशुपालन विभाग इस पर पूरी निगाह रखे हुए हैं और इस बारे में एक एडवाइजरी भी जारी की जा रही है। ताकि हमारे जो पशुपालक हैं या बिल्ली पालक हैं या पोल्ट्री फर्म संचालक है, वो लोग इन विषयों को लेकर के सतर्क रहे।

## विश्वकर्मा मंदिर परिसर के सौंदरीकरण का काम शुरू

नितिन जोहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



सीहोर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय माननीय विधायक श्री सुदेश जी राय के द्वारा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में सौंदर्यकरण और निर्माण कार्यों के लिए दी गई ?3 लाख रुपए की राशि का सदुपयोग होना शुरू हो गया है।माननीय नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस जी राठौर के द्वारा भी विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आवश्यकता अनुसार भवन निर्माण कराई जाने की घोषणा की गई है।

शुक्रवार को विश्वकर्मा मंदिर परिसर पहुंचकर क्षेत्रीय पार्षद और नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष श्री विपिन सास्ता नाना और नगर पालिका के इंजीनियर द्वारा परिसर में स्टैंडर्ड कलर गप्पे लगाने के लिए नापतोल की गई है जल्दी ही कार्य शुरू होगा। इस शुभ अवसर पर श्री विश्वकर्मा सेवा समाज समिति अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा उपाध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा सचिव दिनेश विश्वकर्मा सह सचिव राजेश विश्वकर्मा महामंत्री राजेश विश्वकर्मा रोहित प्रेम बृजेश सुनील विश्वकर्मा सभी लोग मौजूद रहे

## आलोट नगर परिषद के इतिहास का सबसे भ्रष्ट इंजीनियर: नियमों को ताक पर रख करवा रहा नाले का निर्माण

### जांच के लिए कलेक्टर ने लिया संज्ञान पीडब्ल्यूडी से कराएंगे जांच।

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



आलोट। आलोट नगर परिषद की इंजीनियर शकील खान के नेतृत्व में घटिया निर्माण कार्य चल रहा है अगर किसी को देखना है तो वे सीधे आलोट आकर देख सकते है,यहां आकर देखोगे तो आपको मालूम पड़ेगा वाकई में घटिया निर्माण होता क्या है।आपको बता दे की 87 लाख रुपए की लागत से आलोट के कारगिल चौराहा से नगर परिषद चौराहा तक नाले का निर्माण नगर परिषद द्वारा करवाया जा रहा है।यहां बड़े पैमाने पर भारी भ्रष्टाचार ठेकेदार चंदवासा के ठेकेदार शरद महेश्वरी द्वारा किया जा रहा है।

**12 एमएम की जगह 10 एमएम का सालिया** ठेकेदार इंजीनियर की मिली भगत के चलते एस्टीमेट के उलट कार्य चल रहा है, जहां एस्टीमेट में 12 एमएम सरिया लगाना निश्चित है, उसे स्थान पर ठेकेदार ने 10 एमएम सरिया लगाया जाल में सालियों से सालिए की दूरी 8 इंच होना चाहिए जबकि ठेकेदार ने यहां दूरी 15 इंच तक कर रखी है। सीसी कंक्रीट इंस्ट्रूमेंट के अनुसार 4 इंच होना अनिवार्य है लेकिन इसके विपरीत 2.5 इंच सीसी कंक्रीट किया गया, इस कार्य के दौरान नगर परिषद के इंजीनियर शकील खान मौके पर उपस्थित रहे, शकील खान की आंखों के सामने हो रहा है घटिया निर्माण उन्हें दिखाई नहीं दे रहा है, उल्टा और ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य को सही बताने में लगे हुए हैं। नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी अभिषेक निर्माण कार्य की ओर देखने तक नहीं आते हैं

**सीएमओ ने कोर कटिंग कर जांच के निर्देश दिए :** मामले में शिकायत के बाद नगर परिषद के सीएमओ दिलीप श्रीवास्तव जांच करने, जिसमें कंक्रीट की कोर कटिंग होना थी, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी वह जांच नहीं हो। अब रतलाम कलेक्टर राजेश कुमार बाथम ने मामले में संज्ञान लिया है उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से पूरे नाली निर्माण की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

## खरगापुर में 20 एकड़ गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाया



### प्रशासन ने पक्के मकान तोड़े और खड़ी फसल नष्ट की; पुलिस बल तैनात रही

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो/ मनोज सिंह

खरगापुर में शुक्रवारअधिकारियों ने 20 एकड़ गोचर भूमि से अवैध कब्जा हटाया। जेसीबी की मदद से गोचर भूमि पर बनेकच्चे-पक्के निर्माण और फसलों को हटाया गया। बल्देवगढ़ महेश एसडीएम भारती मिश्रा के अनुसार, आधा दर्जन से अधिक लोगों ने गोचर भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर खरगापुर तहसीलदार से मामले की जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट के बाद पुलिस बल के साथ कार्रवाई की गई। लोगों के विरोध की आशंका को देखते हुए खरगापुर, बल्देवगढ़ और आसपास के थानों का पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। आज दोपहर 1 बजे से शुरू हुई कार्रवाई में जेसीबी से अवैध निर्माण हटाए गए। कुछ लोगों ने गोचर भूमि पर की गई फसलों की बुवाई को भी नष्ट किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया। पूरी कार्रवाई के दौरान एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद रहे।

## युवा समाजसेवी रूपेश्वर को मिली हिन्दू सनातन संघ बैतूल जिला अध्यक्ष की कमान

### युवा समाजसेवी रूपेश्वर को मिली हिन्दू सनातन संघ की जिम्मेदारी

### रूपेश्वर साहू बने हिन्दू सनातन संघ के बैतूल जिला अध्यक्ष

### जिले में लव जिहाद और धर्मांतरण को रोकने करेंगे जागरूक

केसरिया हिंदुस्तान



बैतूल। हिन्दू सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा ने आठनेर के युवा समाज सेवी रूपेश्वर साहू को हिंदू सनातन संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त बैतूल जिला अध्यक्ष रूपेश्वर साहू ने बताया कि हिंदू सनातन संघ लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में लव जिहाद और धर्मांतरण को रोकने के लिए हिंदू सनातन संघ के विचारों को लोगों के बीच लेकर जायेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर टीम गठित कर लोगों को जागरूक भी करेंगे। श्री साहू ने जिले के युवाओं को सनातन धर्म को मजबूत बनाने के लिए संघ से जुड़ने का आह्वान किया है।

**सनातन धर्म को मजबूत बनाने के लिए आगे आए:** नवनियुक्त बैतूल जिला अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा कई वर्षों से पूरे देश का दौरा कर रहे हैं और सनातन धर्म को मजबूत बनाने के लिए अपनी आवाज उठा रहे हैं। सनातन संघ में दुनिया भर के हजारों लोग जुड़े है, जो हमेशा मदद के लिए तैयार रहते हैं। सनातन संघ ट्रस्ट कई उद्देश्यों के लिए काम कर रहा हैं जैसे आध्यात्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, धार्मिक और राष्ट्रीय त्योहारों का जश्न मनाना, रक्तदान करना, हिंदू धर्म के महत्व पर व्याख्यान आयोजित करना, गांवों में पिछड़े वर्ग के लोगों की मदद करना और गरीब परिवारों की मदद करना, सभी को गोसेवा के लिए प्रेरित करना और गोमाता के लिए गोशाला बनाना, आपातकाल में लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, लव जिहाद से लड़ना और भी अन्य कार्य किए जाते हैं।

**रूपेश्वर को शुभचिंतकों ने दी बधाई :** उल्लेखनीय है कि रूपेश्वर साहू राष्ट्रीय हिन्दू सेना में जिला संयोजक के पद पर और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद दिल्ली के मध्यप्रदेश स्टेट पब्लिक वेलफेयर डायरेक्टर तथा सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय है। रूपेश्वर साहू को हिंदू सनातन संघ में नियुक्त करने के बाद उनके मित्रों, शुभचिंतकों और परिवार के सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उवल भविष्य की कामना की है। इसके अलावा जिले के कई प्रमुख समाजसेवियों, राजनीतिक नेताओं और अन्य संगठनों के लोगों ने भी रूपेश्वर को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी हैं।

## बैरसिया के ग्राम डूंगरिया से प्रयागराज, अयोध्या, काशी विश्वनाथ तक श्रद्धालुओं की 1000 किलोमीटर पदयात्रा का भव्य समापन

### श्रद्धालुओं ने 22 दिन लगातार की धार्मिक आस्था की पद यात्रा

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854



**बैरसिया।।** ग्राम डूंगरिया के 48 श्रद्धालुओं ने धर्म, आस्था और भक्ति की अद्वितीय मिसाल पेश करते हुए करीब 1000 किलोमीटर की पैदल पदयात्रा पूरी की। यह यात्रा प्रयागराज, अयोध्या और काशी विश्वनाथ तक संपन्न हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने 22 दिन लगातार पदयात्रा कर धार्मिक स्थलों के दर्शन किए यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का विभिन्न स्थानों पर स्थानीय भक्तों द्वारा फूल मालाओं और प्रसाद के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। रात्रि विश्राम के समय श्रद्धालु समीपस्थ मंदिरों में रुकते और रामधुन एवं भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना देते थे करीब एक महीने की यात्रा के बाद सभी श्रद्धालु सकुशल अपने गांव डूंगरिया लौटे। गांव पहुंचने पर ओम सिद्धि कृषि सेवक केंद्र मंगरा जोड़ पर किसान संघ के जिला मीडिया प्रभारी विनय पटेल द्वारा श्रद्धालुओं का शाल, श्रीफल और पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। सभी श्रद्धालुओं के लिए सत्कार एवं सामूहिक भोजन की विशेष व्यवस्था की गई इस अवसर पर ग्राम सरपंच शैतान सिंह राजपूत, सचिव कैलाश नारायण साहू, रोजगार सहायक दशरथ सिंह राजपूत पंडित कैलाश नारायण बैरागी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे यह पदयात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि1 समाज में सद्भाव, एकता और सेवा भाव का संदेश भी दे गई।

## सरकारी राशि का किया निजी उपयोग पंच ने की सरपंच एवं सचिव की शिकायत

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



**आलोट** ग्राम पंचायत तालोद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर पंचायत के पंच शिवम बामनिया ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन, जनपद सीईओ और एसडीएम आलोट से की है।

उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि पंचायत के सरपंच एवं सचिव की मिलीभगत से पंचायत में विकास कार्यों के लिए आई राशि को निकालकर इसका उपयोग निजी कार्य में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सात लाख रुपए की राशि जनवरी 2024 में स्वीकृत हुई थी, जिसमें से करीब दो लाख रुपए रेत, गिट्टी और सीमेंट के बिलों के भुगतान कर निकाली गई है, जबकि धरातल पर कोई काम शुरू होना तो दूर साइड पर कोई किसी प्रकार का मटेरियल तक मौजूद नहीं है। इस मामले को उन्होंने स्थानीय अधिकारियों के समक्ष और चार बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई है। लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नही की गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले दो वर्ष से पंचायत में सहायक सचिव नही है, जिस कारण से शासन की विभिन्न योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को भटका कर लाभ से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि ग्राम पंचायत में दबंगई और राजनीतिक प्रभाव के चलते योजनाएं और विकास कार्य रुके हुए है। इसलिए जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग पत्र में की है।

## परसवाड़ा कॉलेज में हुआ एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दीपक बंशपाल केसरिया हिंदुस्तान



**बालाघाट** रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा में मध्य प्रदेश आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के पत्र क्रमांक 2298/ 694 /अउशी/शा-5 अ/2025 दिनांक 27/2/ 2025 के परिपालन में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एल एल घोरमारे, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी राजेन्द्र गणवीर, आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ अरुण कुमार वैद्य, उद्यमिता विकास अधिकारी आई टी आई परसवाड़ा वेदप्रकाश धार्मिक तथा इंजीनियर रविशंकर विजयवार द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर की गई।अपने अध्यक्षीय संबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एल एल घोरमारे ने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत युवा जागरुकता अभियान शुरू किया गया है क्योंकि युवा ही देश की तकदीर निर्माता हैं। वहीं आई टी आई परसवाड़ा से पधारे उद्यमिता अधिकारी वेदप्रकाश धार्मिक ने बताया कि विद्यार्थियों को कौशल सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इंजीनियर रविशंकर विजयवार ने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एक नई केंद्रीय योजना है जिसकी घोषणा पिछले साल के बजट में की गई थी। कारपोरेट कार्य इस योजना का कार्य कार्यान्वयन करने वाला मंत्रालय है इस योजना के अंतर्गत Url-www.pminintership.mco.gov.in वाला एक पोर्टल बनाया गया है इच्छुक विद्यार्थी इंटर्नशिप प्राप्त करने के लिए पंजीकरण आवेदन इस वेबसाइट पर कर सकते हैं। वहीं डॉ अरुण कुमार वैद्य ने विद्यार्थियों से स्किल सीखने हेतु पोर्टल पर पंजीयन करने की अपील की। इस कार्यक्रम में भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सोनू भीमटे ने विद्यार्थियों को इस योजना का प्रचार प्रसार अधिक करने को कहा ताकि अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सके।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं प्लेसमेंट ऑफिसर राजेन्द्र गणवीर ने कहा कि युवा उत्कृष्ट कौशल सीखकर रोजगार मांगने वाले नहीं रोजगार देने वाले बने, इसका सर्वोत्तम विकल्प प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ तनुजा बंसोड़ एवं सुदर्शन वॉलऔंडरे सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा।

## जिला चिकित्सालय में योग शिक्षक दिनेश साहू ने 50वीं बार क्या रक्तदान

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो 9977365001





जिला चिकित्सालय में योग शिक्षक दिनेश साहू ने 50 वी वार रक्तदान पर एसपी ने किया सम्मान नियमित रक्तदान से सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हमारे शरीर का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एचबीएसएजी, एचसीवी, वीडीआरएल आदि जांचें हो जाती हैं।रक्तदान को इसलिए महादान का नाम दिया गया है क्योंकि आप जो ब्लड दान करते हैं, उससे लोगों की जिंदगी बच जाती है. ब्लड यानी खून एक ऐसी चीज है जिसे बनाया ही नहीं जा सकता। इसकी आपूर्ति का कोई और विकल्प भी नहीं है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है। कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर में 50वी बार रक्तदान किया

# भोपाल में इन्वेस्टर्स समिट सिंगरौली में हाहाकार

## भूमि हीन होने के बाद के डर से नीद हराम, - बंधा कोल ब्लाक से प्रभावित किसान सहमें

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला



सिंगरौली- प्रदेष की राजधानी भोपाल में जुटे उद्योगपतियों और उनके द्वारा किये जा रहे निवेष से भले ही प्रदेष सरकार अपनी पीठ थपथपा रही हो लेकिन इससे प्रभावित होने वाले सिंगरौली जिले के किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। किसानों को अपनी पुस्तैनी जमीन छिनने का डर सता रहा है। अपनी जमीन से प्रेम करने वाले किसानों की नीद हराम है, हालत यह है कि किसान प्रषासन के सामने अपनी जमीन बचाने के लिये गिडगिडा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उनकी जमीन बहुत ही कम कीमत पर छीनी जा रही है। इसी सिलसिले में बंधा कोल ब्लाक से प्रभावित किसानों ने षुक्रवार को कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।


उल्लेखनीय है कि सरई तहसील के बंधा में स्थापित हो रही बंधा कोल ब्लाक में किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। जिसमें किसानों को बहुत कम दर पर जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। जबकि सिंगरौली जिले मे जमीन का मूल्य काफी ज्यादा हो गया है। हालत यह है कि किसान जब जमीन बेचते हैं तो उन्हें सरकारी मूल्य से काफी ज्यादा दर पर रुपये मिलते हैं लेकिन कंपनियां सरकारी दर से भी कम में जमीन का अधिग्रहण कर रही है। ऐसे में लोग काफी सहमें हुये है। अभी तक सिंगरौली जिले में कई कंपनियां स्थापित हो चुकी है। जिससे किसानों की जमीन लगातार छिनी जा रही है। कंपनियां बहुत कम कीमत पर जमीन का अधिग्रहण कर रही है, हालत यह है कि सरकारी दर से कम दर पर जमीन छीनी जा रही है।

**किसानी छिनने से रोजगार का खतरा :** जिले में ज्यादातर लोग किसानी से ही जुडे हुये है। किसानी उनके दिनचर्या से जुड़ी हुयी है। किसानी से मिले आनाज के सहारे वे अपना जीवन गुजारते हैं। अब किसानी भी छीन ली जा रही है वहीं रोजगार भी नहीं मिल रहा है। बंधा निवासी किसान अनुसुइया ने कहा कि वे भूमि हीन हा जायेंगे। उनके बच्चों के पास जमीन नहीं बचेगी। कंपनी की ओर से रोजगार की भी गारंटी नहीं दी जा रही है। इसी प्रकार किसान दिनकर भुर्तिया ने बताया कि उनका पूरा परिवार उजड जायेगा।

**मुख्यमंत्री से आडानी की मुलाकात** :बंधा के सरपंच देवेन्द्र पाठक ने कहा कि भोपाल में मुख्यमंत्री एवं आडानी की मुलाकात के बाद किसान सहमें हुये हैं उन्हें डर है कि प्रषासन किसानों की मांगों एवं समस्या को नजरअंदाज कर कंपनी की मदद करेगा ऐसे में किसानों की कोई नहीं सुनेगा। अब किसानों को भरोसा सरकार की ओर से कोई देगा तभी किसानों का विष्वास बढेगा अन्यथा वे अपने को ढगा सा महसूस कर रहे हैं।

# आदिमरंग नाट्य महोत्सव में सुखिया और सल्तनत ने किया दर्शकों को लोटपोट

केसरिया हिंदुस्तान



**बैतूल।** नाट्य संस्था आदिम कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी और ओन स्टेज ट्रस्ट आगरा द्वारा जिला प्रशासन बैतूल के सहयोग से शहीद भवन बैतूल में शुक्रवार को एक दिवसीय आदिमरंग नाट्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस नाट्य महोत्सव में शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान दर्पण रंग समिति बरही जिला कटनी से दुर्गेश सोनी के निर्देशन में रंग संगीत की प्रस्तुति दी गई। महोत्सव की पहली नाट्य प्रस्तुति संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रस्तुत एवं राकेश वरवड़े और कलीम जफर के निर्देशन में निर्देशित नाटक सुखिया मर गया भूख से की दी गई। इस नाट्य महोत्सव में दूसरी प्रस्तुति दर्पण रंग समिति बरही जिला कटनी से दुर्गेश सोनी के निर्देशन में निर्देशित सल्तनत नाटक की प्रस्तुति दी गई। सशक्त अभिनय और निर्देशन से सजी इन नाट्य प्रस्तुतियों को देख दर्शक उत्साहित हुए और ऐसे उत्सव आगे भी आयोजित करने का अनुरोध किया।

उल्लेखनीय है आदिम ग्रुप जिले में लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित करते आ रहा है,। जिससे जिले में रंगमंचीय विकास के साथ शहर की प्रतिभाओं को सशक्त बनाया जा सके। इसी क्रम में संस्था ने आदिमरंग नाट्य महोत्सव का आयोजन किया है। इससे पूर्व संस्था ने वर्ष 2022 में तीन दिवसीय गंजन सिंह कोरकू महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा की कक्षा 6वीं में प्रवेश के आवेदन आमंत्रित

केसरिया हिंदुस्तान दीपक बंशपाल



**बालाघाट** जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विभागीय विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन 18 फरवरी से विभागीय एमपीटास पोर्टल पर आमंत्रित किए गये हैं। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित है, तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 30 मार्च संभावित है। एकलव्य आदर्श अवासीय विद्यालय उकवा प्राचार्य से प्राप्त जानकारी अनुसार जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में अधिक से अधिक जनजातीय वर्ग, विशिष्ट पिछडी जनजाति (बैगा, भारिया, सहरिया), गैर-अधिसूचित घुमक्कड एवं अर्द्ध घुमक्कड समुदाय ( डीएनटी/एनटी/एसएनटी ) के अलावा वे बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, उग्रवाद/कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग एवं दिव्यांग माता पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन निर्माण के लिये भूमि दान की हो) वर्ग के छात्र-छात्राओं एवं ट्रांसजेन्डर विद्यार्थियों को अध्ययन का अवसर प्राप्त हो सके। इसके लिए आवश्यक है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वी की प्रवेश परीक्षा के लिए अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं विभागीय एमपीटास पोर्टल पर आवेदन करे।

# कुबेरेश्वरधाम पर भक्ति का सागर, लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

## आज फुलेरा दूज पर किया जाएगा भगवान शिव को धतुरा समर्पित

## तस्वीर में नहीं तकलीफ में साथ खड़े होने वाले अपने होते है- अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

नितिन जौहरी दैनिक
केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** सच्चा इंसान वही है जो किसी और के दर्द और तकलीफ को समझे, तस्वीर और तकलीफ में अंतर है। तस्वीर में साथ खड़े होने वाले तकलीफ में साथ नहीं खड़े होते है। दर्द, विपत्ति और तकलीफ में तो भगवान शिव ही आपके साथ खड़ा होगा। शिव का द्वार ही ऐसा ही जहां आपकी तकलीफ का समाधान होगा। इसलिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु उन्नति, प्रगति और कुबेर का आर्शीवाद लेने वाले ही कुबेरेश्वरधाम पर आते है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के अंतर्गत भव्य शिव महापुराण के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।

दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक पंडाल में ऐसा माहौल था हर कोई सबकुछ भूलकर बस कथा में रमा नजर आता है, शिवजी के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठता है। ओ भोला सब दुख काटो म्हारा...शिव शंकर जपूं तेरी माला... भोला सब दुख काटो म्हारा भजन पर हर कोई शिव की स्तुति में खोता नजर आया। लुटा दिया भंडार काशी वाले ने...कर दिया मालामाल काशी वाले ने...भजन पर हर-हर महादेव के जयकारे सुनाई देने लगे।

12 ज्योर्तिलिंग के मध्य में बने 75 एकड़ के भव्य कुबेरेश्वधाम में चार दिन से चल रही शिव महापुराण कथा में भक्ति का समुंद्र लहरा रहा है। कितने ही ऐसे परिवार रोज पहुंच रहे हैं, जिनके शिव की भक्ति करने बाद जीवन में बड़े बदलाव आए हैं। वे चिट्ठी के जरिए अपने दुखों को हरे जाने की कहानी बताते हैं। कैसे एक लोटा जल शिवजी को चढ़ाया और उनकी दुनिया ही बदल गई। ऐसे श्रद्धालुओं को पं. प्रदीप मिश्रा मंच पर बुलाकर उनको बेल पत्र भी देते हैं। शुक्रवार को मुंबई से आए उमेश कुमार शाह ने बताया कि वह अपनी पीड़ा लेकर ट्रेन से आई थी और बाबा ने उनकी पीड़ा का हरण किया है, अब में रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होने के लिए फ्लाइट से आई हूं। पंडित श्री मिश्रा ने उनका पत्र पढ़कर सुनाते हुए कहा कि मुंबई से आए परिवार की राशि बैंक में अटक गई थी, सीए ने बताया कि अटकी हुई राशि का करीब 20 प्रतिशत कटकर मिलेगा। अपने दुख को लेकर वह बाबा के धाम पर आई और मात्र कुछ दिनों में परेशानी दूर हो गई। वहीं एक पत्र में एक श्रद्धालु रेखा सौलंकी उत्तरप्रदेश के बुलंद शहर से आए है उनके पुत्र को किडनी थी, लेकिन एक लोटा जल शिव को समर्पित करने के बाद उनका बच्चा स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। अनेक ऐसे भक्त है जिन्होंने भरोसे से शिव की भक्ति की और उनकी तकलीफ का निदान हुआ है।

# हमारे लिए सौभाग्य एवं गर्व की बात है कि हम सीहोर की धरती पर रहते हैं: जसपाल सिंह अरोरा

## - कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने की व्यास पीठ की पूजा, पंडित प्रदीप मिश्रा का किया सम्मान

नितिन जौहरी दैनिक
केसरिया हिंदुस्तान




**सीहोर।** हमारी सिद्धपुर सीहोर की धरती वह पावन, पवित्र धरती है, जहां पर भव्य रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिव महापुराण का आयोजन चल रहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य एवं गर्व की बात है कि हम इस पावन धरती पर रहते हैं और उससे भी बड़े सौभाग्य की बात यह है कि हमें देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा का मौका मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सीहोर का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है। यह बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कही। उन्होंने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की एवं पंडित प्रदीप मिश्रा का शॉल, श्रीफल भेंटकर, फूल माला पहनाकर सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस दौरान मध्यप्रदेश के वरिष्ठ मंत्री एवं इछावर से विधायक करण सिंह वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री अरोरा ने कहा कि सीहोर नगर सहित आसपास का पूरा क्षेत्र शिवमय है। दूर-दूर से लोग शिवमहापुराण की कथा सुनने के लिए कुबेरेश्वर धाम में पधारे हैं। उनका सभी का सीहोर की धरती पर स्वागत, अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए ऐसे आयोजनों की आज महत्ती आवश्यकता है। सीहोर में हर वर्ष यह आयोजन भव्य रूप से होता आ रहा है। इस आयोजन के लिए व्यवस्थाएं जुटाने की जिम्मेदारी संभाल रही विठलेश सेवा समिति, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन प्रशंसा का पात्र है कि वे यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को इतनी बेहतर सुविधाएं दे रहे हैं, जिसके कारण श्रद्धालुओं को परेशानियां नहीं हो रही हैं।

# शुगर फैक्ट्री चुनाव में घमासान,,, बोल बाला और झूठो का मुंह काला,,

बुरहानपुर विकास ठाकुर



बुरहानपुर - जिले में झिरी गांव स्थित नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना में शुक्रवार को डेलीगेट चुनाव सम्पन्न हुए, इस चुनाव में ठाकुर शिवकुमार सिंह किसान हितैषी पैनल ने एक तरफा जीत हासिल करके एक बार फिर इतिहास रच दिया है, दरअसल ठा. हि. पैनल को गन्ना उत्पादक किसानों ने विश्वास जताकर चुनाव में जीत दिलाई है, कुल 9 में से 7 डेलीगेट को भरपूर वोट मिले हैं, जबकि इस चूनाव में शुगर कारखाना पर ताला लगाओ पैनल को केवल दो ही जगहों वोट मिल पाए हैं।

किसान हर्षित सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया इस बार डेलीगेट चुनाव में कि जो अफवाह फैलाई जा रही थी, वह महज अफवाह साबित होकर रह गई, दरअसल सत्ताधारियों ने इस चुनाव में मां बेटे आमने-सामने मैदान में हैं, आपस में खटास पड़ गई है, इस तरह के शब्दों का उपयोग किया था, लेकिन मां ने बेटे आदित्यवीर को वोट देकर ममता की मिसाल पेश की है, उन्होंने बेटे को जीत दिलाकर अपना फर्ज निभाया, ठाकुर तारिका सिंह ने बेटे आदित्यवीर सिंह को ही वोट डाला है, बेटे को 7 सीट मिली है। जिसको लेकर एक तरफ जीत हुई है। किसानों ने जिस तरह से एक तरफ जीत दिलाकर एक बार फिर से किसान हितेषी ठाकुर शिवकुमार सिंह द्वारा बनाई गई शुगर फैक्ट्री को बनाए रखने के लिए अपना पुरजोर जोर लगाया है। उसी के लिए सभी किसानों का पैनल ने आभार माना है।

मंजारोद कलां में भी ठाकुर पैनल में जीत दर्ज कराई है, ठाकुर देवेश्वर सिंह ने मंजारोद कलां से सुखलाल खानु को जीत दिलाई है.

ठाकुर किशोरीदेवी जी ने सभी किसानो को बधाईया प्रेषित की है, उन्होंने गन्ना उत्पादक किसानो का आभार व्यक्त किया है, उनका कहना है कि यह जीत स्वर्गीय ठाकुर शिवकुमार सिंह जी को समर्पित है.

# प्राचार्य की तेरही बरखी कर देने की धमकी देने वाले लिपिक के खिलाफ कार्यवाही न होने से पिछड़ा वर्ग अंदर ही अंदर नाराज , करेगा आंदोलन

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया
हिंदुस्तान



शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी आर एन पटेल को तेरही बरखी कर देने का ऑडियो वायरल हुआ था। जिसमें शिक्षा महाविद्यालय का विवादित लिपिक जितेंद्र कुमार पांडे शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन पटेल एवं लिपिक प्रियंक कुमार नामदेव दोनों को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए देख लेने एवं तेरही बरखी कर देने की धमकी दे रहा था। इतना ही नहीं उसने धमकी भरे लहजे में दोनों को चेतावनी देते हुए कहा था , कि अब देखना मैं कैसी राजनीति करता हूं ।मैं जिसके पीछे पड़ता हूं , उसकी मौत हो जाती है । बड़े-बड़े अधिकारी मर गए हैं रामनरेश पटेल क्या चीज है,उसकी क्या औकात है , रामनरेश हमे जानता नहीं क्या ? इतना ही नहीं उसने धमकी देते हुए यह भी कहा था कि अब देखना मैं कैसे , ऐसी तैसी करता हूं और तुम दोनों की तेरही बरखी कर दूंगा।

गौरतलब है कि डॉ आर एन पटेल एवं प्रियंक कुमार नामदेव दोनों ही पिछड़ा वर्ग से आते हैं। पिछड़ा वर्ग के दो कर्मचारियों को जिनमें से एक पूर्व में जिला शिक्षा अधिकारी भी रह चुके हैं,जिनकी छवि एक सुलझे हुए सज्जन अधिकारी की है जिनका पिछड़ा वर्ग में काफी सम्मान है,इस तरह की धमकी दिए जाने एवं दोषी के खिलाफ स्पष्ट सबूत होने प्रमाण होने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाही न किये जाने से पिछड़ा वर्ग के संगठनों में भारी आक्रोश एवं नाराजगी है।

पिछड़ा वर्ग संगठन अपनी आगामी रणनीति तय कर रहा है और शीघ्र ही बड़ा आंदोलन हो सकता है। वही नामदेव समाज में भी भयानक आक्रोश है । यदि प्रशासन ने दोषी लिपिक जितेंद्र कुमार पांडे के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही नहीं की,तो एक बड़ा आंदोलन हो सकता है।

# शारदा को मिली समयपाल महासंघ की जिला अध्यक्षी

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



रीवा, समयपाल महासंघ शाखा रीवा द्वारा आवश्यक बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा कर्मचारी काँग्रेस द्वारा की गई। बैठक में समयपाल महासंघ के अध्यक्ष रामजी शर्मा फरवरी महीने वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए अध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया बैठक में पूर्ण की गई, जिसमें सर्व सम्मति से शारदा प्रसाद पासी निवासी बिछिया को समयपाल महासंघ शाखा रीवा का निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्रमुख रूप से वरूणेन्द्र त्रिपाठी,दिनेश,उमाकान्त शर्मा, बदरूद्दीन खान,श्रीनाथ तिवारी,सुरेन्द्र सिंह,बालगोविंद मिश्रा एवं सुरेन्द्र पाण्डेय आदि सदस्य बैठक में मौजूद रहे। साथ ही कर्मचारी काँग्रेस की ओर से केके पाण्डेय,शिव कुमार शर्मा,विश्वमुनी पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान समयपाल महासंघ के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष शारदा पासी को सभी सदस्यगणों ने बधाई दी।

# कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रही है परीक्षाएं

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं संचालित पाई गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने श्योपुर स्थित अशासकीय अल्फा इंग्लिश स्कूल तथा अशासकीय सरस्वती विद्या मंदिर में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई। अशासकीय अल्फा इंग्लिश स्कूल स्थित परीक्षा केन्द्र पर 441 विद्यार्थी परीक्षार्थी के रूप में दर्ज थे, जिनमें से 440 उपस्थित रहें तथा एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। इस अवसर पर परीक्षा केन्द्र के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्ष श्री हसीर खान ने बताया कि 12वी बोर्ड की परीक्षा अंतर्गत अंग्रेजी विषय तथा 10वी बोर्ड की परीक्षा अंतर्गत उर्दू विषय की परीक्षा संचालित है। 10वी बोर्ड की उर्दू विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 14 परीक्षार्थियों में से 13 उपस्थित रहें है तथा एक परीक्षार्थी अनपुस्थित है।

इसी प्रकार सरस्वती विद्या मंदिर स्थित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष श्री जेपी जाटव ने बताया कि 12वी बोर्ड की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में सभी 138 परीक्षार्थी उपस्थित रहें। 10वी बोर्ड के लिए आयोजित उर्दू विषय की परीक्षा में भी सभी 34 परीक्षार्थी उपस्थित रहे है। परीक्षा केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री मनोज गढवाल, सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर भी उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि 12वी बोर्ड की परीक्षा के लिए जिले में 32 तथा 10वी बोर्ड परीक्षा के लिए 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, सभी परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारियों को भी नियुक्त किया गया है।

**12वी बोर्ड की परीक्षा में 3 हजार 995 परीक्षार्थी हुए शामिल :** 12वी बोर्ड के अंग्रेजी विषय के पेपर के लिए 31 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई परीक्षा में कुल 4 हजार 59 परीक्षार्थियों में से 3 हजार 995 परीक्षार्थी शामिल हुए। 64 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। इसी प्रकार 10वी बोर्ड के लिए आयोजित उर्दू विषय की परीक्षा में कुल 114 परीक्षार्थियों में से 112 परीक्षार्थी शामिल हुए। दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें, उर्दू विषय की परीक्षा 12वी बोर्ड की परीक्षा के साथ ही 5 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई।

# आडम्बर से नहीं केवल विश्वास से निवेश आता है : पूर्व सीएम कमलनाथ

### चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा पहुंचे पूर्व सीएम कमलनाथ-नकुलनाथ

### गर्म जोशी से कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

( मारूति लाल विश्वकर्मा )



मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा पहुंचे। विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्?टी पर आगमन होने के उपरांत स्थानीय कांग्रेस जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने नेताद्वय का गर्मजोशी से स्वागत किया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनकी आगवानी की।

**इन्वेस्ट समिट पर साधा निशाना :** ईमलीखेड़ा हवाई पट्?टी पर उपस्थित मीडियाकर्मियों से चर्चा में माननीय कमलनाथ जी ने हाल ही में भोपाल में सम्पन्न हुए इन्वेस्टर समिट पर निशाना साधा। उन्होंने कहा आडम्बर से नहीं बल्कि निवेश विश्वास से आता है। इन कार्यक्रमों में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं किन्तु नतीजा सिफर ही निकलता है। भाजपा की सरकार में जितने भी इन्वेस्टर समिट हुई है उनका नतीजा सभी के सामने हैं। निवेश केवल विश्वास से होता है, विश्वास होगा तो निवेश होगा। विश्वास ही नहीं होगा तो निवेश भी नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि समिट हुआ है, लेकिन इसका कोई नतीजा निकलेगा ऐसी गारंटी नहीं है।

**केवल कागजों में निवेश :** पूर्व सीएम कमलनाथ ने आगे कहा कि सरकार को विश्वास पैदा करना होता है, निवेश की ऐसी नीतियां लानी होती जिसका लाभ सभी को मिले, केवल आयोजनों को भव्य रूप देने और कागजों में करोड़ों रुपयों के निवेश का दावा करना जनता को झूठे सपने दिखाना है जो भाजपा की सरकार कर रही है ।

# तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान




**राजगढ़** - जिले में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा (भा.पु.से.)अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा और एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुठालिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई की। घटना ग्राम गिन्दौरहाट शासकीय स्कूल के सामने रोड पर तेज आवाज में डीजे बजाते हुए रात्रि लगभग 10ः30 बजे पाया गया।जिसे पुलिस ने डीजे को मौके पर ही जप्त किया गया।

आरोपियों के नाम 1. अरुण पिता छोटेलाल वर्मा(आयु 22 वर्ष) निवासी गिन्दौरहाट ङ्क वाहन चालक 2. मनोज पिता रामभरोसा वर्मा (आयु 22 वर्ष) निवासी गिन्दौरहाट, थाना सुठालिया ङ्क डीजे संचालक कानूनी कार्यवाही में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 43/2025 के तहत धारा 223(ए) बीएनएस और 7/15 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

जप्त सामग्री पीकप पीछे की तरफ लगे बड़े स्पीकर बॉक्स जनरेटर म्यूजिक मशीन पेनड्राइव(तारों गोल रंग की लाइट्स टीम का योगदान इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुठालिया उप निरीक्षक प्रवीण जाट उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह सउनि दुर्गाप्रसाद शर्मा प्रधान आरक्षक भगवानसिंह मीना विनोद चौधरी आरक्षक कृष्णकांत और रामस्वरुप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**सख्त अभियान जारी रहेगा** वर्तमान में बच्चों की परीक्षा के चलते तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि छात्रों की पढ़ाई में बाधा न उत्पन्न हो।

# आरटीएसएल और जपाइगों सदस्यों का जिला भ्रमण

## एनसीडी अभियान के क्रियान्वयन और मैदानी कर्मचारियों की कार्य प्रणाली को बरीकी से समझा

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान




**राजगढ** - जिला स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत चल रहे एनसीडी, नाफन कम्यूनिकेबल डिसीज अभियान को बरीकी से समझने के लिए शुक्रवार को आरटीएसएल और जपाइगों के सदस्यों ने संयुक्त रूप से नरसिंहगढ़ ब्लाक का भ्रमण किया। इस दौरान अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य पदाधिकारी डॉ. थॉमस फ्रीडन रिटायर्ड आईएएस डॉ. मनोहर अगनानी और डॉ. ज्योति बनावड़े ने अपनी टीम के साथ एक सब हैल्थ सेंटर और एक प्राथमिक हैल्थ सेंटर का भ्रमण किया।

एनसीडी अभियान में बीपी शुगर सर्वाईकल कैंसर, मुहं का कैंसर स्तन कैंसर और हृदय रोग आदि शामिल है। नरसिंहगढ़ के सब हैल्थ सेंटर तिंदोनिया में एनसीडी अभियान अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों को समझने के लिए टीम सदस्यों ने सेंटर के सीएचओ एएनएम और आशा कार्यकर्ता से संयुक्त चर्चा की। साथ ही मैदानी कर्मचारियों के द्वारा मरीजों का चिन्हांकन जांच और उपचार की प्रक्रिया को भी समझा तथा रेफरल प्रक्रिया को समझने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटरा का निरीक्षण किया। सामुदाय स्तर से आशा कार्यकर्ता द्वारा मरीजों को मोबिलाईज करने और एसएचसी सेंटर से सीएचओ के द्वारा मरीजों का एनसीडी पोर्टल पर पंजीयन कर पीएचसी पर मरीजों को रेफर करने और वहां डॉक?टरों के द्वारा मरीजों का उपचार करने तक की प्रक्रिया को टीम के सदस्यों ने बारीकि से समझा। मुख्य चीफ डॉ. फ्रीडन, रिटायर्ड आईएएस डॉ. अगनानी ने बताया कि भारत देश में तेजी से हाईपर टेंशन और शुगर के मरीज बड़ रहें हैं, समय रहते इनका चिन्हांकन कर उपचार शुरू करने से इस बीमारी को काफी हद तक गंभीर होने से रोका जा सकता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला अच्छे से कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. किरण वाडिवा सीबीएमओ डॉ. राजेंद्र अहिरवार डॉ. अनुपम, डॉ. विवके डॉ. भानू डॉ. शैलेंद्र हेगड़े डॉ. प्रतीक्षा, डॉ. याकूब, डॉ. वरूण सीपीएचसी कंसल्टेंट आनंद भारद्वाज, डीसीएम सुनिल वर्मा सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद था।

## मैहर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत वेल्दरा में

# खुली शासकीय उचित मूल्य की दूकान पर गरीबों के हक पर राशन दुकान कोटेदार अमृत लाल कुशवाहा द्वारा डाला जा रहा है डाका

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान






वेल्दरा पंचायत के ग्रामीणों का आरोप है की कोटेदार द्वारा दिसंबर एवं जनवरी महीने का मशीन पर अगुंठा लगवा लिया गया है लेकिन राशन अभी तक नही दिया गया ये तीसरा महीना भी खत्म होने को है , पत्रकारों से बात करने पर अमृत लाल कुशवाहा के द्वारा बताया गया की दुकान के संचालक महेश चौरसिया है , ग्रामीणों ने खाद्य विभाग एवं मैहर जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि ऐसे भृष्ट सेल्स मैन और दुकान संचालक को हटाया जाए , किसी निष्पक्ष इमानदार व्यक्ति को दिया जाये जिससे वेल्दरा की गरीब जनता का भला हो सके ।

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह शनिवार को वार्ड 16 में करेंगे विकास कार्यों का भूमिपूजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर । ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शनिवार 1 मार्च को उप नगर ग्वालियर के वार्ड 16 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर शनिवार दोपहर 2.30 बजे वार्ड 16 के रेशम मील चौराहे पर 8 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड का भूमिपूजन करेंगे। तदोपरांत दोपहर 3 बजे पानी की टंकी के नीचे पुरानी रेशम मील क्षेत्र भट्टे के पास 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड का भूमिपूजन करने के बाद दोपहर 3.30 बजे वार्ड 16 में तिकोनिया पार्क न्यू कॉलोनी नम्बर 1 में 6.50 लाख की लागत से निर्मित होने वाली गलियों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।

## संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025

# मैंने भगवान को देखा हैः मदनलाल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में भव्य समारोह के दौरान 'स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025' के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि क्रिकेट की विश्वविजेता टीम के ख्यातिप्राप्त सदस्य हरफनमौला मदनलाल शर्मा ने जब संस्कृति विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों और विद्यार्थियों के बीच मंच से यह कहा कि मैंने भगवान को देखा है तो सब अचंभित हो गए। लेकिन जब उन्होंने कहा कि मैं अपने माता-पिता को ही भगवान मानता हूं तो तालियों से सारा प्रांगण गूंज उठा। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए आपका उस क्षेत्र में समर्पण और पूर्ण लगन जरूरी है।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता था कि मथुरा में इतना अच्छा विश्वविद्यालय है तथा यहाँ आयुर्वेदिक हास्पीटल भी चलता है। विद्यार्थियों के लिए यह एक अच्छी यूनीवर्सिटी है। कोई भी इन्सान अगर आपको अच्छी बाताता है और उस बात को आप एकड़ लेते हैं तो आप हमेशा आगे बढ़ जाते हैं। जीवन में हमेशा सीखते रहना चाहिए। सफलता के लिए अनुशासन, कड़ी मेहनत और लगातार सीखते रहने की मंशा जरूरी है। हर क्षेत्र में कम्पटीशन है, चुनौती है। हमे उससे गुजरना पड़ता है। मैं हमेशा अपने आपको जज करता हूँ, अपनी कमियों को ढूढता हूं और उन्हें ठीक करता है और उससे सीखता हूं, आपको भी ऐसा करना चाहिए। हम हमेशा सोचते रहते हैं कि हमें यह करना, यह करना है। बेहतर है कि अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। आपकी सफलता पर माता-पिता सबसे ज्यादा खुश होते हैं। वे ही हमें इस योग्य बनाते हैं और वे ही हमारे सच्चे भगवान हैं, पृथ्वी पर आने के बाद सबसे पहले हम उन्ही को देखते हैं। अभी से अपने लक्ष्य को पाने के लिए जुट जाइये क्योंकि जब टाइम चला जाएगा कोई नहीं पूछेगा। समय का सदुपयोग करिए।

संस्कृति विवि के कुलाधिपति सचिन गुप्ता ने संस्कृति स्पोर्टस फिएस्टा 2025 के मंच पर देश के महान खिलाड़ी मदनलाल शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि कौन नहीं जानता कि 1983 में क्रिकेट वर्ल्ड कप में जो जो जीत मिली उसमें आपका कितना बड़ा योगदान था। एक समय था जब बीसीसीआई के पास पैसा नही था। खिलाड़ियों को आज जितना पैसा नहीं मिलता था लेकिन खिलाड़ियों के अंदर देश का नाम ऊंचा करने का जज्बा बहुत था। उन्होंने कहा कि इंसान के अंदर जज्बा हो तो वह कुछ भी कर सकता है। कुछ भी असम्भव नहीं है। हार को कभी भी गले नहीं लगाना है, जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहना है। हमारे देश में क्रिकेट की लोकप्रियता इस कदर बढ़ी कि 1983 की जीत के बाद हर घर में एक बैट अवश्य आ गया। मेरी आशा है कि आप में से भी कोई आगे चलकर इस मन्च पर मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान होगा।

संस्कृति विवि में कैप्स के डीन डा. रजनीश त्यागी ने कहा कि रजनीश त्यागी ने कहा कि हमें नाज है कि 1983 में विश्व कप दिलाने वाले मदनलाल ने खतरनाक खिलाड़ी विवियन रिचर्ड का कैच लेकर भारतीय इतिहास रचा था। उस समय के हीरो मदन लाल शर्मा अगर न होते तो भारत को यह गर्वित मौका हासिल न होता। उस समय ब्लैक-व्हाइट टीवी हुआ करता था और हम आंख लगाए देखते रहते थे। आज ऐसे महान खिलाड़ी को अपने बीच देखकर हम सभी गौरवान्वित हैं। मंच पर ब्रज की परंपरा के अनुसार पूर्व क्रिकेटर मदनलाल शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर ने क्रिकेट लीग की ट्राफियों का अनावरण किया। मंच संचालन संस्कृति प्लेसमेंट सेल की ज्योति यादव ने किया। आज के इस आयोजन में क्रीड़ा अधिकारी मो.फहीम, डा.दुर्गेश वाधवा, प्रशासनिक अधिकारी विजय श्रीवास्तव और एडमीशन सेल के विजय सक्सेना का विशेष योगदान रहा।

# समर्थन मूल्य पर उपार्जन व्यवस्था के तहत गुणवत्ता नियंत्रण कार्यशाला आयोजित

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान



राजगढ - कलेक?टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत भवन में रबी वर्ष 2025-26 गेहूं एवं दलहन तिलहन उपार्जन में गुणवत्ता नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण एवं कार्यशालाका आयोजन किया गया। कार्यशाला में नवनियुक्त सर्वयर केंद्र के प्रभारी एवं नोडल अधिकारियों को भारतीय खाद्य निगम के गुणवत्ता प्रशिक्षक श्री मनोज ढोके एवं सहायक तकनीकी अधिकारी श्री मीणा द्वारा उपार्जन की बारीकियां के तकनीकी पहलुओं को समझाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा पूरी टीम को साथ मिल कर पक्षपात रहित मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी उपार्जन योजना को सफल बनाने हेतु शुभकानाएं दी गई । इस दौरान मुख?य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री महीप किशोर तेजस?वी, जिला आपूर्ति अधिकारी, उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक, जिला प्रबंधक नान वेयरहाउस प्रबंधक एवं जिला विपणन अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# ग्राम पंचायत सचिव पर लगे गम्भीर आरोप

## शिकायत के बाद भी लम्बित कार्यवाही

**सीतापुर।** विकास खण्ड परसेण्डी निवासी राकेश कुमार यादव पुत्र कीढा निवासी मुलाहिमपुर पोस्ट परसेण्डी थाना तालगांव तहसील व जिला सीतापुर ने जिलाधिकारी सीतापुर को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया कि दिनांक पांच अक्टूबर 2023 को शपथ पत्र के साथ एक शिकायत पत्र शिकायत कर्ता द्वारा संलग्न शिकायत पत्र की प्रति के साथ दी गई थी जिसमें ग्राम विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड परसेण्डी की ग्राम पंचायत बिरैचा गढ़ी मीननगर,बन्नी शाहपुर, टप्पा खजुरिया, भवाना में बड़े पैमाने पर सरकारी धनराशि का दुरूपयोग जारी आदेशों को दरकिनार कर ग्राम प्रधानों से सांठ गांठ कर किया गया। सचिव के द्वारा लगातार ग्राम पंचायतों में रिबोर के नाम पर लाइट के नाम पर पंचायत भवन के नाम पर आदि विकास कार्यो पर भुगतान कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है साथ ही तत्कालीन सचिव के द्वारा अपने निजी वाहन के नाम पर भी लगातार फर्जीवाड़ा किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत की जांच हेतु आदेश सांख्या 4306-33 - पंचायत-ग्राम पंचायत सं. - 2023-24 दिनांक 5.2024 द्वारा अल्प संख्यक समाज कल्याण अधिकारी सीतापुर को जांच अधिकारी नामित किया गया एक वर्ष से अधिक का समय व्यतीत होने के बाद जांच अधिकारी द्वारा अभी तक कोई जांच नही की गई। शिकायत कर्ता द्वारा दिनांक 17.02.2025 को जिला अल्प संख्यक अधिकारी से जाकर सम्पर्क किया गया व जांच के बारे में जानकारी ली गई तो कार्यालय मे मौजूद कर्मचारी के द्वारा यह जानकारी दी गई कि दी गई शिकायत जांच अधिकारी के द्वारा नही की जायेगी। जबकि ग्राम पंचायतो में भारी मात्रा में बाउण्ड्री मरम्मत के नाम पर, होमपाइप, मिटटी पटाई, आदि विभिन्न विकास कार्यो के नाम पर भारी मात्रा में घोटाले किये जा चुके है व लगातार जिम्मेदारों द्वारा सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है।

### जारी आदेशों को दरकिनार कर किया जा रहा निजी फर्म पर भुगतान

दिये गये शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता के द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि जहां एक तरफ शासन से आदेश जारी किये गये है कि प्रधान और प्रधान परिजनों के नाम पर कोई भी भुगतान नही किये जा सकते है वही दूसरी तरफ ग्राम प्रधान टप्पा खजुरिया में घोटाले थमने का नाम ही नही ले रहे है। प्रधान सचिव की मिली भगत से सचिव के द्वारा जहां प्रधान के नाम पर लाखों का भुगतान किया गया है वहीं प्रधान के साझे के भठठे विजय ईट उद्योग के नाम पर भी भुगतान कर भारी मात्रा में सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। उक्त शिकायत के सम्बन्ध में जब एडीओ पंचायत परसेण्डी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो बजती रही घण्टिया नही उठा फोन।

शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि शिकायत जारी आदेशों के नियमानुसार किये जाने के बाद भी जब एक ही शिकायत पर वर्षो बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नही की जायेगी तो ऐसे में घोटालेबाजों के हौसला अफजाई हो रही है व सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है।

# एसडीएम से शिकायत कर लगाया प्रधान पर गम्भीर आरोप

## गौशाला की भूमि से प्राप्त आमदनी लगेगी गौसेवा में-प्रधान प्रतिनिधि

**सीतापुर।** सत्यम सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम देवई निजामपुर परगना तहसील सीतापुर ने उपजिलाधिकारी सीतापुर को शिकायत देकर अवगत कराया कि ग्राम देवई प्रधान गुडडू अंसारी ने भूमि गाटा संख्या 723 पर अवैध कब्जा करके गन्ने की फसल बो रखी है जिसका ग्राम प्रधान निजी लाभ ले रहे है व राजस्व का हानि करते है। विरोध करने पर ग्राम प्रंधान कहते है कि मै ग्राम प्रधान हूं ग्राम समाज की भूमि का मालिक हूं पांच लाख रूपये सरकारी भूमि से आमदनी करता हूं। जिस सम्बन्ध में शिकायत कर्ता ने ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिये उप जिलाधिकारी सीतापुर से मांग की गई है व खड़ी फसल को राजस्व खाते में जमा करवाने की मांग की है।

**खाली भूमि से आमदनी कर गोसवा में लगाई जायेगी धनराशि- प्रधान प्रतिनिधि :-**

दिये गये शिकायत पत्र के सम्बन्ध में जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवई रिजवान से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि उक्त गाटा संख्या गौशाला में उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में संलग्न की गई है जिस पर गौशाला के गोवंशों के लिये चारा उपज किया जाता है उक्त भूमि खाली पड़ी थी जिस कारण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में उक्त भूमि पर गन्ना बुवाई की गई थी गन्ने से चारे के बाद जो गन्ना बिक्री होगा उक्त धनराशि को पारदर्शिता बनाते हुए ग्राम पंचायत समिति की निगरानी में गौशाला में गौसेवा में लगाई जायेगी। लगाये गये समस्त आरोप निराधार है।

**गौशला निर्माण के समय दी गई थी भूमि :-**

उक्त सम्बन्ध में जब सम्बन्धित क्षेत्र लेखपाल से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया कि उक्त भूमि को गौशाला निर्माण के समय उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन में ग्राम पंचायत समिति को चारा उगाने के लिये दी गई थी पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है जिसकी जांच मेरे द्वारा की गई थी जिसमें प्रधान व सचिव से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया था गन्ने से जो आमदनी होगी गौशाला में ही लगाई जायेगी जिसकी पूर्ण पारदर्शिता बनाई जायेगी। जिससे धनराशि में गड़बड़ी न हो सके।

# प्रमुख सचिव से याचिका दाखिल करने की मांगी अनुमति : सुनील राजवंशी

**सीतापुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी ने पंचायत राज विभाग में फैले भ्रष्टाचार और शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अफसरों द्वारा कार्यवाही न किये जाने को लेकर प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश व पंचायत राज निदेशक उत्तर प्रदेश से उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल करने की अनुमति लिखित रूप से पत्र के माध्यम से जारी आदेशानुसार अनुमति मांगी व दिये गये शिकायत पत्रों के साथ साक्ष्य की प्रति भी प्रमुख सचिव को मुहैया करवाते हुए जनपद में पंचायत राज विभाग में किये जा रहे



घोटाले से अवगत कराया साथ ही दी गई धमकी से भी प्रमुख सचिव व जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया। श्री राजवंशी ने कहा कि शासन द्वारा प्रदेश के विकास के लिये जारी महत्वाकांक्षी योजनाओं में जनपद के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार भ्रष्टाचार कर शासन से जारी आवंटित धनराशि का बंदर बांट किया जा रहा है। जनपद में हो रहे भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में समय समय पर जिला प्रशासन को उचित प्रपत्र के साथ शपथ पत्र व शिकायत देकर लगातार पार्टी पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया जाता रहा है उसके बाद भी भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे कुछ जिम्मेदार अधिकारियों के कारण दिये गये शिकायत पत्रों पर कार्यवाही लम्बित है जबकि जनपद में हो रहे विकास कार्यो की समय समय पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक कर विकास कार्यो को भ्रष्टाचार मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी किये जाते रहते है। उसके बाद भी जनपद में विकास कार्य भ्रष्टाचार मुक्त नही हो पा रहे है जिस सम्बन्ध में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा शिकायतपत्र देते हुए दिनांक 17 फरवरी से धरना स्थल विकास भवन के सामने अनिश्चित कालीन धरना दिया गया जोकि जिला विकास अधिकारी सीतापुर हरिश्चन्द्र प्रजापति के द्वारा 19 फरवरी को एक निर्धारित समय पर कार्यवाही किये जाने के आश्वासन के साथ समाप्त कराया गया।

# करंट लगने से युवक की मौत

**इमलिया सुल्तानपुर - सीतापुर।** थाना क्षेत्र के कोरैय्या उदयपुर से एक घटना दिल को दहला देने वाली सामने आयी। जहाँ बीती रात कमरे में गर्मी के कारण युवक पंखा लगाने गया था जहां पंखा लगाते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई । थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके के ग्राम कोरैय्या उदयपुर निवासी आशीष कुमार श्रीवास्तव 30 वर्ष पुत्र रामपाल श्रीवास्तव कमरे में करीब 9 बजे सोने के लिये गया था। मौसम बदलने से कमरे का



तापमान गर्म था। जिसके लिये घर में रखा टेबल पंखा लगाने लगा। पंखे पर करंट उतर रहा था। जिसमें चिपक कर वह घायल हो गया। घर वालों के द्वारा किसी तरह छुड़ाया गया। 112 पर काल करके एंबुलेंस बुलाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। आशीष की पत्नी रोली व परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। चिकित्सकों ने थाना इमलिया सुल्तानपुर को सूचना भेज दी है।

# किसानों के लिए आया सरकारी बीज चढा भृष्टाचार की भेंट भ्रष्टाचारियों पर नहीं हो रही कार्यवाही

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



किसानों के लिए सरकार भले ही तमाम योजनाएं लागू करे और उन योजनाओं में कोई गडबडी न कर सके इसके लिए कितने भी प्रयास करे । लेकिन भृष्टाचार में लिप्त अधिकारी कर्मचारी अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। और जिस बीज को खेतों में बोकर किसानों को बेहतर फसल उत्पादन करना था, उस बीज की जिम्मेदारों ने कालाबाजारी कर अपनी जेबें भर रहे हैं।

आपको बता दें कि मामला बाँदा जनपद के कमासिन राजकीय बीज भण्डार का है। जहां एक सरकारी पशु विभाग की गाडी में सरकारी बीज भरकर ले जाते समय गाडी का बीडीओ वायरल हो रहा है। जिसमें बीडिओ में यह कहा जा रहा है। कि यह किसानों को वितरण के लिए आया सरकारी बीज है। जिसको चोरी से बेचने के लिए ले जा रहे हैं।जिसमें यह भी कहा जा रहा है। कि बीज लगभग 30 कुंतल होगा। वहीं जब वायरल बीडीओ की जानकारी की गई। तो पता चला की कमासिन राजकीय बीज भण्डार के प्रभारी सत्रुघन व विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से किसानों के हक में डाका डाल कर लाखों के भृष्टाचार का खेल खेला गया है । जिसमें गाडी पकडने वाले ब्यक्ति ने आरोप लगाते हुए बताया कि। किसानों के लिए निशुल्क वितरण के लिए आये मिनी किट व प्रदर्शन आदि के बीज को बुवाई के समय किसानों को न वितरण कर बाद में गांव गांव जाकर दलालों के माध्यम से किसानों के अंगूठे लगवाकर कुछ किसानों को चने की जगह सरसों और मसूर के किट देकर खानापूर्ति कर वितरण दिखा दिया गया। और वही बीज अब चोरी छिपे पशु विभाग की सरकारी गाड़ी मे भरकर बाजार में बेचा जा रहा है। जबकि देखा जाये तो अब फसल बोने का समय भी नहीं है। बल्कि फसले पकने के कगार पर है। वहीं यह भी बताया गया कि किसानों के साथ घटतौली कर ज्यादा पैसे बसूले गये । जिसका किसानों ने विरोध किया और बीडीओ बनाकर शोसल मिडिया में वायरल किया था। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई थी। वहीं यह भी बताया गया कि इस विभाग में ब्लाक में कुछ कर्मचारी कई सालों से तैनात है जिनकी गांवों में अच्छी सेटिंग होने से बीज की कालाबाजारी का खेल चल रहा है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) से मिली नई जिंदगीः हृदय रोग से जूझ रहे मासूम मयंक का सफल इलाज

## डॉक्टरों और चिरायु टीम के प्रयास से मयंक पूरी तरह स्वस्थ, परिवार में लौटी खुशियां

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सुरेन्द्र बघेल**

**रायगढ़, 28 फरवरी 2025**
ङ्क राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत शासन की स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पाकर रायगढ़ जिले के दो वर्षीय मयंक सतनामी को नया जीवन मिला। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित मयंक का सत्य साईं अस्पताल, रायपुर में सफल ऑपरेशन किया गया, जिससे वह अब पूरी तरह स्वस्थ है।

स्वास्थ्य जांच के दौरान हुआ बीमारी का खुलासाः रायगढ़ जिले के विकासखंड पुसौर अंतर्गत ग्राम कोतासुरा निवासी मयंक सतनामी जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित था। चिरायु योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जा रही थी। इसी दौरान मयंक के हृदय में छेद की बीमारी का पता चला।

विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 9 नवंबर 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में आयोजित धड़कन शिविर में मयंक की विस्तृत जांच की गई। सत्य साईं अस्पताल, रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञों ने 30 जनवरी 2025 को उसे भर्ती कर ऑपरेशन की योजना बनाई। 10 फरवरी को हुआ सफल ऑपरेशन, 17 फरवरी को



अस्पताल से मिली छुट्टीः चिकित्सकों और चिरायु टीम के अथक प्रयासों से 10 फरवरी 2025 को मयंक का सफल ऑपरेशन किया गया। इलाज के बाद 17 फरवरी को उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। 19 फरवरी को चिरायु वाहन के माध्यम से उसे सुरक्षित घर पहुंचाया गया। 20 फरवरी को चिरायु टीम ने दोबारा मयंक के घर जाकर स्वास्थ्य जांच की, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। इस सफलता से मयंक के माता-पिता एवं परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवार ने शासन और स्वास्थ्य विभाग का जताया आभारः मयंक के पिता पदमन सतनामी ने चिरायु योजना, सत्य साईं अस्पताल के चिकित्सकों और शासन का आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण कार्य में पुसौर विकासखंड के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनोद नायक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन शर्मा, चिरायु टीम के डॉ. संदीप भोई, डॉ. मंजू पटेल सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) की यह पहल जिले के अन्य जरूरतमंद बच्चों के लिए भी जीवनदायी साबित हो रही है, जिससे वे स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ सकें।

# कुशल मेडिकल हॉस्पिटल कलसिया की ओर से फ्री मेडिकल कैंप लगाया संसारपुर में

## ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छा उपचार न मिलने की वजह से गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो जाती है- डॉ विवेक सिंह चौहान

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम**

**कलसिया** कुशल मेडिकल हॉस्पिटल कलसिया की और से फ्री मेडिकल कैंप लगाया संसारपुर मे डॉ विवेक सिंह चौहान ने कहा गांवों में फ्री मेडिकल कैंप लगाना समय की जरूरत है। इससे शहरी सुविधाओं से दूर गांवों में रहने वाले लोग अपना इलाज आसानी से और सही से करा सकते हैं।

क्योंकि ज्यादातर देखने में आता है ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छा उपचार न मिलने की वजह से गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो जाती है अगर सही उपचार हो और समय पर उपचार हो तो गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है बाल रोग मलेरिया डेंगू पीलिया टाइफाइड की समस्या मौसम जनित रोग सर्दी जुकाम नहीं टूटने वाले बुखार आदि मरीज ने कराया अपना उपचार इस मौके पर भारी संख्या में ग्राम वासियों ने फ्री दवाई आंखों की जांच फ्री और अन्य तरह की मेडिकल



जांच कराई कुशल मेडिकल हॉस्पिटल कलसिया के संस्थापक डॉ विवेक सिंह चौहान का धन्यवाद किया छेत्र वासियों में खुशी की लहर सहारनपुर न जाकर कुशल मेडिकल हॉस्पिटल कलसिया में ही मिलेगा सही उपचार।

# शालिनी पटेल के नेतृत्व में एक सैकड़ों ग्रामीणों ने मंडलायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा ।** बांदा,आज दिनांक 28/02/2025 को जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा के नेतृत्व में शहर स्थित अशोक लाट में डॉ राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई, वहां से मण्डल आयुक्त चित्रकूट धाम के कार्यालय पहुंच कर,बांदा ग्राम पंचायत पिंडखर में सड़क मार्ग की समस्या को लेकर ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती का लिखित संज्ञान प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन द्वारा मण्डल आयुक्त को सौंपते हुए बताया है कि। अतरार्ं ग्राम पंचायत पिंडखर, तहसील अतर्रा के ग्राम पिंडखर में वर्षों से दर्जनों ग्रामीण परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। खासकर भरतलाल, लालाराम सहित अन्य ग्रामीणों के घरों तक पक्की सड़क न होने के कारण उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या केवल आने-जाने तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी आवश्यक जरूरतों को भी



प्रभावित कर रही है।

जदयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग किया है कि पेड़खर ग्राम पंचायत में जल्द से जल्द रोड बनवा जाए जिससे बच्चे टाइम से स्कूल पहुंच सके मरीजों को टाइम से अस्पताल पहुंचाया जा सके और आपस में जो विवाद हो रहा है ग्रामीणों में रोड को लेकर विवाद को भी खत्म करा सके।

**छात्रों को स्कूल जाने में कठिनाई :** गांव में सही रास्ता न होने से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में दिक्कत होती है। कच्चे रास्तों और जलभराव के कारण बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं। बच्चों को स्कूल पहुंचने में अधिक समय लगता है, जिससे उनकी पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ता है। कई बार अभिभावकों को भी डर रहता है कि बच्चे गिरकर चोटिल न हो जाएं।

एम्बुलेंस और मरीजों के लिए समस्या

गांव में पक्की सड़क न होने का सबसे गंभीर प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। किसी भी मरीज को अस्पताल ले जाना एक कठिन कार्य बन जाता है। एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों को खाट या अन्य साधनों से मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। इस कारण कई बार गंभीर मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाती और स्थिति बिगड़ जाती है।

**गंदे जलभराव से फैलती बीमारियाँ :** गांव में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से कई स्थानों पर गंदा पानी भर जाता है। इस जलभराव के कारण मच्छरजनित बीमारियाँ, जैसे मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस जलभराव से दुर्गंध भी फैलती है, जिससे सांस और त्वचा संबंधी रोगों का खतरा बना रहता है।

**ग्रामीणों की मांग और प्रशासन की उदासीनता :**गांव के लोगों ने कई बार पंचायत और प्रशासन से उचित सड़क निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार अपनी समस्याएं स्थानीय अधिकारियों तक पहुंचा चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता रहा है।

सरकार से जल्द समाधान की अपील

ग्रामवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। उचित सड़क निर्माण, जल निकासी व्यवस्था और स्वच्छता संबंधी सुधार किए जाएं ताकि गांव के लोग बिना किसी कठिनाई के अपनी रोजमर्रा की जिंदगी जी सकें।

ज्ञापन में सम्मिलित लोग शालिनी सिंह पटेल जेडीयू नेत्री, अखिलेश यादव जेडीयू जिला महासचिव,जेडीयू बांदा,समीम खान,बबलू खान ,शिव मोहन चौधरी, लक्ष्मीनिया, हीरामनी, सुशीला, दिलीप कुमार,कुलदीप कुलदीप ,रामनरेश दीपक, मनोज धर्मेन्द्र जयकरण अनिल अवधेश विकास

# अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में टली सुनवाई

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में टली सुनवाई। अगली सुनवाई के लिए 10 मार्च की तारीख की गई नियत। एफटीसी कोर्ट जज जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में सुनवाई के लिए पिछली पेशी पर ट्रांसफर हुआ था मामला। मिली जानकारी के मुताबिक जज के निरीक्षण कार्य मे व्यस्त होने की वजह से बाधित रही सुनवाई। मामले में गवाही के लिए सम्बंधित चिकित्सक को किया गया है तलब। वहीं अभियोजन पक्ष से जुड़े एक अधिवक्ता को व्हाट्सएप कॉल के जरिये धमकी मिलने की बात भी आई है सामने,पुलिस के ढुलमुल रवैये से मनबढ़ है आरोपी। इसके करीब दो हफ्ते पहले भी एक पोस्ट के माध्यम से फरार आरोपी सिराज के खिलाफ पैरवी करने अधिवक्ताओं को मिली थी जान से मारने की धमकी। जिले के पुलिस अधिकारियो के पास इस प्रकरण की हो चुकी है शिकायत। फिलहाल धमकी देने वाले आरोपियो तक पहुँचने की बात तो दूर एफआईआर तक नहीं दर्ज कर सकी है पुलिस। मामले में पुलिस की लापरवाही या दुरभि सन्धि का मामला आ रहा सामने। कोतवाली देहात थाने से जुड़ा है मामला। करीब दो सप्ताह पहले धमकी भरी पोस्ट वायरल होने के बाद ही वादी पक्ष से पैरवी कर रहे जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) राम अचल मिश्र व निजी अधिवक्ता बार अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिसुंडी को सुरक्षा के मद्देनजर सरकारी गनर मिलने की बात आई थी सामने। सामने आई जानकारी के मुताबिक जिला जज कोर्ट से केस ट्रांसफर होने के बाद भी डीजीसी(क्रिमिनल) रामअचल मिश्र ही एफटीसी कोर्ट में वादी की तरफ से करते रहेंगे पैरवी। वहीं इसी केस में वादी पक्ष की तरफ से शुरू से ही पैरवी करने वाले निजी अधिवक्ता शेख नजर अहमद को अभी तक पुलिस विभाग के जरिये अब तक सुरक्षा व्यवस्था न उपलब्ध कराने की बात आ रही सामने। केस से जुड़े वादी पक्ष के दो अधिवक्ताओं को सुरक्षा व्यवस्था देने व एक अधिवक्ता को सुरक्षा न देने तथा सम्बंधित आरोपियो पर अब तक कार्यवाही न करने की बात को लेकर चर्चा में चल रहा मामला। थानाध्यक्ष कोतवाली देहात सत्येंद्र कुमार सिंह



पर वादी पक्ष ने लगाए है कोई सुनवाई न करने के आरोप,विवादों में चल रहा थानाध्यक्ष का कारनामा। मृतक अधिवक्ता आजाद अहमद के पिता मो.सलीम ने पूर्व व वर्तमान में मिली धमकी को लेकर तथा सूचना के बाद भी कोतवाली देहात थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह के जरिये कोई सुनवाई न होने पर एसपी को भी दिया था शिकायती पत्र,की थी कार्यवाही की मांग,फिलहाल अभी तक कोई कार्यवाही नहीं आ सकी है सामने। केस की पैरवी कर रहे अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने भी एसपी से मिलकर व बार अध्यक्ष-महासचिव को पत्र देकर मामले में प्रभावी कार्यवाही के लिए की है मांग। सूत्रों के मुताबिक अधिवक्ता संघ की तरफ से भी मामले में प्रभावी कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन से रखी गई है बात। फिलहाल धमकी भरा पोस्ट वायरल होने के बाद भी पुलिस टीम के जरिये सम्बन्धितों के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही नहीं आ सकी है सामने। मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले को लेकर लगाई गई है टीम, फिलहाल टीम के जरिये कोई सफलता अब तक नहीं लाई जा सकी है सामने। क्या है लगाई गई टीम की हकीकत,आगे के दिनों में सब कुछ आएगा सामने।अभी कुछ दिन पहले ही फरार हत्यारोपी इनामी सिराज के करीबी शहदाब अंसारी नाम के युवक के जरिये अपनी आईडी से 313 नाम के ग्रुप में आजाद अहमद जैसा हश्र होने सम्बन्धी किया गया था पोस्ट,सिराज के करीबी की पोस्ट हुआ था वायरल। मामले में थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह की बडी लापरवाही आ रही सामने। थानाध्यक्ष की ढुलमुल कार्यशैली सामने आने के चलते नहीं मानी जा रही फरार हत्यारोपी सिराज व उसके गैंग के लोगो पर कार्रवाई। इतने बड़े मामले में वांछित होने व कहने के लिए इस इनामी अपराधी के पीछे पुलिस लगी होने के बावजूद इस दुस्साहसिक कृत्य से पुलिस की करतूत आ रही सामने। कितनी सक्रिय है जिले की पुलिस व गिरफ्तारी को लेकर लगी टीम,सब कुछ आ रहा सामने। कुम्भ मेले की बड़ी जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद योगी सरकार जल्द फरार सिराज व उसके करीबियों को लेकर ले सकती है बड़ा एक्शन। वायरल धमकी भरे पोस्ट की खबर चर्चा में आने के बाद से अधिवक्ता समाज मे है आक्रोश,आगे क्या होगी कार्यवाही,जल्द सब कुछ आएगा सामने। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भुलकी चौराहे के पास छह अगस्त वर्ष-2023 की शाम गोली मारकर हुई थी युवा अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या। मामले में एक महिला समेत आधा दर्जन से अधिक चार्जशीटेड आरोपियो के खिलाफ चल रहा ट्रायल। वहीं फरार चल रहे तीन आरोपियो के खिलाफ अभी लम्बित बताई जा रही तफ्तीश,जबकि सिराज के खिलाफ फरारी में दाखिल की गई है चार्जशीट। हाईकोर्ट ने एक सहआरोपी के जमानत आवेदन को निस्तारित करते हुए मुकदमे में तीव्र विचारण का दिया है निर्देश।

## एक मार्च से खुल जाएंगे क्रय केंद्र,83 केंद्रों पर शुरू हो जाएगी गेहूं की खरीद

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अंबेडकरनगर।** इस बार गेहूं की खरीद के लिए जिले के नौ विकास खंडों में राजकीय क्रय केंद्र एक मार्च से खोल दिए जाएंगे। इसके लिए वेबसाइट पर किसानों का पंजीकरण कराया जा रहा है। खरीद नीति शासन की ओर से जारी कर दी गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य में इस बार 150 रुपये की वृद्धि की गई है। नई क्रय नीति से किसानों को और भी कई फायदे होंगे। किसानों को सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए गांव-गांव जाकर अधिकारी प्रेरित करेंगे।जिले में पांच लाख से अधिक किसान पंजीकृत हैं। इसमें से अभी तक 9200 किसानों ने गेहूं विक्रय करने के लिए पंजीकरण कराया है। इस बार की नीति में लघु-सीमांत किसानों को 100 क्विंटल तक की बिक्री करने पर सत्यापन प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा। इससे अधिक उपज की बिक्री करने वाले किसान का सत्यापन जरूरी होगा। पूर्व में आरोप लगते रहे हैं कि सत्यापन के नाम पर किसानों का शोषण किया जाता है। इसके साथ ही खरीद को गति नहीं मिल पाती थी। क्रय केंद्र पर तैनात प्रभारी को भी दिक्कतें होती थीं। इस व्यवस्था से उन्हें सुविधा होगी। वहीं बटाईदार किसानों को भी इस बार उपज केंद्रों पर बेचने का मौका दिया गया है। हालांकि, विभाग को अभी तक खरीद का लक्ष्य नहीं मिला है।रबी विपणन वर्ष 2025-26 में एमएसपी पर गेहूं खरीद योजना का लाभ उठाने के लिए किसान 48 से 72 घंटे के भीतर पंजीकरण करवाकर आधार से जुड़े बैंक खातों में भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। सफाई, छनाई व उतराई के लिए श्रमिक शुल्क 20 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उनके बैंक खाते में भेजा जाएगा। पंजीकरण, उपज बिक्री में समस्या आती है तो किसान कंट्रोल रूम नंबर 180180150 पर संपर्क कर सकते हैं।

**एक मार्च से खुल जाएंगे क्रय केंद्र :-**

एक मार्च से गेहूं क्रय के लिए बनाए गए 83 केंद्र खोल दिए जाएंगे। अब तक 9200 किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी।

**- संतोष कुमार द्विवेदी, डिप्टी आरएमओ**

## पत्रकार मनोज तिवारी का आकस्मिक निधन

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिले में बीकापुर के ख़ौपुर निवासी पत्रकार मनोज तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया है, वह अभी 40 साल के थे, अचानक सूचना मिलने से पत्रकारों में दु:ख। जनपद के तहसील बीकापुर ग्राम खौपुर निवासी पत्रकार साथी मनोज कुमार तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया अचानक सूचना मिलने से मन बहुत दुखी हुआ। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देवबक्स वर्मा, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,शेख मोहम्मद इशहाक, रामनेत वर्मा, महामंत्री अवध राम यादव, पवन कुमार पांडे, ओमप्रकाश वर्मा, अखिलेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दयाशंकर मौर्य,



मंत्री कृष्ण सिंगार मिश्र, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, राम प्रकाश तिवारी, जितेंद्र यादव, संपूर्णानंद बागी, संगठन मंत्री रामनाथ शर्मा, प्रवीण कुमार चौहान, अनूप कुमार श्रीवास्तव, विक्रम पाल सिंह, कपिल देव वर्मा, रामराज, रामसनेही लोधी, हरिओम पांडे, रमेश शर्मा, सुरेंद्र प्रताप सिंह, पृथ्वीराज, डॉक्टर विक्रम पाल, आनंद गोपाल सिंह, राजेश कुमार पांडे, अजय पांडे, मनु श्रीवास्तव, कुमकुम भाग्य, तहसील अध्यक्ष बीकापुर अशोक कुमार वर्मा, तहसील अध्यक्ष रुदौली रवि प्रकाश गुप्ता, तहसील अध्यक्ष मिल्कीपुर हृदय राम मिश्र, तहसील अध्यक्ष सदर रमेश चंद्र पांडे, तहसील अध्यक्ष सोहावल शीलचंद, फूलचंद, मनोज यादव,सन्ध्या सिंह पूनम यादव,राकेश यादव, भानु प्रताप, अमित सिंह, बलराम तिवारी, राकेश मिश्रा दीपक कुमार भगवती प्रसाद वर्मा, राम पलक वर्मा,, राजेंद्र तिवारी, गुलशन सिद्दीकी, चरण प्रताप, दिनेश तिवारी ने मनोज तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना किया की उन्हें अपने चरणों में स्थान दें,और शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करे।

## महिला थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी के प्रयास से पारिवारिक विवाद हुआ दूर

### छोटी-छोटी बातों को लेकर आपसी संबंध में हुआ था अलगाव

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकरनगर ।** जनपद अम्बेडकरनगर महिला थाना में 28 फरवरी 2025 को महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों को बुलाकर थानाध्यक्ष व उ0नि0 सुषमा व महिला हेल्प डेस्क कर्मचारीगण आरक्षी प्रिया मिश्रा व आरक्षी सविता द्वारा मध्यस्थता की गई । छोटी- छोटी बातों को लेकर आपसी संबंध में अलगाव उत्पन्न होने लगा था। जिससे गुस्सा होकर पत्नी अपने मायके चली गई थी।पति को अपनी गलती महसूस हुई इसके बाद दोनों पक्षों को



थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने अपने विवेक से दोनों पक्षों को खुशी-खुशी साथ रहने के लिए राजी कर दिया। और दोनों पति-पत्नी साथ में रहने के लिए तैयार हो गए। थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी के इस सराहनीय कार्य से समाज में एक बहुत बड़ा संदेश जा रहा है। बताया जाता है थानाध्यक्ष शिवांगी ने सैकड़ों बिछड़े जोड़ों को एक कर अपनी एक अलग पहचान बना ली है। दंपति द्वारा अंबेडकरनगर पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी को बंधक बना लिया

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकर नगर।** डीएम साहब ने अशरफपुर किछौछा नगर पंचायत को नचनिया का नाच बना रखा है। नगर पंचायत अध्यक्ष के दुष्कर्म दुस्साहस फर्जीवाड़े की हजारों शिकायत जिलाधिकारी अविनाश सिंह के पास की गई हैं। पूर्व तीन अधिशासी अधिकारियों और वर्तमान अधिशासी अधिकारी ने जिलाधिकारी को लिखित एवं मौखिक बताया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष उनसे फर्जी काम करने का दबाव बनाते है मना करने पर धमकी देते हैं उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं। पहले के अधिशासी अधिकारियों ने तो किसी तरह सेटिंग करके अपना स्थानांतरण करवा लिया लेकिन वर्तमान में जो अधिशासी अधिकारी हैं सुनने में आया कि दलित हैं और इनका जनपद में कोई सहयोग नहीं करता इसलिए इनका स्थानांतरण भी नहीं हो रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी का महीनों तक वेतन नहीं निकलने दिया। जिला अधिकारी को इस बात की पूरी खबर थी लेकिन उसने आज तक नगर पंचायत अध्यक्ष के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। आज तो हद यह हो गई कि नगर पंचायत अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी को बंधक बना लिया अधिशासी अधिकारी की जान भी जा सकती थी। अधिशासी अधिकारी ने फोन कर पुलिस बुलाई और पुलिस बल ने अधिशासी अधिकारी को उनके कार्यालय से बाहर निकाला फिर भी अध्यक्ष उन्हें बाहर नहीं जाने दे रहा था।

## अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन पर भड़के साधु ने पीएसी जवान पर किया त्रिशूल से हमला, गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन पर सुरक्षा कर्मियों की ओर से रोक-टोक किये जाने पर एक साधु भड़क गया। भड़के साधू ने त्रिशूल से बरेली से ड्यूटी करने आए पीएसी जवान को घायल कर दिया। साथी कर्मियों ने आरोपी साधु को पकड़ पुलिस के हवाले किया है। बताया गया कि पीएसी आठ बटालियन बरेली के जवान दीपक कुमार (28) पुत्र बीजेंद्र सिंह की अन्य पीएसी कर्मियों के साथ प्रयागराज कुंभ से अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन पर ड्यूटी लगाई गई थी। साथी जवान जयंत का कहना है कि हम लोग प्लेटफार्म नंबर दो पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान देखा कि हाथ में त्रिशूल लिए एक अधेड़ साधु अपनी हरकतों से श्रद्धालु यात्रियों को परेशान कर रहा है। जिसको लेकर दीपक कुमार से साधू को शांत रहने अथवा मौके से हट जाने को कहा तो साधु विवाद पर उतर आया। दीपक ने उसको पकड़ने की कोशिश की तो साधु ने उनके पेट पर त्रिशूल से हमलाकर दिया, जिसके कारण दीपक घायल हो गया। साधु ने एक ट्रेन में चढ़कर फरार होने की कोशिश की लेकिन अन्य सुरक्षाकर्मियों की मदद से उसे पकड़ जीआरपी के हवाले कर दिया गया। घायल पीएसी जवान दीपक को जिला अस्पताल से दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर किया गया था, जहां जांच और उपचार के बाद उसको छुट्टी दे दी गई।

## भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा विकास, शहरी स्वास्थ्य मिशन में छह करोड़ की अनियमितता

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो चीफ रविन्द्र वर्मा**

**अम्बेडकरनगर ।** जनता को सेहतमंद बनाने वाली स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की सेहत को भ्रष्टाचार का वायरस लग गया है। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन में आवंटित बजट भुगतान करने में व्यापक अनियमितता मिली है। जिलाधिकारी ने उक्त योजना की समीक्षा के दौरान वित्तीय गड़बड़ियां मिलने पर भुगतान के समस्त अभिलेख मांगे हैं। रोगी कल्याण समिति तथा जन आरोग्य समिति को वर्ष 2020-21 से अभी तक राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन से आवंटित करीब 13 करोड़ रुपये के सापेक्ष व्यय का विवरण खंगाला जाने लगा है। बीते चार वर्ष में आवंटित उक्त




बजट के सापेक्ष छह करोड़ व्यय हुआ है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से भुगतान होने वाले उक्त बजट को जिला स्तर से अनियमित तरीके से भुगतान किया गया है। वहीं स्वास्थ्य केंद्रों तक संसाधन नहीं पहुंचने से गबन की आशंका है। वहीं जांच शुरू होते स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है।

**शासनादेश की उड़ाई धज्जियां :-**

शासनादेश की उड़ाई धज्जियां शासन ने राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिएविभिन्न 45 मदों में उक्त बजट का आवंटन जिला स्वास्थ्य समिति को किया था। उक्त समिति से यह बजट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को दिया जानाथा। पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखने के लिए उक्त पांचों शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी तथा निकाय के सभासद के संयुक्तहस्ताक्षर से संचालन के लिए का शासन स्तर से अलग-अलग बैंक खाता खोला है। उक्त बैंक खाते का केवाईसी कराकर संबंधित स्वास्थ्य केंद्र को आवंटित बजट इन्हीं बैंक खाते में भुगतान करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के जिला मिशन प्रबंधक को जिला स्तर पर दी थी।शासनादेश की धज्जियां उड़ाते हुए उक्त बैंक खातों की केवाईसी नहीं कराई गई। ऐसे में इनका संचालन आज तक नहीं हुआ है। वहीं विकेंद्रीकृत भुगतान की प्रक्रिया को जिला मुख्यालय पर केंद्रीकृत कर वित्तीय अनियमितता हुई।रोगी कल्याण समिति एवं जन आरोग्य समिति केखातों का संचालन वित्तीय वर्ष 2020-21 से अब तक नहीं कराया गया है। इस खाते में कोई भी धनराशि वर्ष 2020-21 से अभी तक भेजी नहीं गई है। उक्त समितियों के समस्त व्यय वर्ष 2016 से जिला मुख्यालय से किए जा रहे हैं। केंद्रों के भवन का किराया एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मोबिलिटी का भुगतान वर्तमान वित्तीय वर्ष में नहीं किया गया है। शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में पिछले दो वर्ष में निष्प्रयोज्य घोषित स्टाक का विवरण गड़बड़ी की गहराई बताएगा। डीएम ने उच्च स्तरीय जांच कराने के निर्देश दिए।

## होली-रमजान को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर तहसील संतोष कुमार**



**अम्बेडकर नगर ।** जनपद के जलालपुर कोतवाली परिसर में शुक्रवार को होली और रमजान,रोजा के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम पवन जायसवाल ने बताया कि होलिका दहन सार्वजनिक स्थानों पर ही करें। सभी से त्योहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तैयार है। होली पर शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। बाइक पर तीन लोग सवार होकर ना चले। बैठक में उच्चाधिकारियों के आने बाद नगरपालिका के बड़े बाबू रामप्रकाश पांडे को लेकर पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने उनके कार्यशैली पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह किसी बैठक में समय से नहीं पहुंचते हैं। न ही नगरपालिका ऑफिस में समय से पहुंचते हैं। मौजूदा भाजपाइयों और व्यापारियों ने प्रमुखता से नगरपालिका के ऊपर ठीक से किसी त्यौहार पर कार्य नहीं किए जाने का आरोप लगाया। बैठक में तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव, नगरपालिका ईओ प्रभारी आशीष सिंह व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल,मौलवी नजीबुल्लाह,व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष हरिओम सोनी,सोशल मीडिया प्रदेश सचिव बृजेश सिंह यादव,नगर महामंत्री विकाश निषाद, कृष्ण गोपाल गुप्ता,पूर्व नगर अध्यक्ष मानिक चंद सोनी, बेचन पांडे,सुरेश गुप्त,सभासद आशीष सोनी,लालचंद,सीतल सोनी,विक्की गौतम,अमित गुप्ता, मीसम रजा,व्यापारी आदित्य गोयल,शरद जायसवाल,डेविड गोरे समेत कई पुलिस कर्मी और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## समृद्धि योजना अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**अनूपपुर ब्यूरो विकास कुमार की रिपोर्ट**

**अनूपपुर** /मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा समृद्धि योजनान्तर्गत स्वैच्छिक संगठनों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद समाजसेवा के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में सहायता कर रहा है।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र मे जिला समन्वयक श्री उमेश पांडेय द्वारा प्रशिक्षण का उद्देश्य परिषद का परिचय, साथ ही परिषद द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में जी.एस हितकारिणी संस्था कोतमा के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह ने स्वैच्छिक संगठनों की संरचना एवं महत्वपूर्ण पंजीयन, दस्तावेजीकरण, तृतीय सत्र में हार्ड संस्था कोतमा के अध्यक्ष श्री सुशील शर्मा ने स्वैच्छिक संगठनों के महत्वपूर्ण अधिनियमों में पंजीयन के बारे में, चतुर्थ सत्र में प्रणाम नर्मदा युवा संघ



अमरकंटक के अध्यक्ष श्री विकास सिंह चंदेल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई।

इसी तरह पांचवें सत्र में श्री भारत राठौर ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदर्श ग्राम की परिकल्पना को वास्तविकता में बदलने के लिए सरकार, सामाजिक संगठनों और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग की आवश्यकता है। छठे सत्र में जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण जिला पंचायत अनूपपुर श्री संदीप शुक्ला ने सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रभाव का आकलन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रभाव का आकलन एक प्रक्रिया है जिसमें किसी संगठन या परियोजना के सामाजिक प्रभाव का मूल्यांकन किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल तथा अपर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार पांडेय ने भारत मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री पुष्पेन्द्र नामदेव ने किया। आभार प्रदर्शन जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक सरीमन साकेत द्वारा किया गया।

# मनेंद्रगढ़ वनमण्डल को मिली क्षेत्र विस्तार की सौगात


### नवीन मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में होंगे तीन उप वनमंडल

### चरमिरी, खड़गवां परिक्षेत्र नवीन वन मंडल मनेंद्रगढ़ में हुआ समाहित

### कोरिया वनमण्डल का हुआ पुनर्गठन, राजपत्र में प्रकाशन

केसरीया हिंदुस्तान





छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 122] नवा रायपुर, गुरुवार, दिनांक 20 फरवरी 2025 — फाल्गुन 1, शक 1946

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 13 फरवरी 2025

अधिसूचना

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से सरगुजा संभाग के नवगठित जिले मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर को एक और बड़ी सौगात मिली है। अब मनेंद्रगढ़ वनमण्डल के क्षेत्र में विस्तार किया गया है जिसमें मुख्यत कोरिया वन मंडल में आने वाले परिक्षेत्र चिरमिरी और खड़गवां को नवीन वन मंडल मनेंद्रगढ़ में समाहित किया गया है। इस संबंध में राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त कर दिया गया है।

उक्त नवीन वनमण्डल मनेंद्रगढ़ के क्षेत्र का विस्तार होने पर स्थानीय विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समस्त जिले वासियों को इस नवीन वनमंडल के गठन और विस्तार की सौगात मिलने पर शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब नवीन वन मंडल मनेंद्रगढ़ में चिरमिरी और खड़गवां परिक्षेत्र को भी शामिल किया गया है इससे ना सिर्फ नवीन मंडल के क्षेत्र का विस्तार हुआ है बल्कि नवीन जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के विकास की एक और आधारभूत संरचना यह वन मंडल साबित होगा।

विदित हो कि जिला बनने के बाद लंबे समय से मनेंद्रगढ़ वनमण्डल के क्षेत्र विस्तार की मांग उठ रही थी। क्षेत्र के स्थानीय विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने लोगों की इस मांग को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सामने रखा था। इस प्रस्ताव पर आखिरकार मुहर लगी है और कोरिया वन मंडल का पुनर्गठन तथा नवीन मनेंद्रगढ़ वनमण्डल का गठन करते हुए क्षेत्र का विस्तार किया गया है।

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नवीन वनमण्डल मनेंद्रगढ़ में तीन उप वनमण्डल होंगे। इसका कुल क्षेत्रफल 2361.35 वर्ग किमी होगा। उप वनमण्डल में मनेंद्रगढ़ उप वनमण्डल 878.89 वर्ग किमी, केल्हारी उप वनमण्डल 664.12 वर्ग किमी तथा जनकपुर उप वनमंडल 818.33 वर्ग किमी का होगा।

वनमण्डलाधिकारी मनीष कश्यप* द्व नवीन जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के लिए नवीन वन मंडल मनेंद्रगढ़ का गठन अच्छी खबर है। राजपत्र में अधिसूचना आदेश जारी होने से प्रवृत्त हो जाता है। वैसे भी चिरमिरी और खड़गवां नवीन एमसीबी का अंग है और वन मंडल की दृष्टिकोण से इनके परिक्षेत्र का वन मंडल मुख्यालय कोरिया रहना सही नहीं था खैर अब संपूर्ण जिले के साथ नवीन वनमण्डल का भी अपना क्षेत्र चिन्हांकित हो चुका है और यह जिले के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

# धान खरीदी केंद्र में उठाव नहीं होने से समिति प्रबंधक परेशान

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बंद हुए एक माह हो गए हैं। किंतु विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में धान का उठाव समय पर नहीं होने के चलते सोसाइटियों में रखे धान में सुखत आना शुरू हो गए हैं। वही खुले आसमान के नीचे धान के पड़े रहने से धान की बोरियों को चूहे कुतरने लगे हैं जिससे सारा धान बाहर निकलकर खराब हो रहे हैं। वही समय पर धान का उठाव नहीं होने से समिति प्रबंधको एवं सदस्यों के माथे पर चिंता मडरा रही है। पिछले वर्ष उपार्जन केंद्रों में आई सुखत की समस्या से कर्मचारियो समिति प्रबंधको को परेशान होना पड़ा था। यदि शीघ्र ही समय रहते धान परिवहन में तेजी नहीं आई तो सोसाइटियो में सुखत से नुकसान की संभावना बढ़ने के आसार है।

ऐसे ही हाल प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र लच्छनपुर में देखने को मिल रहा है। इस उपार्जन केंद्र में लच्छनपुर ठेलकी धौराभाठा गबौद एवं गदहीडीह सहित 1033 किसानों से 52449 क्विंटल की धान खरीदी की गई थी। जिसमें से 25266 क्विंटल मिल ने एवं 20572 क्विंटल संग्रहण केंद्र ने परिवहन कर लिया है। वहीं वर्तमान की स्थिति में उक्त उपार्जन केंद्र में अभी 16156 धान का कट्टा यानी 6000 क्विंटल से भी अधिक की धान खुले आसमान के नीचे पड़े हुए हैं। उपार्जन केंद्र में पड़े 16 हजार धान कट्टा में से 11हजार कट्टा सग्रहण केंद्र को एवं 5 हजार कट्टा मिल को परिवहन किया जाना है। वहीं पिछले तीन माह से टी ओ कट जाने के बावजूद संग्रहण केंद्र तिल्दा के द्वारा धान का उठाव नहीं कर रहे हैं समिति प्रबंधक द्वारा पूछे जाने पर आजकल कहते हुए पिछले 3 माह से धान का उठाव नहीं कर रहे हैं इसी तरह का हाल मिल्क है जो पिछले एक सप्ताह से धान का परिवहन नहीं कर रहे हैं। धान का परिवहन नहीं होने से गर्मी के दिनों में खुले आसमान के नीचे पड़े रहने से धान में सुखत आना स्वाभाविक है। हमारे इस प्रतिनिधि ने उक्त उपार्जन केंद्र की वास्तविक जानकारी ली तो धान की कई बोरियों को चूहे कुतर दिए है। धान की बोरियों को चूहे के कुतरे जाने से धान बाहर निकल गए वहीं खराब भी हो रहे हैं। ऐसे में समिति प्रबंधक काफी परेशान एवं चिंतित हैं। समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों ने उक्त उपार्जन केंद्र से धान परिवहन में तेजी लाने की मांग की है।

इस संबंध में समिति प्रबंधक नरेंद्र यदु ने बताया कि तिल्दा नेवरा के संग्रहण केंद्र का पिछले 3 माह से टी ओ कट गया हैं उसके बावजूद धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। फोन लगाने पर गोल-गोल जवाब दे रहे हैं।

# टोनाटार में खुलेआम चल रहा अवैध शराब का कारोबार

## नशा व मांस मदिरा से दूर नवनिर्वाचित सरपंच से ग्रामीणों को बंद कराने की है आस

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**बलौदाबाजार।** भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोनाटार में लंबे समय से खुलेआम बिक रही अवैध शराब की बिक्री ने कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है। गांव में 5 से 6 जगहो पर खुलेआम हो रही अवैध शराब की बिक्री से जहां गांव में माहौल खराब हो रहा है वही युवा पीढ़ी नशे की लत की आदी होती जा रही है। जिससे कई परिवार उजड़ने की कगार पर है। ऐसा भी नहीं की गांव में खुलेआम बिक रही अवैध शराब के कारोबार की जानकारी आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन को न हो किंतु जानकारी के बावजूद भी अवैध शराब की बिक्री पर लगाम न लगने से आबकारी और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में खड़ी होती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों एवं भारत माता वाहिनी समूह की महिलाओं ने गांव में बिक रही अवैध शराब को बंद कराने को लेकर जिला पंचायत के पूर्व सभापति मुरारी मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन को भी अवगत करा चुके हैं उसके बावजूद शराब बिक्री बंद होने के बजाय और अधिक धड़ल्ले से बिक रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत टोनाटार में लंबे समय से चार पांच शराब कोचियो के द्वारा खुलेआम लोगों को शराब परोसा जा रहा हैं। आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के चलते नरवा पारा जैतखाम चौक प्रवेश द्वार के पास सरकारी कुआं के पास बगबुढ़वा तालाब के पास शराब कोचियो के द्वारा अवैध कारनामे को अंजाम दिया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रवेश द्वार के पास सुबह चार से पांच बजे के आसपास होटल खुल जाता है और इसी होटल के पास ही एक शराब कोचिया के द्वारा शराब बेचा जाता है। तड़के सुबह से ही इसी होटल के पास शराबियों का जमावडा रहता है। तड़के सुबह से होटल खोलना और शराबियों का जमावडा होना कई संदेह को जन्म देता है। इसी तरह का हाल सरकारी कुआं के पास रहता है जो शाम के वक्त शराबियों की भारी भीड़ इकट्ठा रहती है। वहीं अन्य जगहों पर भी खुलेआम शराब की अवैध बिक्री लंबे समय से हो रही है। कार्रवाई के अभाव में ही शराब कोचियो का हौसला बुलंद है जिससे गांव में अपराध और असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बैठक कर अवैध कारोबारियों को मना करने व दंडित करने के बाद भी इनके द्वारा पुलिस को अपने जेब मे रखने की बात कहने से भी नहीं चुकते हैं। महिलाओं का कहना है कि गांव में युवा वर्ग नशे की लत से अपना भविष्य बर्बाद कर रहे है लोग बाग सुबह से ही नशे में चूर रहते है जिससे कि कई घरों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग है।

इस संबंध में भाटापारा ग्रामीण थाना प्रभारी लखेश केवट ने कहा कि अवैध कारोबार करने वाले बक्से नहीं जाएंगे। कार्यवाही हो रहे हैं और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा।

# श्री ज्ञानेंद्रा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया हरियाणा का नेतृत्व

## सफलता उन्हीं को मिलती हैं जो खुद पर भरोसा करते हैं- बलिंद्

केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा



नरवानाष श्री ज्ञानेंद्रा पब्लिक स्कूल कालवन के विद्यार्थियों ने नेशनल कैम्प में हरियाणा का नेतृत्व करके गोल्डन एरो अवार्ड में परचम लहराया। श्री ज्ञानेंद्रा पब्लिक स्कूल कालवन के होनहार विद्यार्थियों ने इसी जुनून और कड़ी मेहनत के बल पर गधपुरी, पलवल में आयोजित राष्ट्रीय कैम्प में हरियाणा राज्य का नेतृत्व करते हुए नेशनल गोल्डन एरो अवार्ड समारोह में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पूरे हरियाणा से श्री ज्ञानेंद्रा पब्लिक स्कूल कालवन के छः विद्यार्थियों का चयन हुआ। चयन हुए कब और बुलबुल ने नैतिक मूल्यों, अनुशासन,

समाज सेवा, स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा और हस्तकला जैसी विभिन्न परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा का अद्भुत परिचय दिया।इन नन्हे सितारों की यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे राज्य व क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बनी। विद्यालय के प्रबंधक बलिंद्र नैन ने बताया कि बच्चों की मेहनत, समर्पण और अदम्य साहस ने यह साबित कर दिया कि सफलता उन्हीं को मिलती है, जो खुद पर भरोसा रखते हैं और अपनी क्षमताओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। यह सम्मान न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयाँ देगा बल्कि उनमें नेतृत्व, सेवा भावना और आत्मनिर्भरता के गुणों को और प्रबल करेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वीटी भाटिया ने बच्चों व परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि स्काउटिंग जीवन मूल्यों को उजागर करती है और एक सशक्त मानव बनने में सहायता करती है। हमारा उद्देश्य है कि बच्चे किताबों के साथ-साथ बाहरी जीवन को भी सिखे जिससे वह शारीरिक व मानसिक रूप से तन्दरूस्त हो सकें।

# बरसाना की लड्डू और लट्ठामार होली में सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों ने की समीक्षा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी



**मथुरा।** बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डू एवं लट्ठमार होली की तैयारियों को लेकर अधिकारियों एवं मंदिर के सेवायतों के साथ अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने समीक्षा की।

अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि नाले की तेजी के साथ साफ सफाई कर गंदगी को बाहर फेंका जाए। विद्युत विभाग के अधिकारी लट्ठे/खंभों का निरीक्षण करें और प्लास्टिक से कवर चढ़ाया जाए। विद्युत का बैकअप रखें। पोल की प्लास्टिक रैपिंग का कार्य, ट्रांसफार्मर की बैरीकेडिंग, जर्जर/ लटके तारों को व्यवस्थित किया जाए। बरसानावासी अपने घरों में पर्यटकों/ श्रद्धालुओं को अनावश्यक अंदर न रखें, छतों पर न चढ़ने दे और पुलिस तथा जिला प्रशासन का सहयोग करें।

अधिशासी अधिकारी बरसाना कल्पना वाजपेई ने जानकारी दी कि बरसाना में 32 जर्जर भवन चिन्हित किए गए हैं, सबको नोटिस जारी किया गया है। बरसाना वासी आपने घरों की छतों पर लोगों को बिठा लेते हैं, उक्त के लिए सभी को मना किया गया है। होली के इस उत्सव में देश ही नहीं विदेशी भी शामिल होते है। आई.जी. दीपक कुमार ने कहा कि ऐसे में यहाँ पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं से विन्रम, सरल एवं मृदुल व्यवहार रखें। श्रद्धालु मथुरा की अच्छी छवि लेकर जाए। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी हुरियारों के पास बनाए जाएंगे, जिससे हुरियारों में कोई संदिग्ध व्यक्ति शामिल न हो सके। सभी सेवायत पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें, जिससे हम और आप मिलकर इस होली को सकुशल तथा शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। ए.डी.जी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि दो पहिया वाहनों की पार्किंग भी निर्धारित की जाए, एक पार्किंग भरने पर दूसरी पार्किंग को भरने हेतु पुख्ता प्लान होना चाहिए। मंदिर में ऑक्सीजन सिलेंडर रखें, पुरुष और महिलाओं की अलग अलग लाइन बनाने की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाए, हुरियारों के सभी आवागमन के मार्गों का निरीक्षण कर लें। सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी, प्राइवेट आदि लोग जो होली की ड्यूटी में लगे हैं, उनको अपने ड्यूटी प्वाइंट पर जाने दें। टीम भावना के साथ इस होली को सम्पन्न कराया जाएगा, खोया पाया केंद्र का पूरा पता प्रचलित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, छाता स्वेता, सीओ गोवर्धन आलोक सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय कुमार, सी.एम.ओ डॉ अजय कुमार वर्मा, संजय गोस्वामी पूर्व रिसीवर मंदिर श्री लाडली जी महाराज सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# भूपदेवपुर पुलिस और आबकारी विभाग ने अवैध शराब पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

### देशी, अंग्रेजी शराब के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

सुरेन्द्र बघेल, दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**28 फरवरी, रायगढ़।** कल भूपदेवपुर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम गुढकुर्री और बिलासपुर में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में महुआ शराब और अंग्रेजी शराब जब्त की।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बिलासपुर में संतोषी चौहान (35) के घर पर दबिश दी गई, जहां उसकी बाड़ी में छिपाकर रखी गई 22 पाव आई कान अंग्रेजी शराब और 4 पाव रॉयल लेजेंड अंग्रेजी शराब बरामद की गई। कुल 4.680 लीटर शराब की कीमत 3,540 रुपये आंकी गई है। वहीं, ग्राम गुढकुर्री में फूलसाय राठिया (51) के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 2,000 रुपये है। आरोपी अपने बाड़ी में अवैध शराब बिक्री के लिए भंडारित किए हुए था। इसके अलावा, ग्राम बिलासपुर में लक्ष्मीन सवरा (61) के घर छापा मारकर 7 लीटर महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 700 रुपये बताई जा रही है।

इसी प्रकार, गुढकुर्री में ही पुरन यादव (20) को पुलिस ने शराब ले जाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के पास से 15 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। दोनों महिला और पुरुष पर थाना भूपदेवपुर में आबकारी एक्ट के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की गई है । वहीं संयुक्त टीम ने गांव आसपास छापेमारी कर जंगल में अवैध शराब बनाने रखे महुआ लहान का मौके पर नष्टीकरण किया गया है ।पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव, आबकारी उप निरीक्षक रागिनी नायक, जितेश नायक, अंकित अग्रवाल, कुशल पटेल, प्रधान आरक्षक जगदीश नायक, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, सत्यम पटेल, जगमोहन ओग्रे, बोधराम सिदार, महिला आरक्षक गौरी सिदार सहित आबकारी विभाग के अधिकारी शामिल रहे। भूपदेवपुर पुलिस और आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

# नवनिर्वाचित जनपद सदस्य चंद्रिका तुलसी मनहरे ने मतदाताओं का जताया आभार

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**बलौदाबाजार।** हाल ही में 23 फरवरी को हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के मतदान में जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र क्रमांक 22 में ग्राम पंचायत धनगांव के पूर्व सरपंच तुलसी मनहरे की धर्मपत्नी चंद्रिका मनहरे ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए जनपद सदस्य पद के लिए निर्वाचित हुई। उल्लेखनीय है कि जनपद सदस्य के प्रत्याशी चंद्रिका तुलसी मनहरे को ग्राम पंचायत धनगांव से 386 वोट ग्राम पंचायत बिटकुली से 979 ग्राम पंचायत लवनबन से 510 ग्राम पंचायत पनगांव से 909वोट मिले इस तरह कुल मिलाकर 2784 मत मिले और 1648 मतों से विजय प्राप्त हुआ। वही उनके निकटतम प्रत्याशी नैना देवी घृतलहरे को 1136 वोट श्रीमती मालती को 1129 वोट एवं सीमा अवधेलिया को 1000 मत प्राप्त हुए। जनपद सदस्य के लिए निर्वाचित चंद्रिका तुलसी मनहरे मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे जीत दिलाई है उस विश्वास पर खरा उतरने हर संभव प्रयास करूंगी।

# खेत पर रखवाली करने गए युवक के साथ मारपीट एवं मोवाइल छीना

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत



**पीलीभीत**-बरखेड़ा।थाना क्षेत्र में एक किलोमीटर दूरी पर खेत की रखवाली कर रहे 19 वर्षीय युवक के साथ मारपीट कर मोवाइल लूट ले गए।क्षेत्र के गाँव मोहम्मदगंज अमिखिड़या निवासी लोकराज ने बताया कि कल गुरुवार को रात 8 बजे के लगभग मेरा पुत्र अजय प्रताप सिंह खेत की रखवाली करने गाँव के पास पीलीभीत बीसलपुर मुख्य मार्ग पर नहर की पुलिया पर गया था। तभी रात 9 बजे के लगभग तीन अज्ञात नकाबपोश एक बाइक से उसके पास आ कर रुके और पकड़ कर उससे रुपये की मांग करने लगे। मना करने पर हाथ मे थमा टच मोबाइल छीन लिया विरोध करने पर तीनों नकाबपोश ने लात घुसो ब डंडे से पीटकर मोबाइल लेकर भाग गये। पीड़ित युबक अजय प्रताप सिंह ने पास से गुजर रहे राहगीर के मोबाइल से परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया परिजनों के साथ थाने पहुंच कर थाना पुलिस को अज्ञात लुटेरों के खिलाफ तहरीर दी।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## 8 वर्षीय बच्चे का एम्स में सफलतापूर्वक इलाज किया



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायबरेली में एक 8 वर्षीय बच्चे का सफलतापूर्वक इलाज किया गया, जो गुलिन-बैरी सिंड्रोम नामक एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकार से पीड़ित था।इस बच्चे को लगभग 5 महीने तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा, जिसमें से 2 महीने से अधिक समय तक वह वेंटिलेटर पर था। डॉ. नमिता मिश्रा के नेतृत्व में क्कृष्ट टीम ने गहन और नवीन उपचार पद्धतियों का उपयोग कर इस बच्चे का इलाज किया। इस इलाज में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की मदद से बच्चे का पूरा खून बदला गया, ईएनटी विभाग की मदद से ह्लह्ड्डष्द्धद्गश्ह्यह्लश्द्व4 किया गया और पीडियाट्रिक सर्जरी, पीएमआर और रेडियोलॉजी विभागों का भी सहयोग लिया गया। लगातार इलाज और विशेष देखभाल के बाद, बच्चा पूरी तरह से ठीक हो गया और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह सफल उपचार न केवल चिकित्सा जगत में उम्मीद जगाता है, बल्कि यह अन्य ऐसे मामलों के लिए भी मार्गदर्शक साबित होगा।

## अनूप सारस्वत बने एमएलसी प्रतिनिधि मथुरा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी



**मथुरा ।** भारतीय जनता पार्टी के युवा एवं वरिष्ठ नेता अनूप सारस्वत को मथुरा, एटा, मैनपुरी, कासगंज के सदस्य विधान परिषद सदस्य आशीष यादव ने अपना प्रतिनिधि नामित किया है। इनके मनोनीत होने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में हर्ष व्यक्त किया है। संजय गोयल विजय शर्मा श्याम शर्मा जिला अध्यक्ष निर्भय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। पूर्व में अनूप सारस्वत भारतीय खाद्य निगम राज्य सलाहकार सदस्य एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

## रायगढ़ पुलिस विभाग में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी, 107 पुलिस कर्मियों का तबादला




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सुरेंन्द्र बघेल

**रायगढ़।** नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव समाप्त होते ही रायगढ़ जिले में पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने विभाग में व्यापक प्रशासनिक सर्जरी करते हुए 107 पुलिसकर्मियों के तबादले का आदेश जारी किया है। इस तबादला सूची में 2 उप निरीक्षक, 5 सहायक उप निरीक्षक, 16 प्रधान आरक्षक और 84 आरक्षक शामिल हैं। यह कदम पुलिस प्रशासन में कार्यक्षमता बढ़ाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना बरखेड़ा का किया औचक निरीक्षण



केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत-बरखेड़ा।** पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने शुक्रवार को बरखेड़ा थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुर्सी टूटी हुई पड़ी देख तत्काल हटवाने के लिए निर्देशित किया गया वही थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला/साइबर हैल्पडेस्क एवं हवालात आदि का निरीक्षण किया।इस दौरान थाने के सभी पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## एडीजी आगरा जोन ने परखीं श्रीकृष्ण जन्मभूमि की व्यवस्थाएं



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

**मथुरा।** ब्रज में होली को लेकर देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आज अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर परिसर का भ्रमण कर पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। शुक्रवार दोपहर एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने होली पर्व को लेकर ब्रज में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुये सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र आगरा दीपक कुमार, जिलाधिकारी सीपी सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांड़े द्वारा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर व आस-पास के क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया और श्रीकृष्ण जन्मभूमि कन्ट्रोल रुम के सभागार में पुलिस प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# महाकुंभ में तैनात पुलिस कर्मियों अवकाश और बोनस की सौगात

### रामनगरी में पुलिसकर्मी मलते रह गए हाथ-

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी
रंजीत सिंह राठौर



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कुम्भ मेले के सफल समापन के बाद मेले में तैनात सभी पुलिसकर्मियों को दस हजार रुपये का बोनस एवं एक सप्ताह का अवकाश देने का आदेश एक सम्बोधन के दौरान गुरुवार को कुम्भ मेले के सकुशल समापन के बाद खुले मंच से दिया गया , जिसके बाद एक ओर जहां कुम्भ मेले में तैनात समस्त पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गयी तो वही राम नगरी में तैनात पुलिसकर्मियों में मायूसी सी छाई है , रामनगरी में भव्य राम मंदिर के निर्माण से अभी तक कई करोड़ श्रद्धालुओं की आवभगत रामनगरी अयोध्या में हुई है जो निरंतर जारी है जहां महज डेढ़ माह के महाकुंभ में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा अवकाश एवं बोनस देने की घोषणा की गई है तो वही अयोध्या में तैनात पुलिसकर्मियों को कुछ हांथ नही आया , यह वही रामनगरी है जहाँ राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के समय समूचे

भारत देश एवं विदेशों की बड़ी से बड़ी से हस्तियों ने एक साथ रामनगरी में उपस्थित होकर प्राण प्रतिष्ठा की अनुपम और अमिट इतिहास की साक्षी बनी थी , जिस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री मंत्री से लेकर कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री एवं उप-मुख्यमंत्री, एवं मंत्रिमंडल के सदस्य विधायक व सांसदगण एक साथ उपस्थित हो इसके अलावा बॉलीवुड ,हॉलीवुड एवं दक्षिण भारत के सुप्रसिद्ध सिनेमा कलाकारो के साथ साथ भारतीय क्रिकेट जगत के बड़े सितारे एक साथ एक ही स्थान पर मौजूद रहे हो इतने पर ही अभी रुकने वाली बात नही है जिस ऐतिहासिक पल के साक्षी समूचे भारत देश के रामभक्त बने हो , ज़रा सोंचिये कितना विकराल दृश्य वह रहा होगा , इसके साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही लगातार लाखो करोड़ो की संख्या में रामभक्तों का आगमन आज तक रामनगरी में हो रहा है जनपद में तैनात पुलिस कर्मी 24 घण्टे यातायात व्यवस्था एवं प्रबंधन व अति विशिष्ट एवं विशिष्ट व्यक्तियों की सेवा भाव मे लगे है बावजूद इसके वहां तैनात पुलिसकर्मियों को सूबे के मुखिया के द्वारा उनके सराहनीय कार्यो की न तो प्रसंशा की गई और न ही उन्हें किसी प्रकार की सराहना राशि या अवकाश की घोषणा की गई जिसको लेकर जनपद में आज तरह तरह की बातें और विरोध के स्वर अंदर ही अंदर जनपद अयोध्या में तैनात पुलिसकर्मियों में उठने लगे हालांकि अनुशाषित विभाग होने के चलते कोई अपनी व्यथा सार्वजनिक नही कर पा रहा है किंतु रामनगरी में तैनात पुलिसकर्मियों ने जो उम्मीदों सूबे के मुखिया से लगा रखी थी वह जरूर दम तोड़ती हुई नजर आ रही है , हालांकि विभागीय जानकारों से जब इस बाबत सवाल पूँछे गए तो उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस बल में तैनात प्रत्येक पुलिसकर्मी को उसकी रैंक के अनुसार पर्याप्त वेतन प्रतिमाह समय से मिल।जाता है किंतु यह एक आम धारणा है कि जब कोई भी व्यक्ति भले ही वह पुलिसकर्मी क्यो न हो क्योंकि है तो पुलिस कर्मी भी मनुष्य ही तो उन्हें भी यह मानसिक रूप से आभास होता है कि उन्होंने लगातार आवश्यकता एवं तय समय सीमा से हर रोज अधिक मेहनत और मशक्कत की है तो उनका इस हेतु उत्साहवर्धन किसी भी माध्यम से किया ही जाना चाहिए , जनपद में तैनात कई पुलिसकर्मियों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया की महाकुम्भ में तैनात पुलिसकर्मियों से कहीं अधिक मेहनत और मशक्कत प्रतिदिन रामनगरी में तैनात पुलिसकर्मी कर रहे है तो ऐशे में मुख्यमंत्री जी को हम सब के बारे में भी अवश्य विचार करना चाहिए , कई पुलिसकर्मियों ने बताया कि जबसे उनकी आमद जनपद अयोध्या में हुई है तब से वह और ज्यादा शारिरिक रूप से दुर्बल हो गए है बावजूद इसके हुक्मरानों की नजर पता नही उन पर क्यो नही पड़ती है , गुरुवार को महाकुम्भ के सफल समापन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो अपने वक्तव्य में कहा उसमें महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में सेवाएं देने वाले अधिकारियों और जवानों को सरकार द्वारा फेज वाइज एक सप्ताह का अवकाश ,उत्कृष्ट सेवाओं के लिए %महाकुम्भ सेवा मेडल% और प्रशस्ति-पत्र के साथ- साथ उत्तर प्रदेश पुलिस के जो भी अराजपत्रित पुलिस कार्मिक इस आयोजन के भागीदार बने हैं, उनको दस हजार रुपयों का एक स्पेशल बोनस भी दिया जाएगा ।।

# विज्ञान दिवस पर बच्चों को दी गई चंद्रयान 3 की जानकारी

केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव



**एटा** जनपद के विकासखंड अलीगंज स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान दिवस मनाया गया। चंद्रयान 3 डी विषय पर मुख्य फोकस रहा। इसके माध्यम से छात्र- छात्राओं को अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों से रूबरू कराया गया। चंद्रयान 3 पर एक सूचनात्मक सत्र से विज्ञान दिवस की शुरुआत हुई। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को चंद्रयान 3 के मिशन, उद्देश्य और चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के बारे में बताया गया। चंद्रयान 3 का एक 3 डी मॉडल प्रदर्शित किया गया, जिससे छात्रों को इसकी संरचना की कल्पना करने और इसके प्रमुख घटकों को समझने में मदद मिली। इसके अतिरिक्त एक इंटरैक्टिव 3 डी वीडियो की प्रस्तुति ने मिशन को जीवंत कर दिया। जिससे छात्रों को अंतरिक्ष अन्वेषण का एक आभासी अनुभव मिला।

कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए, विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें क्विज, आर्किमिडीज सिद्धांत, पानी का घनत्व, न्यूटन का पहला नियम, न्यूट्रलाइज़ेशन प्रतिक्रिया, प्रकाश का अपवर्तन और सतही तनाव जैसे कुछ प्रयोगों का प्रदर्शन भी किया गया। इस बीच शिक्षक मंडल के मार्गदर्शन में अंतरिक्ष अनुसंधान के भविष्य पर चर्चा भी की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक विशेष सत्र था जिसमें बच्चों ने चंद्रमा की सतह के नकली दृश्यों का अनुभव करने के लिए 3 डी चश्मे का उपयोग किया। जिससे सीखना मजेदार और मनोरंजक दोनों बन गया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के चमत्कारों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम ने सफलतापूर्वक भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों के प्रति जिज्ञासा और गर्व की भावना जगाई। जिससे विज्ञान दिवस शैक्षिक और यादगार दोनों बन गया।समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव डायट प्राचार्य एवं डॉक्टर होम सिंह शाक्य संस्थापक शिवपाल सिंह यादव प्रबंधक गौरव यादव, प्रधानाचार्य प्रभुदान सिंह, छोटे सिंह यादव, राजीव यादव अमरेश सिंह राठौड़ दिनेश चंद्र दीक्षित साहिद खान एवं समस्त अध्यापक गढ़ मौजूद रहे ।

# बहन की डोली उठने से पहले भाई की उठी अर्थी

### जलेसर में दो बाइक आपस में टकराई दो की मौत दो घायल आगरा रेफर







केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के सकरौली थाना क्षेत्र में जलेसर फिरोज़ाबाद मार्ग पर एक दर्दनाक सडक हादसा हुआ बृजपुर गांव के पास दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगो की मौत हो गई हादसे में दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं मृतक शिवा 21 वर्ष धर्मपुर सकरौली का निवासी था उसकी बहन श्वेता की शादी अगले दिन होनी थी घर में मांगलिक कार्यक्रम चल रहे थे दूसरा मृतक अरबाज 22 वर्ष फिरोजाबाद के नैनी चौराहा मसरूरगंज का रहने वाला था उसने दो महीने पहले मिस्टर फिरोजाबाद का खिताब जीता था उसकी शादी आगामी ईद के बाद होनी थी घायलों में शिवा के मामा का बेटा राहुल 19 वर्षीय और फैजान है राहुल रजावली गांव आ रहा था फैजान और अरबाज जलेसर में चल रहे उर्स कार्यक्रम देखकर रात 3:00 बजे घर लौट रहा था तभी सामने से आ रही बाइक की भिड़ंत हो गई एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की दोनों मृतकों के शव और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलेसर में भर्ती कराया गंभीर रूप से घायल राहुल को आगरा रेफर कर दिया गया है।

# छात्र - छात्राओं की सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है : विनीत सिंह

### शुक्रवार को दर्जनों विद्यालय पहुंचकर कोतवाल ने लगवाया बैरियर, विद्यालय में यातायात नियम का पाठ पढ़ाने की बात कही

गणेश वर्मा - ब्यूरो चीफ कौशाम्बी
केसरिया हिंदुस्तान




कौशाम्बी।पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के आदेश के अनुपालन के क्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश में की गई कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।करारी कस्बा सहित क्षेत्र में चार दर्जन निजी एवं अर्ध-सरकारी विद्यालय और कॉलेज बने हुए है।पूर्व में कई बार विद्यालय से छुट्टी होने के बाद छात्र - छात्रा सड़क दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं।थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह द्वारा एक माह से किए जा रहे अथक प्रयास और मेहनत सफल हो गया है।माह भर पहले विनीत सिंह ने निजी एवं अर्ध-सरकारी विद्यालयों और कॉलेजों की प्रबंधक समितियों के साथ संवाद कर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल के तहत, स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके आवागमन वाले मार्गों पर बैरियर लगाने का कार्य पूर्ण होता जा रहा है।

शुक्रवार को करारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों से मिलकर जरूरत के मुताबिक बैरियर लगवा कर सड़क दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास किया है।इसके साथ ही संबंधितों को अपने अपने विद्यालय के छात्र येछात्राओं को प्रतिदिन यातायात के बारे में पाठ पढ़ाने की बात कही।इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालयों के आसपास से बड़े एवं छोटे वाहन तेज़ गति से गुजरते हैं।जिससे छात्र - छात्रों की सुरक्षा को खतरा रहता है।तेज़ गति से वाहन चलाने वाले चालकों को संकेत देने के लिए सुरक्षा बैरियर लगाया जा रहा है।जिन पर 卐आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें卐 जैसे निर्देश अंकित करवाए गए हैं।इस निर्णय को लागू करने से पहले विद्यालयों, कॉलेजों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय संपर्क व्यक्तियों से व्यापक चर्चा की गई है। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह कदम व्यवहारिक और प्रभावी हो सके। उन्होंने बताया कि इन बैरियरों पर विद्यालयों के नाम भी दर्ज किए गए हैं।ताकि वाहन चालकों को यह एहसास हो कि वे अपने बच्चों के विद्यालय मार्ग से गुजर रहे हैं, जिससे वे अधिक सतर्कता बरत सकें।इससे स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा बढ़ेगी।सड़क पर तेज़ रफ्तार से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। साथ ही स्थानीय समुदाय और प्रशासन के बीच समन्वय मजबूत होगा।यह थाना करारी प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है, जो विद्यालयों के सहयोग से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी साबित हो रहा है।करारी कोतवाल द्वारा उठाए गए इस सराहनीय कदम की प्रशंसा क्षेत्रवासियों सहित जिले के संभ्रांत लोग कर रहे हैं।

# पीलीभीत में डबल डेकर बस और ट्रक की टक्कर, 50 घायल 8 की हालत गंभीर



दैनिक केसरी हिंदुस्तान
संवाददाता वीरू गौतम

पीलीभीत शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ लुधियाना से गोंडा जा रही डबल डेकर बस की ट्रक से सीधी टक्कर हो गई हादसे में बस में सबार 50 लोग घायल हो गए घटना सुबह 5:00 पूरनपुर थाना गोमती गुरुद्वारे के पास की है बस में करीब 100 अधिक यात्री सवार थे टक्कर इतनी जबरदस्ती की 50 लोग घायल हो गए इनमें से 8 लोगों की हालत गंभीर है सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गयागंभीर रूप से घायल राजन मिश्रा, आनंद, गीता देवी, राजकुमार ,संतोष कुमार ,उषा ,संजय ,और प्रिंस अस्पताल में भर्ती किया गया इनमें से राजन मिश्रा और संतोष और प्रिंस की हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण उन्हे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया पुलिस मौके पर पहुंचकर क्षत्रिग्रस्त वाहनों को हटावया और आवगमन बहाल किया पुरनपुर थाना अध्यक्ष नरेश कुमार त्यागी के अनुसार पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है

# डॉ. संदीप के मुख्य आतिथ्य में बुंदेलखंड कॉलेज में द्विदिवसीय खेल महोत्सव का हुआ उद्घाटन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से
प्रदीप शर्मा झांसी




**झाँसी।** बुन्देलखण्ड कॉलेज में दिनाँक 28/02/2025 द्विदिवसीय खेल महोत्सव का उद्घाटन प्राचार्य प्रो0 एस0के0 राय की अध्यक्षता में किया गया। उद्घाटन नगर के प्रतिष्ठित समाज सेवी डॉ0 संदीप सरावगी के मुख्य आतिथ्य तथा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, उद्घोषक आफाक अहमद खान तथा राष्ट्रीय एथलीट खिलाड़ी अर्जुन सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।अतिथियों के आगमन पर तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्वलित कर खेलों की शुरुआत की गई। आज छात्र-छात्राओं की 100 मीटर रेस के अतिरिक्त वॉलीबल प्रतियोगिता का भी समानान्तर आयोजन किया गया जिसमें टीम बीलू के कप्तान अरमान मंसूरी ने 20-44 से मैच जीता। परिसर स्थित क्रिकेट मैदान पर बुन्देलखण्ड कॉलेज शिक्षक वर्ग एवं गौरी फाउंडेशन के बीच 16-16 ओवर का मैत्री मैच हुआ, जिसमें टॉस जीतकर बुन्देलखण्ड कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन बनाये। डॉ0 रहीस अली ने आल राउंड प्रदर्शन करते हुए 86 रन 38 बॉल में बनाये एवं 05 विकेट प्राप्त किया। अन्य शिक्षक खिलाड़ियों में कैप्टन डॉ0 उमेश चन्द्र यादव, ने 09 बॉल में 36 रन बनाकर नोट आऊट रहे, डॉ0 विवेक कुमार सिंह, एवं डॉ0 मयंक त्रिवेदी ने शानदार प्रदर्शन किया। दूसरी टीम गौरी फाउंडेशन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रजेन्द्र यादव ने 45 रन, हीतेश ने 39 रन बनाये मात्र 160 रन बनाकर आल आऊट हो गयी। इस तरह बुन्देलखण्ड कॉलेज शिक्षक टीम विजयी रही। मैन ऑफ द मैच डॉ0 रहीस अली रहे। मंच से संबोधित करते हुए डॉक्टर संदीप ने कहा आज के आपाधापी भरे युग में व्यक्ति अपनी निजी व्यस्तता में अपना सारा दिन व्यतीत कर देता है व्यायाम और खेलों की तरफ लोगों की रुचि कम होती जा रही है शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल व व्यायाम दोनों ही आवश्यक हैं। हमें अपना कुछ समय निकालकर व्यायाम और खेलों में भी रुचि लेना चाहिए। हमारा संगठन संघर्ष सेवा समिति खेलों में रुचि लेने वाले खिलाड़ियों के लिए भी कार्य कर रहा है हमारा उद्देश्य है कोई भी खिलाड़ी किसी अभाव में अपना खेल कौशल प्रदर्शित करने से न चूक पाये। हम अब तक कई खिलाड़ियों का खेल सामग्रियों व आर्थिक रूप से सहयोग कर चुके हैं आगे भी हम यह कार्यक्रम अनवरत जारी रखेंगे। इस अवसर पर खेल मैदान में प्रो0 जितेन्द्र कुमार तिवारी, प्रो0 नूतन अग्रवाल, प्रो0 ज्योति वर्मा, प्रो0 उमारतन यादव, प्रो0 संजय सक्सैना, प्रो0 एल0सी0 साहू, प्रो0 नवेन्द्र कुमार सिंह, प्रो0 नीलम सिंह, डॉ0 ब्रजेश मिश्रा आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। खेल सचिव डॉ0 ए0पी0एस0 गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया।